हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

**रोहन बोपन्ना ने ली रिटायरमेंट, बोले-मैंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल लिया**

Page 10

देश

**सीएम धामी ने टिहरी में आपदा राहत शिविर में प्रभावितों से बातचीत कर जाना उनका हाल-चाल**


कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 31 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 231 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 63,200 | ₹84,500 |

## आज का इतिहास

- 2010 : बाढ़ से पाकिस्तान में 900 लोगों की मौत हुई।
- 1865 : दुनिया की पहली संकीर्ण गेज मेनलाइन रेलवे ग्रैंडशेस्टर ऑस्ट्रेलिया में खोला गया।

## न्यूज बाइट्स

### औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा का परिणाम जारी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी समिति की वेबसाइट https://secondary.biharboardonline.com पर परीक्षाफल देख सकते हैं। परिणाम देखने के लिए अभ्यर्थियों को अपना रोल कोड, रोल नंबर, जन्मतिथि और कैप्चा कोड डालकर लॉगिन करना होगा।

### झारखंड के नए राज्यपाल संतोष गंगवार पहुंचे रांची

**रांची (नि.सं.)।** रांची-झारखंड के मनोनीत राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट परिसर में मनोनीत राज्यपाल संतोष गंगवार का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री बेबी देवी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# केरल : भूस्खलन से भारी तबाही, 119 की मौत

## 400 लापता, चार गांव बहे, सेना बुलाई गई, बारिश की वजह से एयरफोर्स का हेलिकॉप्टर लौटा, 116 अस्पताल में

एजेंसी | नई दिल्ली

केरल के वायनाड में तेज बारिश की वजह से सोमवार की देर रात 4 अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। इसमें 4 गांव बह गए। घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां भी बह गईं। अब तक 119 लोगों की मौत हो चुकी है। 116 अस्पताल में हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबर है। घटना देर रात 2 बजे की है। रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। कन्नूर से आर्मी के 225 जवानों को वायनाड के लिए रवाना किया गया है। इसमें मेडिकल टीम भी शामिल है। इसके अलावा एयरफोर्स के 2 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए भेजे गए हैं। हालांकि बारिश की वजह से दोनों हेलिकॉप्टर को कोझिकोड लौटना पड़ा।

वायनाड के 4 गांव- मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में लैंडस्लाइड की घटना हुई है। 5 साल पहले 2019 में भी भारी बारिश की वजह से इन्हीं गांवों में लैंडस्लाइड हुई थी, जिसमें 17 लोगों की मौत हुई थी। 5 लोगों का आज तक पता नहीं चला। 52 घर तबाह हुए थे। वायनाड का मुंडक्कई गांव लैंडस्लाइड की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां रेस्क्यू टीम अब तक नहीं पहुंच सकी है। एनडीआरएफ की एक टीम पैदल चलते हुए यहां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुंडकाई में करीब 250 लोगों के फंसे होने की खबर है। यहां कई घर बह गए है। यहां 65 परिवार रहते थे। यहीं पास के एक टी एस्टेट के 35 कर्मचारी भी लापता हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष समशाद मरईक्कर ने बताया कि मुंडक्कई सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता है। मोबाइल नेटवर्क भी ठप है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्क्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल ने जताया दुख

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटनाओं में कई लोगों के हताहत होने पर दुख व्यक्त किया है। श्री नड्डा ने मंगलवार को एक्स पर कहा कि केरल के वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन से बहुत दुखी हूँ। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा हूँ। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें। केरल भाजपा अध्यक्ष और वायनाड से भाजपा उम्मीदवार के. सुरेंद्रन घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने भाजपा की सभी राज्य इकाई के कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि पार्टी की राज्य इकाई के दिशानिर्देशों के अनुसार बचाव प्रयासों में सहायता तथा संकट में फंसे लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करें।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की मुआवजे की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केरल के वायनाड में भूस्खलन में जन-धन की हानि पर दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। श्री मोदी ने इन हादसों में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### अमित शाह ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से बात कर वायनाड में भूस्खलन के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा केन्द्र की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग़ृह मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि श्री शाह ने श्री विजयन के साथ टेलीफोन पर बात कर हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी ली है।

# हावड़ा-मुंबई मेल पहले से डिरेल मालगाड़ी से टकराई

## 18 डिब्बे पटरी से उतरे, दो की मौत, 22 घायल

निज संवाददाता | जमशेदपुर

झारखंड के जमशेदपुर में मंगलवार सुबह 3.43 बजे 12810 मुंबई-हावड़ा मेल पहले से डिरेल हुई मालगाड़ी से टकरा गई। घटना के बाद मेल की 18 बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 घायल बताए जा रहे हैं। इनमें चार रेलवे के कर्मचारी भी शामिल है। घायलों का इलाज चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान ओडिशा के राउलकेला निवासी अभिराम सामल के बेटे अजीत सामल (35) और ओडिशा के राउलकेला निवासी स्वर्गीय शंकर राव के बेटे विकास राव (30) के रूप में हुई है। पैसेंजर ट्रेन का इंजन डिरेल हुई मालगाड़ी की बोगी से टकराया। इसके बाद ट्रेन के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा राजखरसवां और बड़ाबाम्बो के बीच हुआ। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख का मुआवजा देना का ऐलान किया है। वहीं गंभीर रूप से घायल 6 यात्रियों को 5-5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा।

चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि रेलवे की दुर्घटना राहत ट्रेन और एंबुलेंस घटनास्थल पर मौजूद है। घायलों को चक्रधरपुर स्थित रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि रेलवे की दुर्घटना राहत ट्रेन और एंबुलेंस घटनास्थल पर मौजूद है। घायलों को चक्रधरपुर स्थित रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दिल्ली कोचिंग हादसा : एक्शन में पटना प्रशासन

# 20 हजार कोचिंग की होगी जांच

- दिल्ली के हादसे में तीन छात्रों की मौत हुई थी, जिनमें एक छात्रा बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली थी।

निज संवाददाता | पटना

दिल्ली के आईएएस कोचिंग में हुए हादसे के बाद पटना जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पटना डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने जिले में चल रहे 20 हजार से ज्यादा कोचिंग संस्थानों के जांच के आदेश दे दिये हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया है जिनमें नगर परिषद या नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड या अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, थाना प्रभारी, अग्निशमन पदाधिकारी और अंचलाधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह में जांच की रिपोर्ट टीम सौंपेगी। रिपोर्ट में यदि कोचिंग मानक के अनुरूप नहीं मिले तो उन्हें बंद किया जायेगा। टीम ने आज कई स्थानों पर जांच भी की है। बता दें कि बिहार में पटना राज्य भर के छात्रों के लिए सबसे बड़ा पढ़ाई का सेंटर है। यहां दूसरे शहरों और गांवों से लाखों की संख्या में छात्र आकर मेडिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा से लेकर सिविल सर्विसेज तक की तैयारी करते हैं। पटना के डीएम ने बताया कि आज से जांच कार्य शुरू कर हो गयी है। टीम को दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। बता दें कि दिल्ली के कोचिंग संस्थान में हुए हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गयी थी। इसमें एक छात्रा तान्या सोनी बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली है। समझा जा रहा है कि इस पहले से राजधानी में कोचिंग संस्थान मानक के अनुरूप नहीं चलने वाले कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

# खनिज परिवहन वाहनों पर कल से निबंधन संख्या लिखना अनिवार्य

निज संवाददाता | पटना

बालू समेत अन्य लघु खनिज की चोरी रोकने के लिए खनिज परिवहन वाहनों को पहली अगस्त से अपने वाहनों पर अनिवार्य रूप से वाहन निबंधन और निबंधन साफ्ट में दर्ज संख्या निबंधन संख्या अलग से लिखी होगी। ऐसा नहीं किए जाने की अवस्था में खनिज ढोने वाले वाहनों को सरकार चालान जारी नहीं करेगी। यही नहीं, ऐसे वाहनों पर वाहनों पर जुर्माना लगाया जाएगा या फिर जब्त भी किया जा सकेगा। राज्य में बालू समेत अन्य लघु खनिज की तस्करी, नदियों से अवैध खनन के मामले बीते कुछ वर्षों में लगातार बढ़े हैं। जिस वजह से सरकार को राजस्व का नुकसान भी उठाना होता है। समस्या से निदान के लिए समय-समय पर कई कदम उठाए गए हैं। बीते दिनों एक समीक्षा बैठक में राज्य सरकार की ओर से यह निर्णय लिया गया कि लघु खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों को अनिवार्य रूप से अपने वाहन पर निबंधन संख्या दर्ज करनी होगी। खान एवं भू-तत्व विभाग ने पूर्व में पहली जुलाई से इस व्यवस्था को प्रभावी बनाया था, परंतु वाहन मालिकों के आग्रह को देखते हुए सरकार ने इस आदेश में संशोधित करते हुए पहली अगस्त से इस नियम को प्रभावी बनाने का आदेश दिया। ऐसा होने से वाहनों को दूर से पहचाना जा सकेगा और अवैध तरीके से खनन ढोने वाले वाहनों पर अंकुश लगाया जा सके।

### क्या है सरकार का आदेश?

आदेश के अनुसार, पहली अगस्त से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के चारों तरफ लाल रंग की 20 इंच चौड़ी पट्टी पेंट करके उस पर सफेद रंग से छह इंच चौड़े फांट साइज के शब्दों में खनन वाहन निबंधन संख्या और निबंधन साफ्ट संख्या लिखनी होगी।

# बिहार के 36 जिलों में रोजगार मेला लगाकर बांटी जाएंगी नौकरियां

- 27 सितंबर को औरंगाबाद, 13 दिसंबर को अरवल में लगेगा रोजगार मेला

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने जिलों में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मेला सितंबर से शुरू होकर दिसंबर तक संपन्न हो जाएगा। मेले की शुरुआत बक्सर से होगी। श्रम संसाधन विभाग ने जिला स्तरीय रोजगार मेले का समेकित कार्यक्रम (वार्षिक कैलेंडर) जारी कर दिया है। रोजगार मेला को लेकर विभाग के निदेशक (नियोजन एवं प्रशिक्षण) श्याम बिहारी मीना ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए प्रयास करेंगे। अधिकारियों को मेले के सफल आयोजन की तैयारियों से निदेशालय को समय रहते अवगत कराना होगा। साथ ही मेले के आयोजन को लेकर निदेशालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का भी सख्ती से पालन करना होगा। इस वर्ष कैमूर और रोहतास में पहले ही रोजगार मेले का आयोजन किया जा चुका है। इसलिए विभाग ने इन दो जिलों को छोड़कर 36 जिलों में लगने वाले रोजगार मेले का कार्यक्रम जारी कर दिया है। मेले के आयोजन से 15 दिन पहले इसका प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है, ताकि बेरोजगारों को इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। मेले में भाग लेने वाले बेरोजगारों को नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। हालांकि बेरोजगारों का रजिस्ट्रेशन मेला स्थल पर भी होगा।

## बिहार शिक्षक नियुक्ति

# अब तीन की जगह पांच बार परीक्षा देने का मिलेगा मौका

पटना (नि.सं.)। बीपीएससी शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी सरकार ने दी है। अब तीन की जगह पांच बार परीक्षा देने का मिलेगा मौका। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में बैठने की अधिकतम अवसर मिलेगा। बीते 15 मार्च को शिक्षा विभाग द्वारा बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियमावली 2023 में संसोधन कर अवसरों की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच कर दी गई है। अब सरकार ने 1.60 लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया है। बीपीएससी ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के अधिकतम अवसर को बढ़ाकर तीन से पांच कर दी है। इससे अभ्यर्थी न केवल टीआइ- 4 में बैठ सकेंगे बल्कि उसमें असफल रहे अभ्यर्थी टीआई – 5 में भी बैठ सकते हैं।

## 1347.32 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी

# सोन नदी से औरंगाबाद और रोहतास को पेयजल

- दिसम्बर 2026 तक पूरी होगी योजना

निज संवाददाता | पटना

जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्राप्त सूचनानुसार जल-जीवन-हरियाली अभियान अन्तर्गत टर्न-की आधार पर औरंगाबाद, डिहरी एवं सासाराम शहरों के लिए सोन नदी में उपलब्ध सतही जल का उपयोग करते हुए पेयजल उपलब्ध कराने के कार्य हेतु प्राक्कलित राशि 1347.32 करोड रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है।

इस कार्य हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता, सोन बराज प्रमंडल, इन्द्रपुरी, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, डिहरी एवं कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, डिहरी होंगे। इस कार्य के लिए नियंत्री पदाधिकारी, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना होंगे। इस राशि की निकासी कोषागार, सासाराम (रोहतास) से की जायेगी। इस कार्य योजना के कार्यान्वयन की समय सीमा दिसम्बर, 2026 है।

# आयकर रिटर्न भरने का आज अंतिम दिन

अमन राज वर्मा | पटना

छोटे व्यापारी, नौकरी-पेशा वाले लोगों के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि आज 31 जुलाई को है। आज के बाद मतलब एक अगस्त या इसके बाद आकर रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं को निर्धारित जुर्माना भी चुकाना होगा। लगातार आयकर रिटर्न की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग के बावजूद आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि में कोई बदलाव अबतक नहीं किया गया है। बीते दस दिनों से आयकर रिटर्न पोर्टल काफी धीमा चल रहा है। टैक्स सलाहकार मनीष बनेटिया बताते हैं कि सुबह से लेकर देर रात तक आयकर पोर्टल पर फॉर्म अपलोड करने में परेशानी हो रही है। पोर्टल ज्यादातर समय नहीं चलने की शिकायत भी है। आयकर रिटर्न भरने के लिए पोर्टल पर जबर्दस्त दबाव है। आयकर नहीं भरे जाने के कारण करदाता के साथ-साथ टैक्स प्रोफेशनल भी परेशान हैं। 31 जुलाई के बाद लोगों को जुर्माना के साथ आयकर रिटर्न भरना होगा। यदि आपकी कुल आय पांच लाख रुपये की टैक्स सीमा तक है तो लेट फीस के रूप में एक हजार रुपये का जुर्माना भरना होगा। यदि टैक्स सीमा के बाहर आय है तो जुर्माना पांच हजार रुपये तक भी देना पड़ सकता है।

### समय सीमा बढ़ाने की मांग

आयकर पोर्टल धीमे चलने और कई संस्थानों द्वारा फार्म 16बी देर से जारी करने के कारण टैक्स प्रोफेशनलों के पास अपने रिटर्न देर से भरने के लिए आयकरदाता पहुंचे। बाद में पोर्टल पर दबाव बढ़ने के बाद यह धीमा चलने लगा। जुलाई मध्य से ही टैक्स प्रोफेशनल पोर्टल की गड़बड़ी को दुरुस्त करने और केंद्र सरकार से आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक अवधि विस्तार देने की मांग कर रहे हैं।

## बिहार के 100 बच्चे हर साल करेंगे इसरो की सैर

# हर जिले से कम से कम दो छात्रों का होगा चयन

## देश में 30 दिनों का मनाया जा रहा है राष्ट्रीय अंतरिक्ष उत्सव, 23 को दिल्ली में समापन

- प्रत्येक जिले से कम से कम दो बच्चों का होगा चयन, 50 छात्र व 50 छात्राएं होंगी
- शिक्षा विभाग छात्र-छात्राओं की चयन प्रक्रिया व कार्यक्रम पर इसरो से कर रहा बात

निज संवाददाता | पटना

बिहार से प्रत्येक साल 100 स्कूली बच्चे इसरो का भ्रमण कर अंतरिक्ष की दुनिया से रूबरू होंगे। इसकी रूपरेखा पर शिक्षा विभाग काम कर रहा है। आने वाले समय में अलग-अलग समूह में राज्य के स्कूली बच्चे इसरो के बेंगलुरु सेंटर जायेंगे। पहले चरण में 100 बच्चें जायेंगे। इसमें 50 छात्र व 50 छात्राएं होंगी। उक्त बातें शिक्षा विभाग से अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस उत्सव 2024 पर बीआइटी पटना में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले से कम से कम दो-दो बच्चों का चयन होगा। इसरो की ओर से टैलेंट सर्च एग्जाम कराया जाए तो इसमें सफल बच्चों को शिक्षा विभाग प्रोत्साहित करेगा। इससे अंतरिक्ष क्षेत्र में राज्य के बच्चों में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्रम का आयोजन इसरो, डीएसटी व बीआइटी के संयुक्त सहोयग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी आदि मौजूद थे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) के निदेशक एम शंकरन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में इसरो में योगदान देने वाले अधिसंख्य विज्ञानी बिहार के रहने वाले हैं। बिहार के विद्यार्थियों में अंतरिक्ष को जानने की ललक काफी बढ़ा है। यह अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है। बिहार के विद्यार्थी काफी मेधावी होते हैं। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त, 2024 को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' मनाया जायेगा। यह चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का स्मरण कराएगा। इसे लेकर एक माह का उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव कार्यक्रम का समापन 23 अगस्त को दिल्ली में होगा। इसरो से आए विज्ञानियों ने छात्रों को बताया कि स्पेस क्षेत्र के वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ दो प्रतिशत की है। इसमें निजी क्षेत्र का कुल हिस्सा का एक प्रतिशत से भी कम है। देश में निजी क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन्हें इसरो भी प्रोत्साहित कर रहा है। 2030 तक वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब में विज्ञानियों ने कहा कि अंतरिक्ष की तरह ही इस क्षेत्र का भविष्य भी काफी व्यापक है। छात्र बेहतर करियर के रूप में इस क्षेत्र का चयन कर सकते हैं। विज्ञानियों ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए छात्र साइंस और गणित के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### दुबई थीम की तर्ज पर गांधी मैदान में लगा मगध इंटरनेशनल ट्रेड फेयर

**गया।** शहर के गांधी मैदान में मगध इंटरनेशनल ट्रेड फेयर मेला शुरू हो चुका है। इस बार दुबई थीम के तर्ज पर मेला है। इसका शुभारंभ स्कूली बच्चों ने किया। आयोजक राजेश कुमार ने बताया कि जब भी मेला लगता है, बच्चों की खुशियां बढ़ जाती है। इस कारण इस बार के मेले का शुभारंभ छोटे-छोटे बच्चों ने किया। मेला प्रतिदिन दोपहर तीन से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। मेले का उद्देश्य लघु-कुटीर उद्योग को बढ़ावा देना और बाजार उपलब्ध कराना है। संस्था के सचिव संजीव कुमार गोडाकिया व रोहित चौरसिया ने बताया कि मेले में करीब 150 स्टॉल लगे है। यहां 28 राज्यों से हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट के कारीगर विशाल संग्रह लेकर आए है। इस मेले में खास अफगानिस्तान का ड्राइ फुट्स है। इसके अलावे महिलाओं के लिए बनारसी साड़ी, लखनवी चिकन, गुजरात का बंधेज सूट एवं साड़ी, पंजाबी जूती, कश्मीरी शॉल और ड्रेस मेटेरियल, खेखरा बेडशीट, कश्मीरी ड्राइ फ्रूट्स, बंगाल की जामदानी साड़ी, पिलखुवा बेडशीट, बेंगलूर का चनपटना खिलौना, राजकोट का आर्टिफिशियल ज्वेलरी, भागलपुरी सिल्क साड़ी, अप्लिक वर्क की साड़ी, भदोई का कारपेट, सहारनपुर का फर्नीचर, उतराखंड का खादी वस्त्र, झारखंड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का खादी वस्त्र, कानपुर की लेदर चप्पलें एवं बैग, राजस्थानी जूती, टेराकोटा, क्राकरी, भदोई का कारपेट और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स और एक ही छत के नीचे देखने व खरीदने के मौके मिलेंगे।

### एक रात में हुई तीन बाइक की चोरी, लोगों में आक्रोश

**बोधगया।** थाना क्षेत्र के धंधवा गांव के शिक्षक कॉलोनी व आईएस कॉलोनी में एक ही रात तीन घरों से चोरों ने बाइक की चोरी कर ली है। इसकी जानकारी देते हुए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास गया के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सुशीला कुमारी ने बताया कि चोरों को प्रशासन का डर इस कदर समाप्त हो गया है कि आए दिन, दिन दहाड़े गोली चल जा रही है। तो कहीं मर्डर हो जा रही है। तो कहीं लूट की कांड हो रही है। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई की रात्रि में धंधवा गांव में स्थित शिक्षक कॉलोनी में मेरे घर के बगल के निवासी महेंद्र प्रजापति, थोड़ी दूर पर रेंट पर रह रही नीतू देवी एवं आईएस कॉलोनी मे रह कमलेश कुमार की बाइक की चोरी हो गई।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से 42 लीटर शराब बरामद

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधि बिगहा थाना क्षेत्र के देवरी गांव से पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार के घर से 7 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस खबर की पुष्टि थाना अध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने किया है। वहीं मैगरा थाना क्षेत्र सेवरा गांव के टोला गजबोर से पुलिस ने एक घर से 35 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है।

### डीएवी कैंट एरिया में स्पोर्ट्स मीट का हुआ आयोजन

**गया।** डीएवी सीएमसी नई दिल्ली के निर्देश पर सोमवार को डीएवी कैंट एरिया में बिहार प्रक्षेत्र ई, एफ व एच के संयुक्त तत्वावधान में स् मीट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 1460 प्रतिभागी शामिल हुए। कबड्डी बालिका वर्ग (अंडर-14) में डीएवी बिक्रमगंज को पहला और डीएवी दानी बिगहा औरंगाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में डीएवी कैंट एरिया गया ने प्रथम व कटार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। फुटबॉल बालक वर्ग (अंडर 14) में सीआरआरसी, गया को पहला और डीएवी अशोक नगर को दूसरा स्थान मिला। जबकि बालिका वर्ग (अंडर 17) में पहला स्थान पर अशोक नगर और दूसरा स्थान पर सीआरआरसी रहा। वालीबॉल बालक वर्ग (अंडर 14) डीएवी दाउदनगर ने प्रथम व सीआरआरसी गया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### खेलकूद प्रतियोगिता के लिए 47 प्रतिभागी रवाना

**राजगीर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा से रीजनल स्पोर्ट्स मिट में भाग लेने के लिए विद्यालय के 47 प्रतिभागियों को प्राचार्य विवेक किशोर ने रवाना किया। टेबल टेनिस के 4 खिलाड़ी केवि सोनपुर, क्रिकेट बालक के 16 खिलाड़ी केवि आईओसी बरौनी, वालीबॉल के 12 खिलाड़ी केवि गढ़ारा, खो-खो बालिका के 12 खिलाड़ी, एथलेटिक्स-1 बालिका केवि न.2 गया और एथलेटिक्स- के 2 प्रतिभागी केवि. कंकड़बाग पटना में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों के साथ उनके एस्कॉर्ट शिक्षक रोहित वर्मा, आनंद कुमार, अनंत कुमार, अमरदीप कुमार, शिवम, रवि कुमार, पूनम और भूमिका गुप्ता भी हैं। प्राचार्य श्री किशोर ने कहा कि रिजनल लेवल में विजयी प्रतिभागी टीम को केंद्रीय विद्यालय के नेशनल स्पोर्ट्स मिट में भाग लेने का मौका भी मिलेगा।

### नूरसराय के भूपेंद्र ने जीते तीन स्वर्ण पदक

**नूरसराय।** मध्य प्रदेश के इंदौर में 21 से 26 जुलाई तक आयोजित मास्टर नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2024 में नूरसराय के भूपेंद्र ने तीन गोल्ड मेडल झटक लिया। बिहार का प्रतिनिधित्व करने का मौका नालंदा जिला के नूरसराय के गोडीहा गांव निवासी उपेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र भूपेंद्र प्रताप सिंह को मिला। पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने 120 किलोग्राम बॉडी वेट कैटेगरी में 652.5 किलो वजन उठाकर बिहार को तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक दिलाने का काम किया। प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 250 महिला व 300 पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें सभी को मात देते हुए भूपेंद्र प्रताप सिंह ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव, प्रखंड, जिला व राज्य का सम्मान बढ़ाया है। भूपेंद्र की इस कामयाबी पर बीडीओ डॉ. जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, इंस्पेक्टर मनोरंजन भारती, सीडीपीओ राजेश कुमार, पीओ आशुतोष कुमार ने बधाई दी है।

### जीविका से जुड़ महिलाएं आत्मनिर्भर बनी, गांव को सड़कों से जोड़ा गया

**राजगीर।** स्थानीय पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पती बिगहा गांव में छापेमारी कर उत्पाद अधिनियम के फरार आरोपी नरेश यादव और मोहनचक गांव से एससी एसटी मामले के फरार आरोपी छोटे प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। राजगीर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में 37 लाख 57 हजार की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने मालीसाढ़ में 9 लाख 83 हजार से बनी पीसीसी ढलाई पथ, लोदीपुर में उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 लाख 76 हजार से लगाए गए पेवर ब्लॉक एवं सौंदर्यीकरण कार्य, ननसुत बिगहा के स्कूल में 8 लाख 13 हजार 378 रुपये की लागत से बनी चहारदीवारी का उद्घाटन किया। इसके अलावा लोदीपुर गांव में ही मध्य विद्यालय में 9 लाख 85 हजार की लागत से बनने वाली चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। तेजी से बढ़ रहा बिहार इस मौके पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। गांवों को विकसित किया जा रहा है। गांव अब शहर जैसा दिखने लगा है। ग्रामीणों को हर घर नल से जल, हर घर बिजली, पक्की नाली व गली सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### "ऋषि और कृषि' इस देश की प्राथमिकता रही

**टिकारी।** सीयूएसबी के कृषि संकाय द्वारा "कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों पर विचार मंथन" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सोमवार को सम्पन्न हो गई। पीआरओ मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में नवीनतम नवाचार, विकास और चुनौतियों पर चर्चा करना और उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर लागू करना था। कार्यशाला में कृषि में रोजगार विषयों का क्षेत्र, परास्नातक मुख्य विषयों की संरचना एवं रूपरेखा की संभावनाओं पर विचार किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि "ऋषि और कृषि" इस देश की प्राथमिकता रही है। बदलते जलवायु को ध्यान में रखते हुए हमें कृषि में अधिक शोध करने की आवश्यकता है। प्रो. सिंह ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए नए और उन्नत कृषि पद्धतियों पर शोध करने का आह्वान किया।उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से कृषि विभाग में पंजीकृत विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें कृषि के सभी पहलुओं को गहराई से समझने की जरूरत है।

# डिप्टी मेयर बोलीं...कहीं भी मिल जाए विधायक को लहरा देंग

निज संवाददाता। गया

- नगर निगम में गलत लोग आ गए... बयान पर पूरे ताव से मेज पीटते हुए जताया विरोध

गया नगर निगम की डिप्टी मेयर चिंता देवी ने कहा है कि नगर विधायक प्रेम कुमार मिल जाए तो उन्हें लहरा देंगे। ये बात उन्होंने पूरे ताव के साथ मेज पीटते हुए कही। कहा विधायक ने नगर निगम के मेयर, 53 वार्ड पार्षद और डिप्टी मेयर के साथ जनता का अपमान किया है। जो नगर निगम के जनप्रतिनिधि बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनके खिलाफ आंदोलन होगा। दरअसल नगर विधायक ने कहा था कि दुर्भाग्य है नगर निगम में गलत लोग आ गए हैं। इसी बाद को लेकर मंगलवार को नगर निगम के जनप्रतिनिधि ने अपना विरोध जताया।

**केस करने के बाद गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन होगा:** मेयर वीरेंद्र पासवान उर्फ गणेश पासवान ने कहा कि संविधान के विरुद्ध जाकर नगर निगम के वार्ड पार्षद, मेयर, डिप्टी मेयर का अधिकार ओवररूल किया जा रहा है। यह गलत है। इसकी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर विधायक प्रेम कुमार अक्सर जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस बार तो उन्होंने कह दिया कि दुर्भाग्य है कि नगर निगम में गलत लोग चुन कर आ गए हैं। यह शोभनीय नहीं है। इसके विरोध में हमलोग केस दर्ज करा रहे हैं। केस दर्ज किए जाने के बाद यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।

**सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्र के थाना में केस कराएंगे:** सशक्त समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव भी गुस्से में दिखे। कहा कि नगर विधायक ने बीते दिनों सेंट्रल बिहार चैम्बर आफ कॉमर्स की मीटिंग में खुल्ले मंच से कहा था कि नगर निगम में गलत लोग चुन कर आ गए हैं। ऐसा कह कर नगर विधायक ने नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधियों को अपमानित किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा कह कर उन्होंने गया की जनता का अपमान किया है। इसके विरोध में सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्र के थाना में नगर विधायक के खिलाफ केस दर्ज कराएंगे। इसके अलावा हाल ही में प्रकाशित गजट में अपशिष्ट प्रबंधन, झाड़ू, साफ-सफाई का काम और नगर आयुक्त की ओर से एजेंडा लाने और प्रोसिडिंग का अधिकार दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इसके विरोध में सभी प्रदेश के नगर निगम ने मोर्चा खोला है। गया नगर निगम भी इस लड़ाई में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। इस मौके पर बिहार सरकार की ओर से प्रकाशित गजट को गया नगर निगम के सभी पार्षद, मेयर डिप्टी मेयर ने आग के हवाले किया।

# खेत के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

निज संवाददाता। गया

मगध विश्वविद्यालय थाना के बड़की बभनी में एक व्यक्ति का शव खेत के पास से बरामद हुआ। ग्रामीणों की नजर शव पर मंगलवार को पड़ी। लाश कब से पड़ी थी किसी को नहीं है। मृतक की पहचान बड़की बभनी निवासी सुजीत मांझी पिता प्रदीप मांझी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने कहना है कि शव को देखने के बाद ऐसा लगता है कि इसे सरिया और कुदाल से मारा गया है। सुजीत की हत्या से गुस्साए परिजनों और गांव वालों ने मिलकर सिवराजपुर मुख्य मार्ग पर आगजनी की और सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी सुजीत की हत्या करने वालों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

**अपराधियों को चिह्नित किया जा रहा:** लोगों ने इस घटना की जानकारी मगध विश्वविद्यालय थाना की पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम को हटवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया। मगध यूनिवर्सिटी थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु एसडीपीओ ने बताया कि शव को देखने के बाद हत्या लग रही है। छानबीन में पता चला है कि मृतक का साथी घटना के बारे में जानता है। उसकी तलाश की जा रही है।

# युवक को सांप ने डसा, झाड़फूंक कराने में हुई मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में देर रात जमीन पर सोते युवक को सांप ने डस लिया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय भगत के पास झाड़फूंक कराने के लिए ले गए। पर सांप का जहर चढ़ता चला गया। फिर परिजन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान कटौना गांव निवासी रामचंद्र कुमार के 35 वर्षीय पुत्र बंटी राम के रूप में की गई। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि बंटी राम घर में सोया हुआ था। रात करीब 1 बजे जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। दर्द से जब उसकी नींद खुली तो सांप को भागते देखा। शोर मचाने पर अन्य परिजनों की नींद खुल गई और उन्होंने सांप को मार डाला। इधर, परिजन युवक को झाड़-फूंक के लिए भगत के पास ले गए। जहां हालत में सुधार होने की बजाए युवक और गंभीर हो गया। इसके बाद परिजनों ने बंटी को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कतरीसराय थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# बच्चों के विवाद में पिता को मारी गोली, शौच के लिए खेत जा रहा था बुजुर्ग, घात लगाए बैठे बदमाशों ने कर दी फायरिंग

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 10 दिन पहले बच्चों के बीच हुए विवाद में बदमाशों ने मंगलवार की सुबह एक बच्चे के पिता को गोली मार घायल कर दिया। मामला चण्डी थाना क्षेत्र के घोराहरी गांव का है। घायल स्व.नरेश पासवान के बेटे रमेश पासवान(60) है। घायल रमेश पासवान ने बताया कि गांव के ही पासवान के बच्चों से उनके बच्चों का विवाद हुआ था। इसी खुन्नस में मंगलवार की सुबह में जब शौच के लिए खेत की ओर जा रहे थे। तब फसल के बीच घात लगाकर बैठे श्रवण पासवान, उदय पासवान, माधुरी पासवान, बिंदुली पासवान, खुशी पासवान और योगी पासवान द्वारा गोली चला दी गई। पहली गोली मिस-फायर हो गई। गोली की आवाज सुन वह भागने लगे। तभी दूसरी गोली बाएं पैर को चीरते हुए निकल गई। हो-हल्ला होने और गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल हालत में उन्हें इलाज के लिए चण्डी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि नाग पंचमी के एक दिन पहले जब उनका भाई बाजार से लौट रहा था। तब रास्ते में घेरकर उक्त लोगों द्वारा मारपीट कर अधमरा कर दिया गया था। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए। घात लगाकर जान मारने की नीयत से आज गोली चला दी। श्रवण पासवान के बच्चों के साथ खेलने के दौरान विवाद हुआ था। वहीं, इस मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# नालंदा में निकाली गई अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली, दमकल की छोटी-बड़ी गाड़ियां हुई शामिल

निज संवाददाता। नालंदा

**कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए**

1. नेशनल बिल्डिंग कोड और बिहार बिल्डिंग उपविधि के अनुरूप भवन निर्माण।
2. अग्नि सुरक्षा उपायों के लिए अग्निशमन सेवा के कर्मियों से परामर्श।
3. भवन के चारों ओर अग्निशमन वाहनों के लिए रास्ता खाली रखना।
4. आई.एस.आई. मानक वाले तार और उपकरणों का उपयोग।
5. अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच।
6. रसोई गैस के सुरक्षित उपयोग पर ध्यान।
7. भवन के प्रवेश, निकास और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का मैप प्लान तैयार करना।

नालंदा में मंगलवार की सुबह बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा एक महत्वपूर्ण अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बिहार अग्निशमन सेवा कार्यालय नालंदा से प्रारंभ होकर बिहारशरीफ के प्रमुख स्थानों जैसे काली चौराहा, हॉस्पिटल मोड़, मोगलकुआं और सोहसराय से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरती हुई फिर अग्निशमन कार्यालय पहुंची। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी अरविंद प्रसाद ने इस अवसर पर बताया कि "यह जागरूकता रैली आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। हमारा मानना है कि थोड़ी सी सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। रैली के दौरान विभाग द्वारा लोगों को यह भी बताया कि आग लगने की स्थिति में वे कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते हैं और इससे कैसे बचाव कर सकते हैं। इस जागरूकता अभियान में अग्निशमन विभाग की छोटी-बड़ी गाड़ियां भी शामिल रहीं, जो आकर्षण का केंद्र बनीं।

**आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए रहें तैयार:** अधिकारियों ने यह भी बताया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत 101 पर डायल करें या राज्य नियंत्रण कक्ष को 7485805818 पर सूचित करें। यह जागरूकता अभियान अग्निशमन विभाग की ओर से एक सराहनीय कदम है, जो न केवल लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करता है। बल्कि उन्हें आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार भी करता है।

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर फंदे से लटकाकर हत्या का आरोप लगाया है। ससुराल वाले मौत के बाद फरार है। मृतका की पहचान दिलीप मिस्त्री की पत्नी शोभा देवी (34) के रूप में हुई है। जब मायके वाले आए तो ससुराल में कोई नहीं था। शोभा की लाश पड़ी थी। घटना हिलसा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव की है। मृतका की भाभी शर्बिला सिन्हा के अनुसार शोभा की शादी 2007 में हुई थी। दो बच्चे भी हैं। पीड़िता ने अपनी ननद के अवैध संबंध का विरोध किया था। पिछले कुछ माह से शोभा की ननद का गांव के एक युवक से अवैध संबंध चल रहा था। जबकि वो शादीशुदा थी, लेकिन अक्सर मायके में रहती थी। युवक उसके बुलाने पर आता-जाता रहता था। कहा कि शोभा इन गतिविधियों का लगातार विरोध करती थी, जिसके कारण ननद और उसकी सास उसे प्रताड़ित करती थी। पुलिस के अनुसार, सोमवार को शोभा की ननद और ससुराल के अन्य सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की और कथित तौर पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी परिवार के सभी सदस्य फरार हो गए हैं। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने कहा कि मृतका के परिजन गला दबाकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। इन आरोपों की गहन जांच की जा रही हैं। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट मौत के सटीक कारणों को स्पष्ट करेगी।

# बिजली पोल शिफ्ट नहीं करने पर व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त किया

निज संवाददाता। गया

गया के मानपुर प्रखण्ड से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। एक शख्स ने अपनी सनकी हरकत से पूरे प्रशासन और पुलिस आम अवाम को सड़क पर उतार दिया। दरअसल, बीते कुछ दिनों से बिजली के पोल को शिफ्ट कराने के लिए चक्कर काट रहे मानपुर के एक शख्स की बिजली विभाग ने नहीं सुनी। रविवार की देर रात उसका दिमाग सनक गया और बिजली के खंभे में रस्सी बांधकर ट्रैक्टर से खींचकर पोल को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। नतीजतन मानपुर प्रखंड के 3 गांव सिकहर मस्तलीपुर और बाराडीह के कुल 12 ट्रांसफॉर्मरों से बिजली की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। गांवों में अंधेरा देख कर बिजली के खंभे को क्षतिग्रस्त करने वाले सनकी शख्स शांत बैठ गया। इधर, बिजली की सप्लाई ठप होने से 3 गांव के लोग रविवार की रात से लेकर सोमवार की शाम तक भीषण गर्मी में बिलबिला उठे।उन्होंने सोमवार की शाम गया-नवादा मुख्य मार्ग जाम कर प्रशासन, पुलिस और बिजली विभाग पर खासा दबाव बनाया। यही नहीं इस बीच डीएम का फरमान आया कि पोल को क्षति पहुंचाने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बिजली की समस्या को तत्काल दूर किया जाए। इसका परिणाम यह निकला कि जाम हटवाने के कुछ ही घंटे बाद बिजली विभाग और पुलिस डिपार्टमेंट हरकत में आई। सोमवार की देर रात ही पोल को क्षतिग्रस्त करने वाले शख्स के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। साथ ही 5 लाख रुपए का जुर्माना बिजली विभाग ने उसके खिलाफ ठोक दिया। हालांकि, देर रात पुलिस ने दबिश दी थी। लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। वह घर पर मौजूद नहीं था।

# नेताओं ने बीजेपी की सदस्यता की ग्रहण, भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक हुई आयोजित

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के सिलाव स्थित स्व. शिव कुमार सिंह स्मृति सभागार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला कार्य समिति की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इस बैठक में न केवल पार्टी की भावी रणनीतियों पर चर्चा की गई, बल्कि कई प्रमुख नेताओं ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की।

जिला अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, बिहार शरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार, भाजपा बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी संतोष पाठक और लोकसभा प्रभारी कुमार राघवेन्द्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए गठबंधन की लगातार तीसरी जीत को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया। वक्ताओं ने इस जीत को मोदी जी के कुशल नेतृत्व, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के स्नेह का परिणाम बताया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण रहा कई स्थानीय नेताओं का भाजपा में शामिल होना। सिलाव की मुख्य पार्षद जय लक्ष्मी, उप-मुख्य पार्षद सुशीला, पावापुरी के उप-मुख्य पार्षद संजीव सिंह, और पाकी गोरवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुलशन उर्फ गोलू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**विकसित भारत के संकल्प को दोहराया:** महामंत्री शैलेन्द्र कुमार की ओर से संचालित इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी, मंच-मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर भी चर्चा की गई और विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया। नेताओं ने कहा कि यह हर पीढ़ी के भारतीय का सपना है, जिसे साकार करने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। इस बैठक ने स्पष्ट किया कि भाजपा आने वाले चुनावों की तैयारी में जुट गई है और स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने में लगी है। नए नेताओं के शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## एक नजर

### सीयूईटी के एक विषय में पूर्ण अंक प्राप्त कर आर्या ने बढ़ाया जिले का गौरव

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** गत दिनों सीयूईटी 2024 के घोषित परिणाम में नारायण वर्ल्ड स्कूल से सीबीएसई की कक्षा 12वीं की कला संकाय की परीक्षा पास करने वाली आर्या गौतम ने यह उपलब्धि उनके मुख्य विषय सीयूईटी परीक्षा के राजनीतिक विज्ञान के विषय में 200 में से 200 अंक प्राप्त कर हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। ऐसा करने वाले देश भर के 22000 अभ्यर्थियों में से एक आर्या गौतम है। आर्या गौतम स्कूल के शुरुआती दिनों से ही मेधावी और मेहनती रही है। इसी वर्ष आयोजित सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में भी उसने राजनीतिक विज्ञान के विषय में 92 प्रतिशत अंकों के साथ नारायण वर्ल्ड स्कूल का नाम रौशन किया था। आर्या ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक - शिक्षिकाएं और सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की निदेशक मैडम मौनिका सिंह ने आर्या की इस उपलब्धि पर उसे विशेष बधाई देकर उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक महोदया ने विद्यार्थियों के प्रति विद्यालय के ईमानदार प्रयासों को इंगित करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को उसकी आकांक्षा और अभिलाषा के अनुरूप उनका मार्गदर्शन कर पाना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में नारायण वर्ल्ड स्कूल अपने विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर भविष्य उन्नयन में सहभागी बन पाएगा।

### राशनकार्ड धारकों को आयूषमान कार्ड बनवाने में जुटी आशा

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखण्ड में कार्यरत आशा कार्यकर्ता भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयूष मान कार्ड बनवाने में लग गई है। गांव में घुम घुम आशा राशनकार्ड धारकों को जिनका आयूष मान कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है। उसे बनवा रही है।जिसे ले बीपीएल कार्ड धारकों में हर्ष व्याप्त है। चिकित्सा पदाधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि प्रखण्ड में कुल कार्यरत 72आशा कार्यकर्ताओं को सभी राशनकार्ड धारकों का आयूष मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया है। शत प्रतिशत आयूषमान कार्ड बनाने के लक्ष्य को अपने अपने क्षेत्रों में आशा कार्ड बनवाने में जी जान से लग चुकी है। स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक राशनकार्ड धारकों को भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना के लाभ से बंचित न रहे।

### प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख ने किया पद भार ग्रहण, जन प्रतिनिधि सम्मानित

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** नोखा प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड प्रमुख अरविंद कुमार और उप प्रमुख पुष्पा कुमारी ने पद भार ग्रहण किया। इस मौके पर वीडियो अतुल गुप्ता ने पद भार ग्रहण किया। प्रखंड मुख्यालय पर स्थित प्रमुख का कार्यालय प्रखंड प्रमुख अरविंद कुमार और उप प्रमुख पुष्पा कुमारी ने सयुक्त रूप से किया। मौके पर सभागार में कार्यकर्म का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रमुख अरविंद कुमार ने किया।संचालन रामनाथ सिंह, पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अक्षेबर सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर देवंती देवी, पुष्पा देवी, अगुरा देवी, अनिता देवी, बेबी गुप्ता, रेखा देवी, अवध बिहारी पांडे, राजेश सिंह, मुखिया दयानंद सिंह, पप्पू कुमार, दीनानाथ राय, राकेश कुमार, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### संझौली में थानाध्यक्ष ने स्वर्ण व्यवसाईयों के साथ की बैठक

**संझौली (रोहतस) (नि. सं.)।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार की थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्वर्ण व्यवसाईयों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें संझौली मुख्य बाजार के करीब डेढ़ दर्जन स्वर्ण व्यवसाई शामिल हुए। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने स्वर्ण व्यवसाईयों को शख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा की दृष्टिकोण से सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, दुकान में अलार्म की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं के बारे में दिशा-निर्देश दिया।

# नारायण मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन के तत्वावधान में कल शाम जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देवमंगल सभागार में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवागंतुक मेडिकल छात्रों के लिए नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएमसीएच पटना के फिजियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह एवं एम्स पटना की बर्न व प्लास्टिक सर्जरी की विभागाध्यक्ष डॉक्टर वीणा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा एन एम ओ मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अतिथियों ने अपने उद्बोधन से छात्रों का मनोबल बढ़ाया तथा राष्ट्रीय भावना के साथ मानव सेवा करने हेतु प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि समाज से जो कुछ हमने लिया है और जिसके बल पर हम विद्या प्राप्त कर रहे हैं उसका उपयोग समाज के हित में करके उन्हें कुछ वापस करने की भी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि चिकित्सक समाज के सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं और सभी चिकित्सकों को अपनी गरिमा तथा जनहित का ख्याल रखना चाहिए। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित डिहरी के अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह (भारतीय प्रशासनिक सेवा) ने चिकित्सा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सकों और प्रशासनिक पदाधिकारी के कार्यों में काफी समानता है। चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करने में अपनी भूमिका निभाते हैं जबकि प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों की अन्य समस्याओं के निराकरण करने में अपना समय देते हैं। दोनों ही चौबीस घंटे सातों दिन कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर कुलपति डा महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसे हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने छात्रों को अनुशासित ढंग से शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करने और संस्थान के ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सचिव गोविंद नारायण सिंह, कुलसचिव डॉक्टर अभिषेक कमेन्दु, प्राचार्य डॉ एचएल महतो, उपप्राचार्य डॉ अशोक कुमार देव, परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप, जीएनएसयू के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चिकित्सा के छात्रों के साथ ही फ़ार्माकोलॉजी विभागाधीक्षिका डॉ सुषमा कुमारी, स्त्री रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ के के कॉल, न्यूरो सर्जरी के डॉक्टर वी ए पंडित, ईएनटी विभाग के डॉक्टर दिवाकर, सर्जरी विभाग के डॉक्टर आरके अजय, एनेस्थेशिया विभाग के डॉक्टर राकेश रौशन, फिजियोलॉजी विभाग की डॉक्टर अभिलाषा आदि वरीय शिक्षक उपस्थित रहे। एन एम ओ की तरफ से डॉ अजीत कुमार, डॉक्टर हिमांशु कुमार, डॉ वैभव श्रीवास्तव, डॉक्टर संतोष सिंह, डॉक्टर गौरव, डॉक्टर भैरव, डॉ सुप्रिया, डॉक्टर वर्षा, डॉक्टर सुधांशु, डॉक्टर सौरभ, अदनान आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉक्टर शुभांगी, डॉक्टर सुधांशु एवं आस्था द्वारा किया गया तथा छात्रों को चरक शपथ डॉक्टर मिहिर एवं डॉक्टर इंद्रेश विक्रम सिंह द्वारा करवाई गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजीत द्वारा किया गया।

# दिलीप जायसवाल ने मंत्रियों को सौंपा नया काम

निज संवाददाता

**पटना।** जन-सहयोग कार्यक्रम में भाजपा कोटे के मंत्रियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिलीप जायसवाल का यह पहला निर्णय है। स्वयं दिलीप बुधवार को प्रदेश कार्यालय में जनता की शिकायतों-समस्याओं से अवगत होंगे। राज्य सरकार में उनके पास भूमि व राजस्व विभाग का दायित्व है। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक अगस्त से होगी।

पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक यानी कुल तीन घंटे तक इसका संचालन होगा। जन-सुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और सरकार के बीच संगठन को सेतु सिद्ध करने का है। शिकायतों व समस्याओं का समाधान हो जाने के बाद जनता के बीच संगठन और सरकार की अच्छी छवि बनेगी, जो आसन्न चुनाव में भाजपा के लिए लाभप्रद होगा।

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में अभी भाजपा कोटे से 15 मंत्री हैं। रविवार को जन-सहयोग कार्यक्रम नहीं होगा। शेष छह दिन में दो दिन (मंगलवार व शुक्रवार) उप मुख्यमंत्रियों के लिए निर्धारित हो गए। बचे चार दिनों में तीन दिन (सोमवार, बुधवार व गुरुवार) तीन-तीन मंत्री जनता से संवाद के लिए उपस्थित रहेंगे। शनिवार को सर्वाधिक चार मंत्रियों की सेवा मिलेगी। कार्यक्रम के समन्वय का दायित्व अक्षय कुमार को सौंपा गया है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी भाजपा के प्रदेश कार्यालय के बजाय अपने सरकारी आवास पर जनता के लिए मंगलवार को उपलब्ध होंगे।

उप मुख्यमंत्री होने के कारण उन्हें यह सहूलियत मिली है। यह सहूलियत उनके समकक्ष विजय कुमार सिन्हा को भी दी गई है। वे भी अपने सरकारी आवास पर ही जनता से रू-ब-रू होंगे। उनके लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की गई है। रेणु देवी भी कभी उप मुख्यमंत्री हुआ करती थीं। अब मंत्री हैं। इसलिए उन्हें सम्राट और सिन्हा समतुल्य सहूलियत नहीं मिली। उन्हें प्रदेश कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

# विशेष भूमि सर्वेक्षण हेतु तैयारी में जूटा बंदोबस्त विभाग, पंचायत स्तर पर लगाए जाएंगे शिविर

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** भूमि विवाद को कम करने एवं जमीन के डाटा को अद्यतन रखने के उद्देश्य से जिले में विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य संभवतः अगस्त माह के पहले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। जानकारी के अनुसार जिले के सभी 19 प्रखंडों में 229 पंचायत अंतर्गत कुल 1954 गांव है। जिसकी भूमि का बंदोबस्त विभाग सर्वेक्षण करायेगा। सबसे पहले छोटे गांव से शुरुआत होगी, फिर धीरे-धीरे सभी गांव की बंदोबस्ती शुरू हो जायेगी। बंदोबस्त विभाग प्रत्येक पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन करेगा। उस शिविर में भू-धारियों को पहुंचकर जमीन संबंधित आवश्यक कागजात दिखाने होंगे। इसकी सूचना पहले से भी सभी अंचल कार्यालयों को दे दी गयी है ताकि वे अपने स्तर से क्षेत्र में इसे लेकर लोगों को जागरूक कर सकें। इस दिशा में सभी प्रखंड को कार्ययोजना के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा गया है।विभागीय निर्देश के अनुरूप इस कार्य के लिए प्रत्येक अंचलों में एक-एक विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त शिविर लगाया जायेगा। सभी शिविरों में एक-एक प्रभारी, दो सर्वेक्षण कानूनगो, दो लिपिक व अंचलों में प्रत्येक चार राजस्व गांव के लिए एक विशेष सर्वेक्षण अमीन को लगाया जायेगा। रोहतास जिले के लिए 15 सहायक पदाधिकारी, 27 कानूनगो, 370 अमीन और 32 लिपिक मिले हैं, जो इस काम को पूरा करेंगे। शिविर में भू-धारियों को जमाबंदी संख्या का ब्यौरा, मालगुजारी रसीद की कापी, खतियान का नकल (अगर उपलब्ध हो तो) दावाकृत भूमि से संबंधित दस्तावेज का ब्यौरा व आधार कार्ड की कॉपी के साथ शिविर में उपस्थित होना पड़ेगा। इसके अलावे आवश्यकतानुसार मृत जमाबंदी रैयत का मृत्यु प्रमाणपत्र और वंशावली प्रपत्र भी भरकर जमा करना होगा। जिले में भूमी सर्वेक्षण का कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। अंचल स्तर पर सर्वेक्षण टीम के पदाधिकारियों व अमीन की तैनाती को लेकर कार्य हो रहे हैं तथा भूमी सर्वेक्षण के लिए रोहतास जिले में 370 कलस्टर भी बनाए गए हैं। जिसके माध्यम से जिले के लगभग 1954 गांवों में भूमी सर्वेक्षण् का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूमि विवाद के बढ़ते मामले को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। सर्वेक्षण के दौरान सभी उपकरण उच्च तकनीकी से लैस होंगे तथा ड्रोन के माध्यम से ही प्रत्येक गांवों के भूमि का मानचित्र लिया जाएगा।

# नव दोहरीकृत हरिनगर-भैरोगंज रेलखंड पर आज किया जायेगा स्पीड ट्रायल

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** सगौली-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण परियोजना के तहत हरिनगर और भैरोगंज के बीच दोहरीकरण पूरा किया जा चुका है। इस रेलखंड पर कल दिनांक 31.07.2024 को शाम 04.00 बजे से 06.00 बजे तक निरीक्षण यान/रेल इंजन से स्पीड ट्रायल किया जायेगा। स्पीड ट्रॉयल के दौरान निरीक्षण यान/रेल इंजन बहुत ही तीव्र गति से चलेगी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे लाईन के निकट नहीं आवें और मवेषियों को भी दूर ही रखें । इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रषासन जिम्मेवार नहीं होगा। विदित हो कि लगभग 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मीकिनगर दोहरीरकण परियोजना के तहत अब तक 66 किमी रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर उसपर परिचालन प्रारंभ किया जा चुका है। अब 08 किमी लंबे हरिनगर-भैरोगंज रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूर्ण करते हुए इस पर स्पीड ट्रायल किया जा रहा है।

## गोरखपुर-हाजीपुर-समस्तीपुर-बरौनी-किउल के रास्ते लालकुआं और हावड़ा के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा लालकुआं और हावड़ा के मध्य एक स्पेशल ट्रेन गाड़ी सं. 05060/05059 लालकुआं-हावड़ा-लालकुआं स्पेशल का परिचालन किया जाएगा। यह स्पेशल लालकुआं से प्रत्येक गुरूवार को तथा हावड़ा से प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 05060 लालकुआं-हावड़ा स्पेशल दिनांक 01.08.2024 से 29.08.2024 तक प्रत्येक गुंरूवार को लालकुआं से 13.35 बजे खुलकर शुक्रवार को 09.10 बजे हाजीपुर, 10.05 बजे मुजफ्फरपुर, 11.12 बजे समस्तीपुर, 12.25 बजे बरौनी, 14.35 बजे किउल सहित अन्य स्टेषनों पर रूकते हुए 21.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05059 हावड़ा-लालकुआं स्पेशल दिनांक 02.08.2024 से 30.08.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को हावड़ा से 23.30 बजे खुलकर शनिवार को 06.48 बजे किउल, 09.50 बजे बरौनी, 11.40 बजे समस्तीपुर, 13.00 बजे मुजफ्फरपुर, 14.18 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेषनों पर रूकते हुए रविवार को 13.55 बजे लालकुआँ पहुंचेगी। इस स्पेषल में प्रथम एवं द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01, तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे।

# सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण, व्यवस्था दुरुस्त

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी जंगली क्षेत्र सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह ने विद्यालय में जाकर विद्यालय में पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन व बच्चों की संख्या को लेकर निरीक्षण किया। विद्यालय में व्याप्त कमी के बारे में प्रधानध्यापिकों से पूछताछ किया। वहीं बसरौन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सविता कुमारी ने बताई कि जंगली क्षेत्र होने के कारण कुछ बच्चे मध्यान भोजन खाने के बाद अपने-अपने घरों को चले जाते हैं। जो ढिबरा चुनने का काम करते हैं। वहीं जो बच्चा शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं। उन्हें विद्यालय में बढ़िया से शिक्षा दिया जाता है एवं बच्चों के परिजनों को भी प्रेरित किया जाता है कि अपने-अपने बच्चों को नियत समय पर स्कूल भेजें अब सरकार सभी प्रकार की सुविधा बच्चों को दे रही है। साथ में खाने के रूप में मध्यान भोजन भी मिल रहा है। जिससे सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र के बच्चों को पढ़ने में आसानी हो। इस संबंध में मुखिया नारायण सिंह ने कहा कि हम जंगली क्षेत्र के झलकडीहा, बाराटांड, सिमरातरी, चटकरी व बसरौन विद्यालय का अक्सर निरीक्षण करते हैं। साथ ही बताया कि विद्यालय में किसी प्रकार की कमी होने पर संबंधित विभाग को बताया जाता है। उसके बाद विद्यालयों में व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए शिक्षकों के साथ में बैठक भी किया जाता है, जिससे शिक्षकों अपनी विद्यालय के समस्या को रखें और मुखिया के द्वारा उन समस्या को संबंधित पदाधिकारी के बीच रखा जाए। जिससे विद्यालय का संचालन ठीक से हो और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी मिले। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि जबसे मुखिया नारायण सिंह बने हैं। तब से विद्यालय व अन्य सामाजिक कार्य पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। जिससे जंगली क्षेत्र धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ रहा है। मौके पर विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के परिजन व रसोईया उपस्थित थे।

# दिल्ली के बाद पटना में निशाने पर कोचिंग सेंटर, सुरक्षा मानकों की जांच के लिए बनाई गई टीम

निज संवाददाता

**पटना।** दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग संस्थान में हुए हादसे ने सुरक्षा इंतजामों पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। दिल्ली की ही तरह बिहार की राजधानी में भी कोचिंग संस्थानों की भरमार है। कई इलाके ऐसे हैं, जहां काफी संख्या में कोचिंग संस्थानों का संचालन हो रहा है। वहां छात्रों की भीड़ रहती है, लेकिन वहां सुरक्षा मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। ऐसे में सुरक्षा मानकों को लेकर डीएम ने कोचिंग संस्थानो की जांच के लिए अनुमंडलवार टीम गठित की है। इसमें संबंधित एसडीओ अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनके अलावा अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी, संबंधित क्षेत्र के नगर कार्यपालक पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बीईओ व थानाध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इन्हें दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। कुल छह बिंदुओं पर इन्हें विस्तृत जांच का निर्देश दिया गया है। इनमें कोचिंग संस्थान की निबंधन की स्थिति, सुरक्षा मानकों के अनुपालन, बिल्डिंग बायलाज, फायर एग्जिट तथा आकस्मिक स्थिति से निपटने की व्यवस्था और प्रवेश एवं निकास द्वार की स्थिति की जांच करनी है। सकरी गलियों में, छोटे से कमरों में कोचिंग संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। वहां पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे में अन्य इंतजामों की बात ही बेमानी हो जाती है। यदि कोई अप्रिय घटना हो जाए तो वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी नहीं पहुंच पाएंगी। अब ऐसे कोचिंग सेंटरों की जांच की जाएगी।

## सावनोत्सव पर संत जौन्स पब्लिक स्कुल के छात्राओं के बीच मेहंदी सौन्दर्य प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड स्थित संत जौन्स पब्लिक स्कुल में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मेहंदी सौन्दर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बिपिन कुमार ने कहा कि प्रेम, सौंदर्य और भक्ति के इस पावन माह सावन में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 5 से 10 वीं की छात्राओं ने भाग लिया है। छात्राओं ने अपने हाथों में एक से बढ़कर एक मेहंदी की आकर्षक डिजाइन बनाकर लोगों का दिल जीत लिया। विद्यालय प्रबंधक बिपिन कुमार तथा प्राचार्य संतोष कुमार ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने वाली बालिकाओं के बीच उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षक गुलशन कुमार, शिक्षिका रूपाली कुमारी तथा मिट्ठू की प्रशंसा की गई। मौके पर छात्रा अदिति कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, त्रिशा, अलिसा, मनीषा, सुमन कुमारी, सानू प्रिया, एंजल तथा सोनाली ने कार्यक्रम में बेहतर ढंग से एक दूसरे के हाथों में आकर्षक मेहंदी का डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा में चार चाँद लगाया।

# छात्र अभिनंदन सह चरक शपथ समारोह का आयोजन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन के तत्वावधान में कल शाम गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देवमंगल सभागार में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवागंतुक मेडिकल छात्रों के लिए नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएमसीएच पटना के फिजियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह एवं एआईआईएमएस पटना की बर्न व प्लास्टिक सर्जरी की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर वीणा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा एन एम ओ मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अतिथियों ने अपने उद्बोधन से छात्रों का मनोबल बढ़ाया तथा राष्ट्रीय भावना के साथ मानव सेवा करने हेतु प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि समाज से जो कुछ हमने लिया है और जिसके बल पर हम विद्या प्राप्त कर रहे हैं उसका उपयोग समाज के हित में करके उन्हें कुछ वापस करने की भी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना चाहिए। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित डेहरी के अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, भारतीय प्रशासनिक सेवा ने चिकित्सा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सकों और प्रशासनिक पदाधिकारी के कार्यों में काफी समानता है। चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करने में अपनी भूमिका निभाते हैं जबकि प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों की अन्य समस्याओं के निराकरण करने में अपना समय देते हैं। दोनों ही चौबीस घंटे सातों दिन कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर कुलपति डा महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है इसे हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने छात्रों को अनुशासित ढंग से शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करने और संस्थान के ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सचिव गोविंद नारायण सिंह, कुलसचिव डॉक्टर अभिषेक कमेन्दु, उपप्राचार्य डॉ अशोक कुमार देव, परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चिकित्सा के छात्रों के साथ ही स्त्री रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ के के कॉल, न्यूरो सर्जरी के डॉक्टर वी ए पंडित, ईएनटी विभाग के डॉक्टर दिवाकर, सर्जरी विभाग के डॉक्टर आरके अजय, एनेस्थेशिया विभाग के डॉक्टर राकेश रोशन, फिजियोलॉजी विभाग की डॉक्टर अभिलाषा आदि वरीय शिक्षक उपस्थित रहे। एन एम ओ की तरफ से डॉ अजीत कुमार, डॉक्टर हिमांशु कुमार, डॉक्टर वर्षा, डॉक्टर सुधांशु, डॉक्टर सौरभ, अदनान आदि मौजूद रहे।

## पीएससी में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पकड़ा रफ्तार

निज संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस प्रखंड के विभिन्न पंचायत में पीएसी के द्वारा सिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जोरो पर चल रहा है। कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि कोचस पीएचसी में मंगलवार को शाम चार बजे तक पांच सौ आयुष्मान कार्ड निर्गत किए जा चुके थे। आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने की जिम्मेवारी आशाओं को प्रखंड के सभी पंचायतो मे शिविर लगाकर निर्गत करने को कहा गया है। उन्होने ने कहा की टोल मोहल्ले में जाकर आम परिवार को आयुष्मान कार्ड बनवाने के फायदे को गिनवाया गया। आम लोगों को मुफ्त चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार की यह सबसे बड़ी योजना है। देश भर के सूचीबद्ध छोटे-बड़े अस्पतालों में जाकर प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक के चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। वही आम जनों से अपने पीडीएस दुकान पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। अभी तक आमलोगों को कार्ड निर्गत कराने में जिले के कोचस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छठे स्थान पर है। कार्ड निर्गत करने की समय सीमा 18 जुलाई से 31 जुलाई तक ही थी जबकि डीएम के द्वारा समय सीमा बढ़ाकर 7 अगस्त तक कर दिया गया है।

## एक्सप्रेसवे का मुद्दा अखिलेश यादव ने सदन में उठाया

**पटना (नि.सं.)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने लोकसभा में भागलपुर से बक्सर तक बन रहे एक्सप्रेस-वे का मुद्दा उठाया। इसके साथ, उन्होंने केंद्र सरकार को यह भी समझाया कि दिल्ली से सीधे भागलपुर को कैसे जोड़ा जा सकता है।

## मेट्रो कॉरिडोर-2 की सुरंगों की खुदाई 45 प्रतिशत पूरी

निज संवाददाता

**पटना।** पटना मेट्रो के कोरिडोर-दो (पटना स्टेशन-न्यू आइएसबीटी) पर एलिवेटेड के साथ अंडरग्राउंड रूट पर भी काम तेजी से जारी है। पटना मेट्रो की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस कोरिडोर में अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए सुरंगों की खोदाई का 45 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय से गांधी मैदान के बीच दो टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के जरिए मेट्रो सुरंग की खोदाई की जा रही है। इसके अलावा गांधी मैदान से आकाशवाणी स्टेशन तक भी दो टीबीएम से भूमिगत सुरंग की खोदाई हो रही है। कॉरिडोर-दो में कुल 12 मेट्रो स्टेशन हैं। इसमें न्यू आइएसबीटी से मलाही पकड़ी तक पांच स्टेशन एलिवेटेड हैं, जो प्रायोरिटी कोरिडोर का हिस्सा हैं। इसके आगे पटना जंक्शन तक सभी सात मेट्रो स्टेशन अंडरग्राउंड है। मलाही पकड़ी के बाद राजेंद्रनगर से मेट्रो रेल भूमिगत हो जाएगी। इसके लिए मोइनुलहक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय तक डेढ़ किमी लंबी मेट्रो की दोहरी सुरंग की खोदाई का काम मई में ही पूरा हो चुका है। इसके बाद विश्वविद्यालय के आगे वाया पीएमसीएच, गांधी मैदान तक खोदाई चल रही है।

# जल संकट को लेकर डीएम ने की बैठक

निज संवाददाता

**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जलापूर्ति योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जिले में पानी और बिजली की विकट समस्या है। ज्ञातव्य हो कि ''हर घर नल का जल'' योजना के तहत् राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों में गृह संयोजन के माध्यम से जलापूर्ति दी जानी है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक वार्ड में चल रही इस योजना का जायजा लिया साथ ही छुटे हुए वार्ड या क्षेत्र का तथा बंद सेवा वाले वार्ड/टोला/बसावट के सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया। अभ्युक्ति में कारण भी बताने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण का कार्य पारदर्शी, सूक्ष्म एवं बिल्कुल सटीक तरीके से किया जाय ताकि शिकायत का कोई मौका न हो। इस कार्य को प्रमुखता के साथ किया जाना है। जिलाधिकारी ने पांच दिनों के अन्दर सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति पर आवश्यक रूप से बल दिया। जिलाधिकारी द्वारा कार्य स-समय पूरा नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों के वेतन काटे जाने का निर्देश दिया गया। नल जल के छूटे हुए बसावट/वार्ड/टोले के सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रतिवेदन बीपीआरओ, पंचायत सचिव, मुखिया, टीए के संयुक्त हस्ताक्षर से देने का निर्देश दिया गया। डीएम द्वारा सर्वेक्षण के उपरांत तुरंत प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया ताकि बंद पड़े नल एवं छुटे हुए नल जल के कार्य ससमय पूर्ण हो सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस योजना के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु कल सभी बीपीआरओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीटीए, इंजिनियर्स और पंचायत सचिव आदि की बैठक आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंडों में जलापूर्ति योजना के कार्यों की मॉनेटरिंग करने के निर्देश दिये गये। बैठक में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, नवीन कुमार पाण्डेय जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## सशस्त्र सीमा बल ने चलाया पौधारोपण अभियान

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमान्डेंट राजेश सिंह के निर्देशन तथा सहायक कमान्डेंट मोहम्मद जहांगीर राईनी के नेतृत्व में ई.कम्पनी 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड के पाली एवं सीमावर्ती प्रखण्ड पकरीबरावां के गुलनी गांव में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दरम्यान एसएसबी जवानों ने सार्वजनिक जगहों व स्थलों पर 200 फलदार एवं छायेदार पौधों को रोपण कर लोगों को पौधा रोपण की तकनीक के बारे में बताया एवं लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक किया। सहायक कमान्डेंट मोहम्मद जहांगीर राईनी ने लोगों को पौधा के महत्व पर बताते हुए कहा कि एक पौधा सौ पुत्र के समान होता है अर्थात पौधा लगाना न सिर्फ लोगों का कर्तव्य है,बल्कि लोगों का धर्म भी है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को प्रेरित किया। मौके पर स्थानीय मुखिया समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन, पुरस्कृत हुए उत्तीर्ण बच्चे

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। अनुमण्डल क्षेत्र के सिरदला प्रखण्ड अंतर्गत सोनवे गांव स्थित द डीवाइन इंग्लिश स्कूल में रेंजर मनोज कुमार के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानध्यापक अविनाश कुमार, वनपाल धनंजय कुमार, पंकज कुमार व रवि कुमार भी मौजूद रहे। रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि हर साल 29 जुलाई को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। बाघों की घटती संख्या के कारणों को जानने के साथ ही उनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से मनाया जाता है। साथ ही कहा कि बाघ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को स्वस्थ रखने और उसकी विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर बाघ नहीं बचेंगे, तो इससे पूरा पारिस्थितिक तंत्र बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। इसलिए इसका महत्व समझना जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार को सिरदला के एक निजी विद्यालय में छात्र-छात्राओं में जागरूकता हेतु चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। रेंजर ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल की छात्रा आरती कुमारी ने प्रथम स्थान, छात्र सचिन कुमार एवं छात्रा नंदिनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## 70 टेलर बालू जब्त, चालक फरार

निज संवाददाता

**नवादा**। जिले के उग्रवाद प्रभावित रोह थाना क्षेत्र के ताजपुर के पास पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त छापामारी अभियान में 70 टेलर बालू जप्त किया है। मौके पर पुलिस को आते देख चालक ट्रैक्टर का इंजन लेकर फरार होने में सफल रहा। इस बावत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि ताजपुर के पास से व्यापक पैमाने पर बालू चोरी की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। खनन विभाग के अधिकारियों साथ छापामारी अभियान में 70 टेलर बालू लदा जप्त कर थाना लाया गया। चालक पुलिस को आते देख इंजन लेकर फरार होने में सफल रहा। बता दें जिले में खनन व पुलिस विभाग की मिलीभगत से बालू चोरी का धंधा चरम पर है। छापामारी के पूर्व सूचना मिलने से मौके से माफिया फरार होने में सफल रहते हैं। दिखावे के तौर पर एक दो बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर खानापूर्ति की जा रही है।

- **चलाया गया था छापेमारी अभियान।**

चालक पुलिस को आते देख इंजन लेकर फरार होने में सफल रहा। बता दें जिले में खनन व पुलिस विभाग की मिलीभगत से बालू चोरी का धंधा चरम पर है। छापामारी के पूर्व सूचना मिलने से मौके से माफिया फरार होने में सफल रहते हैं। बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर खानापूर्ति की जा रही है।

## महिलाओं द्वारा शराब बेचने की सूचना पर पहुंची पुलिस

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र में सोमवार की संध्या प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के नजदीक दो घरों में शराब बेचने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध पुलिस बलों की मदद से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## जांच चौकी पर शराब के नशे में रहे 13 शराबी धराए

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 13 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उत्पाद विभाग के अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक पिन्टू कुमार के द्वारा किया जा रहा है। सोमवार की रात्रि से लेकर मंगलवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 13 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार मंगलवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया। समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई धीरज लाल पंचम के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## लचर विद्युत आपूर्ति के विरुद्ध बन्द रहेगा बड़राजी बाजार

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। कौआकोल में इन दिनों स्थानीय प्रक्षेत्र के विद्युत अभियंता के लगातार कार्यालय से गायब रहने एवं उनके क्षेत् में नहीं रहने के कारण उत्पन्न विद्युत संकट ने ग्रामीणों को आंदोलन करने पर मजबूर कर दिया है। लचर विद्युत आपूर्ति के विरुद्ध ग्रामीणों में बुधवार को बड़राजी बाजार को स्वेच्छापूर्वक बन्द करने का आह्वान किया है। कौआकोल पश्चिमी के जिला पार्षद नीतीश राज ने बताया कि जब से कौआकोल में अनीश कुमार की जेई पद पर पदस्थापना हुई है,अक्सर वे कार्यालय से गायब ही रहकर ड्यूटी कर रहे हैं। जिससे अन्य विद्युत विभाग के कर्मी भी लापरवाह हो गए हैं। जिसके कारण कौआकोल क्षेत्र में बिजली व्यवस्था काफी दयनीय हो गया है। हाल ये है कि लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वहीं किसानों के कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। जिससे बाध्य होकर लोगों ने आंदोलन करने का मन बना लिया है। इसी के तहत बुधवार को शुरुआती चरण में बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया है।

## पाइप से पानी ले जाने पर हुई जमकर मारपीट

निज संवाददाता

**नवाद)**। जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के चोरवर गांव में सिंचाई पाइप के झगड़े में महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला को चार लोगों द्वारा बुरी तरह पीटा जा रहा है। इस दौरान बाल पकड़कर घसीटा भी जा रहा है। वायरल वीडियो 26 जुलाई की बताया जा रहा है। पीड़ित महिला का नाम सीमा देवी देवी बताया जा रहा है। घटना का कारण खेत में सिंचाई के लिए बिछाया गया पाइप बताया जा रहा है। सीमा देवी का आरोप है कि छोटेलाल राजवंशी ने पाइप को अपना बताते हुए उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। सीमा देवी के अनुसार, अपने खेत में सिंचाई के लिए पाइप लगा रही थी। तभी छोटेलाल राजवंशी ने पाइप पर अपना हक जताते हुए अपने बेटे नीतीश, बेटी सोनम और पत्नी बच्ची देवी के साथ मिलकर मारपीट की। मारपीट के बाद घायल सीमा देवी को स्थानीय लोगों ने रोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीमा देवी ने बताया कि उनके भैंसुर और जेठानी ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। पीड़िता ने कादिरगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें छोटेलाल राजवंशी, नीतीश राजवंशी, सोनम देवी और बच्ची देवी को नामजद बनाया गया है। थानाध्यक्ष श्रवण राम ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शेष आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है।

## खेत मजदूर यूनियन ने नरहट प्रखण्ड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को लेकर दिया धरना

निज संवाददाता

**नरहट (रोहतास)**। बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय पर खेत मजदूर यूनियन नरहट इकाई द्वारा अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय रोषपूर्ण धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेत मजदूर यूनियन के प्रखण्ड अध्यक्ष अम्बिका राम ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि नरहट प्रखण्ड में बहने वाली नदियों से बालू उठाव को रोक जाय। बालू के उठाव के कारण सभी पईन का मुहाना उचा हो गया है जिसके कारण पईन में पानी नही जा रहा है। मुहाना को साफ कराया जाय। कम वर्षा के कारण धान की रोपनी बहुत कम हुई है इसलिए नरहट प्रखण्ड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाय। मंहगाई पर रोक लगाने, महिलाओं, दलितों, कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों पर हमले बन्द करने। साठ वर्ष पूरा करने वाले सभी गरीबों को पांच हजार रुपये मासिक पेंशन देने समेत 14 सूत्री मांगों को लेकर विस्तार पूर्व अपनी बातें रखी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गोविंद प्रसाद ने कहा कि खेत मजदूरों की समस्या को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय पर धरना के माध्यम से अपनी मांगों को तेज कर रहे हैं। हमारा अंचल मुख्य रूप से खेती पर आधारित है। हमारे अंचल में दो नदियां है। दोनों नदी के मुहाने उचा हो गया है। इसको सही कराया जाय जिससे पईन में पानी जा सके। उन्होंने कहा कि मजदूरों को मनरेगा योजना से काम दिया जाय और मजदूरी को बढ़ा कर 600 सौ रुपए किया जाय। खेत मजदूरों के लिए ब्यापक केंद्रीय कानून बनाया जाय। आयुष्मान योजना डॉक्टरों पदाधिकारियों का लूट की योजना बन गया है। आयुष्मान योजना को बंद कर इसका लाभ सीधे मरीज के खाते में दिया जाय। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने सम्बंधित कर किसान मजदूरों की समस्या को उठाया और सरकार से समाधान की मांग की। इस मौके पर सचिव श्यामसुंदर चौहान, बह्मदेव प्रसाद आदि सैकड़ों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।


**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

कोटेशन आमंत्रण संख्या–04/2024–25

(अल्पकालीन कोटेशन)

एदद् द्वारा जिला परिषद, औरंगाबाद के रमेश चौक स्थित परिषद बाजार के स्थान पर नया बाजार (दुकान), उपरी मंजिल निर्माण तथा विवाह भवन एंव कार्यालय भवन निर्माण हेतु केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों/प्रतिष्ठानों में सूचीबद्ध सक्षम फर्म से निम्न कार्यो के लिए विस्तृत योजना प्रतिवेदन (DPR) निर्माण हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है–

1. Survey and investigation.
2. Architectural Design.
3. Structural Design.
4. Sail test Report.
5. Site supervision
6. Sanitary and water supply work.
7. Electrical works and other safety measures.
8. Estimated cost.

शर्ते :–

1. कोटेशन समर्पित करने वाले फर्म को DPR बनाने के कार्य अनुभव का प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
2. सुरक्षित जमा के रूप में मो0 10000.00 (दस हजार) रू0 मात्र का बैंक ड्राफ्ट मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, औरंगाबाद के पदनाम से जमा करना अनिवार्य है।
3. फर्म का आयकर, जी0एस0टी0,आदि का अद्यतन रिटर्न (तीन वर्ष) सलंग्न करना होगा।
4. कोटेशनद्वाता द्वारा Technical Bid और Financial Bid को दो अलग–अलग लिफाफा में जमा किया जायेगा।
5. जो कोटेशनदाता Technical Bid में सफल पाये जायेगे, मात्र उन्हीं की Financial Bid खोली जायेगी।
6. कोटेशन समर्पित करने से पूर्व कोटेशन दाता स्थल निरीक्षण कर संतुष्ट हो लेगे।
7. सामुदायिक भवन के विभिन्न अवयवों को मापदण्ड के अनुरूप होने एंव न्यूनतम दर उघृत करने वाले कोटेशनदाता को कार्य आवंटित किया जायेगा।
8. बिना कारण बताये कोटेशन स्थगित /रदद् करने का अधिकार जिला परिषद, औरंगाबाद के पास सुरक्षित है।
9. कोटेशन से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
10. कोटेशन दिनांक– 20.08.2024 को संध्या 05 बजे तक ही जमा किया जा सकता है।
11. कोटेशन की तकनिकी तथा वित्तीय बीड खोलने की तिथि 21.08.2024 को 12.30 अपराह्न बजे तक निर्धारित है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, औरंगाबाद

PR- 004933 (B & C) 2024-25

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, औरंगाबाद

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
**सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर (औरंगाबाद)**
E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com
पत्रांक– 1189
नीलामी सूचनाः– 02/2024–25

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद का पत्रांक 1271 दिनांक 22.07.2024 के निदेश बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (i) (ख) के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के प्रमण्डलाधीन अनुपयोगी यंत्र/संयंत्र/उपस्करों की निलामी किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | प्रमण्डलाधीन अनुपयोगी यंत्र/संयंत्र/उपस्करों का नाम एवं संख्या | नीलामी की न्यूनतम बोली (रूपये में) | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रमण्डलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट–(ख) पर संलग्न सूची के अनुसार | 40233.00 | 10058.00 | 21.08.2024 |

नीलामी शर्तेः–

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 08.08.2024 से दिनांक 21.08.2024 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) सूचनापट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्र/संयंत्र/उपस्करों की सूची देख सकते हैं।
2. सभी यंत्र/संयंत्र/उपस्कर जहाँ है, जो भी है, के आधार पर नीलामी सम्पन्न होगी।
3. नीलामी कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से दिनांक 21.08.2024 के अपराह्न 3:30 बजे की जायेगी।
4. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 21.08.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक अपने आवेदन के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 10058.00 (दस हजार अनठावन रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट / डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर के नाम से देय हो, को जमा करना होगा। उसके बाद हीं उन्हें दिनांक 21.08.2024 की नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाएगा।

(ई० सुरेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर

PR. No.004970 (WRD) 2024-25

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**



**पूर्व मध्य रेल**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मध्य रेल में पं० दीन दयाल उपाध्याय मण्डल के नबीनगर–कजरत नावाडीह स्टेशन के मध्य स्थित मानव सहित समपार सं० 31सी/ई कि०मी० 379/01–03 पर भूमिगत मार्ग (LHS) के पूर्ण रूप से बनने एवं यातायात के लिए सुचारू रूप से कार्य करने के उपरांत उक्त समपार को बन्द करने के सम्बंध में जिला अधिकारी औरंगाबाद/ बिहार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने एवं प्रमुख मुख्य इंजीनियर पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के संस्तुति मिलने के पश्चात पं० दीन दयाल उपाध्याय मण्डल रेल प्रशासन द्वारा मानवसहित समपार सं० 31सी/ई कि०मी० 379/01–03 को तत्काल प्रभाव से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।




पीआर/00792/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/एन/24–25/144

वरीय मंडल इंजीनियर/III, पूर्व मध्य रेलवे, डी०डी०यू०



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**
E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com

निलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद का पत्रांक 1073, दिनांक–25.06.2024 के निहित निदेश एवं बिहार वित्त नियमावली के नियम 143(i) (ख) के आलोक में उत्तर कोयल कॉलोनी शिविर अन्तर्गत जर्जर अवस्था में सी टाईप,डी टाईप,ई टाईप,एफ टाईप स्थायी आवास एवं गोदाम के ध्वस्त करने एवं तदोपरान्त अवशेषों की निलामी किया जाना है। जिसकी विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | प्रमडलाधीन अवस्थित आवास का नाम एवं संख्या | ग्रुप संख्या | निलामी की न्यूनतम बोली (रूपयें में) | सुरक्षित जमा राशि | निलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सी0–02 टाईप स्थायी आवास एक अदद एवं डी0–4 टाईप स्थायी आवास एक अदद | 01 | 38100.00 | 3900.00 | 16.08.2024 |
| 02 | ई0 टाईप स्थायी आवास सं0 E23से E26 एवं E51से E52 , छः अदद | 02 | 66900.00 | 6700.00 | 16.08.2024 |
| 03 | ई0 टाईप स्थायी आवास सं0 E27से E30 चार अदद | 03 | 43100.00 | 4400.00 | 16.08.2024 |
| 04 | एफ0 टाईप स्थायी आवास सं0 F49 से F58 एवं F61से F80 तीस अदद | 04 | 298600.00 | 29900.00 | 16.08.2024 |
| 05 | गोदाम दो अदद | 08 | 53100.00 | 5400.00 | 16.08.2024 |

इन अवशेषों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक निलामी ''जैसे है उसी स्वरूप में'' के आधार पर इस कार्य हेतु दिनांक–16.08.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के कार्यालय में की जाएगी।

निलामी की शर्तें :–

01. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक–10.08.2024 से दिनांक–14.08.2024 तक कार्यालय अवधि में (**रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोडकर**) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी एवं ध्वस्त करने योग्य भवनों की सूची देख सकते है।
02. सभी अवशेष जहाँ भी है, जो भी हैं, जैसे भी हैं के आधार पर निलामी की प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।
03. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को कॉलम संख्या–05 में अंकित सुरक्षित जमा राशि/अग्रधन/प्रतिभूति की राशि दिनांक–14.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रधन की राशि, डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद (Executive Engineer, North Koel Canal Division, Aurangabad- Payble at State Bank Of India, Parisad Bazar, Aurangabad) के नाम से भुगतेय हो जमा करने के बाद हीं निलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि स्वीकार नहीं किया जाएगा।
04. निलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में या दूरभाष संख्या–7463889720,9771537770 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

(ई0 अजय कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 004967 (WRD) 2024-25

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

## संक्षिप्त समाचार

### 500 लीटर महुआ शराब के साथ ऑटो जब्त

**कोईलवर।** पुलिस ने कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप से 500 लीटर महुआ शराब के साथ एक ऑटो को जब्त किया। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि एक ऑटो पर अवैध शराब लेकर जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए टोल प्लाजा के पास से पुलिस ने 500 लीटर महुआ शराब जब्त किया।

### चाकू मारने वाला बाइक सवार हुआ गिरफ्तार

**आरा।** मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर चाकू मारने की घटना के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर लिया। गिरफ्तार मोहम्मद इमरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी है। रविवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव के निवासी इरशाद खान उर्फ गुड्डू पिता मोहम्मद वहीद खान ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। आवेदन में इरशाद खान ने लिखा था कि मैं रविवार को शाम अपने घर के पास खड़ा था। उसी क्रम में बाइक पर सवार एक व्यक्ति आया और मुझे ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद मैं उससे पूछा कि क्यों ठोकर मारे हो। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और घर से चाकू ला दोनों को वार कर घायल कर दिया।

### प्रगति के पथ पर अग्रसर है बिहारः भगवान

**बक्सर।** युवा जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष मोहित कुशवाहा के नेतृत्व में विधान पार्षद सह राष्ट्रीय महासचिव श्री भगवान सिंह कुशवाहा का अभिनंदन समारोह शिवप्रभा मैरेज हॉल में किया गया। समारोह में जेडीयू के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एमएलसी श्री भगवान कुशवाहा का जोरदार स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। मौके पर एमएलसी कुशवाहा ने कहा कि बिहार लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डबल इंजन की सरकार में हर क्षेत्र व हर वर्ग का विकास हो रहा है। समारोह में पूर्व मंत्री बिहार सरकार संतोष कुमार निराला, जदयू जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष संटू पटेल, प्रदेश महासचिव रोहित ओझा, संदीप ठाकुर, प्रेम मिश्रा, राजेश कुशवाहा, संजय चौधरी, चंदन कुशवाहा, वीर बहादुर कुशवाहा, कृष्ण कुमार, श्रीकांत कुशवाहा, संतोष चौधरी, संजय सिंह राजनेता, विजय कुशवाहा, फुटचंद कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, विवेक प्रजापति, पुजारी शाह, मोहम्मद अंसरुल्लाह खान, मुन्ना कुशवाहा, पवन कुमार, रमेश राम ,गोलू, मनोज, मनमोहन कुशवाहा मौजूद थे। सभी लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का शपथ लिया।

### भाकपा, मार्क्सवादी ने पीएम का पुतला फूंका

**बक्सर।** संसद में पेश बजट को किसान,कर्मचारी, मजदूर विरोधी बताते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन ज्योति प्रकाश चौक पर किया गया। इस दौरान वाम दल के नेताओं ने बजट के विरोध में जमकर नारेबाजी किया साथ ही साथ केंद्र सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते कहा कि केंद्र की सरकार पूंजीपतियों के लिए ही बजट पेश करती है। जाहिर सी बात है की करोड़ों का चंदा देने वालों के पक्ष में यह बजट है यह आम किसानों के हित में नहीं है। इसलिए इस बजट का विरोध किया जा रहा है। पुतला दहन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव भगवती प्रसाद, सचिन मंडल,अरुण कुमार ओझा, धीरेंद्र कुमार चौधरी, लकी जायसवाल, वीरेंद्र चौधरी, मनोज केसरी, राहुल ठाकुर थे।

### ड्रोन से हो रहा सोन की रेत का आकलन

**कोईलवर।** ड्रोन का उपयोग करके सोन नदी के बालू का आकलन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है बाढ़ आने से पहले पहले नदी में रेत की मात्रा का आकलन करना। यह कार्य हर वर्ष किया जाता है। विशेषज्ञों की पांच-सदस्यीय टीम जिले में आधा दर्जन चिह्नित स्थलों पर रेत की मात्रा का आकलन करने के लिए उच्च तकनीक वाले ड्रोन का उपयोग कर रही है। सोन नदी के तटीय इलाकों में पिछले दो दिनों से यह कार्य चल रहा है। मानसून के बाद सोन नदी में बाहरी स्रोतों से आई रेत की मात्रा निर्धारित करने के लिए दोबारा आकलन भी किया जाएगा। भोजपुर जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुशवाहा ने बताया कि ड्रोन से सोन नदी के रेत का खुदाई के पश्चात आकलन किया गया है। अब मानसून के बाद यह एक बार फिर आकलित किया जाएगा की कितना रेत वापस नदी में आया। उसी के अनुसार सोन नदी के कितने इलाके में कितनी मात्रा में रेत खनन करनी है इसकी अनुमति आगे दी जाएगी। भोजपुर जिले में सोन नदी के किनारे 28 बालू घाटों से खनन विभाग को हर साल 400 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। इस राजस्व के अलावा नियमों का उल्लंघन करने, जीएसटी और परिवहन विभाग के जुर्माने से भी विभाग को 500 करोड़ रुपये से अधिक की आय होती है। करीब चार महीने से खनन कार्य बंद है। जिले के विभिन्न घाटों से हर साल 18 से 20 लाख मीट्रिक टन बालू का खनन होता है। खनन विभाग ने 14 बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिनमें से नौ सोन नदी और पांच गंगा नदी में स्थित हैं। रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को सौंपी जाएगी, जिसमें आगे की कार्यवाही के लिए आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य नदी में रेत की एक निश्चित मात्रा को बराबर रखने की कवायद को बनाए रखना है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत, भोजपुर से बक्सर के ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंची थी

**बक्सर।** बक्सर के ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंची महिला और बच्ची ट्रैक्टर की चपेट आ गई। इससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना ब्रह्मपुर थाना को दिया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। इसके पहले बच्ची को इलाज के लिए रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया है। वहीं रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर पर बालू लोड था। जो बस्ती वाले इलाके में भी तेज गति से चला रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के इतवारी गांव निवासी सोनू प्रसाद की पत्नी दुर्गावती देवी (30) अपने दो साल की बच्ची रोशनी कुमारी को लेकर बक्सर जिले के ब्रम्हापुर धाम में प्रसिद्ध मंदिर ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन के लिए पहुंची थी। ब्रम्हापुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। जहां से बच्ची को इलाज के लिए भेजा गया था। महिला और बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बक्सर भेज दिया गया है। वहीं परिजनों को भी सूचना दे दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सर्वदलीय संघर्ष समिति ने दिया धरना, भ्रष्टाचार समेत चार सूत्री मांगों को लेकर नारेबाजी

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के जय प्रकाश स्मारक के समीप मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान शहर के कई समाजसेवियों ने नगर निगम, बिजली विभाग, अंचल कार्यालय और सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था के खिलाफ धरना दिया। धरना पर बैठे सभी समाजसेवियों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धरना का नेतृत्व कमलेश तिवारी ने किया। चार मुख्य मांगों को लेकर यह धरना का आयोजन किया गया था। जिसमें शहर की मूलभूत समस्या जुड़ी हुई है। कमलेश तिवारी ने कहा हमलोग की मांग यहीं है जितने भी गली नली में जल जमाव हुआ है सबसे पहले उसपर कार्य किया जाए। जितनी भी लाइट खराब है आरा शहर में अविलंब ठीक कराई जाए। वहीं ब्लॉक में दाखिल खारिज के नाम पर लूट हो रहा है उसको तत्काल बंद किया जाए। सदर अस्पताल में जिस तरह से अनियमितता है, बिजली की कटौती की जा रही है। इस सारी दुविधाओं को लेकर हमलोग धरना में बैठे है। धरना के बाद जिला प्रशासन हमारी बात नहीं सुनता है तो हम लोग सभी कार्यालयों में तालाबंदी का काम करेंगे।

**चार मुद्दों को उठायाः** पहला मुद्दा नगर निगम में व्याप्त भष्टाचार और निगम क्षेत्र में विकास का घोर अभाव, दूसरा मुद्दा अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज, परिमार्जन और अन्य कार्यों में कमीशन और अनियमितता, तीसरी मुद्दा में बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर के नाम पर मनमानी व विद्युत आपूर्ति का घोर अभाव और चौथी मुद्दा में सदर अस्पताल के कर्मचारियों का बर्ताव और जन सुविधा का घोर अभाव है। इन सभी मुद्दों को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति ने एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है।

♦ मांग पूरी न होने पर तालाबंदी की चेतावनी

**सभी जगह अफसरशाही हैः** धरना के नेतृत्व कर रहे कमलेश तिवारी ने बताया कि शहर में जितने भी सरकारी तंत्र है, उसमें घोर भ्रष्टाचार, जन सुविधाओं का अभाव है। उसी के खिलाफ हमलोग धरना पर बैठे हुए है। हर एक जगह पर नगर निगम, सदर अस्पताल या अंचल में चले जाइए, सभी जगह अफसरशाही है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता है। इसलिए हमलोग धरना पर बैठने के लिए मजबूर हैं। वहीं जनप्रतिनिधि अमरेंद्र चौबे ने बताया कि इस धरना में जितने भी साथी बैठे हैं, सब अपने-अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते आए हैं।

# जमीनी विवाद में सगे भाई समेत 4 लोगों की पिटाई 13 डिसमिल को लेकर 12 साल से चल रहा विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेल डुमरा गांव में सोमवार को 13 डिसमिल जमीन के विवाद को लेकर सगे भाई और भतीजे समेत 4 लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेल डुमरा गांव निवासी भुवनेश्वर सिंह के 3 बेटे मनोज कुमार सिंह, राम किशुन सिंह, तेज नारायण सिंह और उनका पोता मनीष कुमार सिंह शामिल है। इधर, तेज नारायण सिंह ने बताया कि वह गांव के ही एक व्यक्ति के परिवार के सदस्य बा12 साल पहले 13 डिसमिल जमीन खरीदा था।

उक्त व्यक्ति उनके उसी जमीन में बोए धान को उखाड़ने लगा और कहने लगा कि यहां तक मेरा जमीन आता है। जब उन्होंने कहा कि यह जमीन मैं आपकी चाची और भाभी से 12 साल पहले ही खरीद चुका हूं। उन्होंने धान उखाड़ने का विरोध किया। इसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा अपने साथ अन्य लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारकर सभी लोगों को घायल कर दिया। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, दूसरी ओर घायल तेज नारायण सिंह ने गांव के ही अरविंद सिंह नामक व्यक्ति एवं उनके साथ रहे अन्य लोगों पर लाठी-डंडों व लोहे के रॉड से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है।

♦ खेत से धान उखाड़ने को लेकर लड़ाई

वहीं, ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि 2 लोगों के सिर में काफी गंभीर चोटें आई है। सभी जख्मियों का इलाज कर दिया गया है। मामला शांत होने के पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# भोजपुर में युवक को गोली मारने वाले मामले में प्राथमिकी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र अन्तर्गत करमन टोला मोहल्ला में शनिवार की रात हथियार बंद तत्वों द्वारा एक युवक को गोली मारे जाने के मामले में प्राथमिकी करा दी गई है। घायल के बयान पर हुई प्राथमिकी में सन्नी सिंह और रजनीश को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घायल 17 साल के किशोर अंकित कुमार नवादा थाना क्षेत्र के रस्सी बगान, पूर्वी नवादा निवासी डोमा राय का बेटा है। रस्सी बगान, पूर्वी नवादा मोहल्ला निवासी अंकित कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम जब वह बाजार से घर वापस जा रहा था। जाने के क्रम में करमन टोला स्थित बोरिंग के पास एक साइड गाय और एक लड़की खड़ी थी। उसी कारण वह उधर से न जाकर दूसरी साइड से जा रहा था। तभी उक्त युवक दूसरी साइड से आ रहे थे। उसी दौरान उक्त युवकों की उससे टक्कर हो गई। इसके बाद उक्त युवकों द्वारा कहा जाने लगा कि क्या तुम्हें दिखाई नहीं देता है। इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोंकझोंक हुई। इसके बाद उक्त युवकों ने उसे गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे पहले इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पर नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत भी वहां पहुंच गए थे। इसके बाद घायल का बयान लिया गया था।

# भोजपुर में राहगीरों से छिनतई करने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे स्टेशन-कृषि भवन रोड में एक राहगीर के साथ मारपीट कर नकदी और बैग छीने जाने का मामला सामने आया है। साथ ही इस मामले में एक बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। इसकी जानकारी सोमवार को एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। पकड़ा गया विष्णु कुमार सुमन नवादा थाना केजी रोड गली नंबर दो का निवासी है। कांड में संलिप्त तीन अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को देर रात करीब 2 बजे कृष्णागढ़ थाना के पिपरपांती गांव निवासी राहुल पांडेय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद कृषि भवन के पास स्थित गली में जा रहे थे। उसी दौरान रेलवे स्टेशन-कृषि भवन के बीच मंगल पांडेय पथ पर 4 की संख्या में रहे बदमाशों ने उनके पास से मोबाइल, नकदी 3 हजार और बैग छीन लिया था। इसे लेकर भारतीय न्याय संहित कानून के तहत प्राथमिकी कराई गई थी। इसे लेकर थानाध्यक्ष कमलजीत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस दौरान टीम ने क्लब रोड में छापेमारी कर कांड में संलिप्त एक सदस्य विष्णु कुमार को छीने गए बैग के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/40, दिनांक 29.07.2024;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 12.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (1) 11241006;** एंटी रोल बार ब्रैकेट; रु. 67,850/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 13.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (2) 05241246बी;** पारम्परिक तथा डब्ल्यूएपी-7 एवं डब्ल्यूएजी-9 (3 फेज) लोको के लिए प्रयुक्त बॉल बीयरिंग 6312 सी3; 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 14.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (3) 10242157ए;** ऑयल कूलिंग यूनिट इत्यादि के लिए ब्लोअर मोटर 30केडब्ल्यू; रु. 69,320/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 16.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (4) 05241283;** डब्ल्यूएजी9/डब्ल्यूएपी7 लोकोमोटिवों की ट्रैक्शन मोटर बीयरिंग तथा सस्पेंशन ट्यूब बीयरिंगों के लिए सर्वोप्लेक्स एसएचसी-120 (आईओसीएल) ग्रीज की आपूर्ति; रु. 2,18,950/-। **(5) 05242051ए;** मेधा निर्मित 3 फेज एसी ट्रैक्शन मोटर इत्यादि के ड्राइंग एंड के लिए सिलिंड्रिकल रोलर बीयरिंग (इलेक्ट्रिकली इंसुलेटेड); रु. 69,300/-। **(6) 11241511;** स्टेनलेस स्टील का सेट; 0. **(7) 20241022ए;** मेमू टीआर. कोचों की बोलस्टर हेलिकल स्प्रिंग (आउटर); रु. 1,26,940/-। **(8) 22245544;** टैब. बैरीसिटीनिब 4 एमजी; रु. 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 19.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (9) 01241462;** डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेजिन बांडेड लैमिनेटेड शीटों इत्यादि की खरीददारी; रु. 55,150/-। **(10) 05245044;** स्क्रीन फ्लोर, प्लाजर पार्ट नं. 64.09.5000.103 इत्यादि; 0. **(11) 07241150;** मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, क्लास एम2 की खरीददारी, कोटिंग का प्रकारः-हेवी विनिर्देश सं. आईआरएसःएम-28/2020, कोड आईएसः 5206/2023 तथा एसटीआरः आरडीएसओ एमसी एमटीआर डब्ल्यू 01 संशो-03, आकारः- 4 मिमी x 350 मिमी; रु. 5,22,810/-. **(12) 08231671ए;** केबल बंचिंग टाई इत्यादि के सेट की खरीददारी; रु. 85,840/-। **(13) 08241063;** वी-डीप ग्रूव अल्टरनेटर पुली इत्यादि की खरीददारी; 0. **(14) 08241145;** मेजरिंग एवं मोनिटरिंग रीले इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,70,910/-। **(15) 08241512;** एसी एवं नॉन-एसी कोचों इत्यादि की एक्सल पुली के लिए फॉस्टेनर असेम्बली की खरीददारी; रु. 71,990/-। **(16) 08241542;** पीवीसी इंसुलेटेड सिंगल कोर मल्टी स्ट्रैंडेड अनशीथेटेड कॉपर केबल, आकारः 6 वर्ग मिमी इत्यादि की खरीददारी; 0. **(17) 10231867;** हिटाची टीआर-मोटर में प्रयुक्त इंसुलेटिंग रॉड; रु. 51,690/-। **(18) 10245011;** सम्पूर्ण बोगी फ्रेम इत्यादि; रु. 68,280/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 20.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (19) 08241679;** इनबिल्ट ड्राइवर इत्यादि के साथ 9 वॉट एलईडी ट्यूब लाइट की खरीददारी; रु. 72,150/-। **(20) 10245018;** पानी रहित यूरिनल सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 7,36,320/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 21.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (21) 01241433ए;** डेंसिफाइड थर्मल बांडेड पॉलिस्टर ब्लॉक इत्यादि की खरीददारी; रु. 67,780/-। **(22) 19245021;** गवर्नर असेम्बली इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,18,450/-। **(23) 22241041;** पिपेरासिलिन 4 जीएम + टैजोबैक्टम 500 एमजी इंजेक्शन; रु. 94,590/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 22.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (24) 21241068;** वोर्म व्हील (बी.जी.) इत्यादि; 0. **(25) 21241139;** वाशर इत्यादि के साथ सम्पूर्ण पिन फ्लैट हेड; 0. **(26) 21241261;** कैसनब बोगी इत्यादि के लिए ब्रेक वीयर प्लेट.; 0. **(27) 22241230;** इंज. सेफ्टाजाइडाइम 2 जीएम + एविबैक्टम 0.5 जीएम.; रु. 84,940/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 23.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (28) 21241006बी;** कैसनब 22 एच.एस. बोगी इत्यादि के लिए स्नबर स्प्रिंग; रु. 83,240/-। **(29) 21241119;** क्विक रीलिज वॉल्व इत्यादि के लिए किट; 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 26.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (30) 08241057;** 4.5 केडब्ल्यू ब्रशलेस अल्टरनेटर इत्यादि के लिए वी-डीप ग्रूव एक्सल पुली की खरीददारी; रु. 59,940/-। **(31) 20242157;** ईएमयू ट्रेलर कोचों के लिए लोअर रबड़ वाशर; रु. 1,12,850/-. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 27.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (32) 20242156ए;** नॉन एसबेस्टस आधारित 'के' टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक; रु. 13,83,670/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 28.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (33) 05241267;** हिटाची ट्रैक्शन मोटर इत्यादि के लिए सिलिंड्रिकल रोलर बीयरिंग एनयू-330 की खरीददारी; रु. 2,28,590/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (34) 08241058;** 4.5 केडब्ल्यू ब्रशलेस इत्यादि के लिए 'वी'-डीप ग्रूव अल्टरनेटर पुली की खरीददारी; 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 02.09.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (35) 10241926ए;** ऑयल कूलिंग यूनिट; रु. 1,16,470/-। **(36) 21241023;** कैसनब 22डब्ल्यू बोगी इत्यादि के लिए कॉस्ट स्टील बोलस्टर हेतु बोलस्टर लाइनर; रु. 2,65,830/-। **(37) 21241058;** कैसनब 22एचएस बोगी इत्यादि के लिए इनर स्प्रिंग; रु. 2,30,500/-। **(38) 21241343;** आर-चार्जर सम्पूर्ण मॉडिफाइड इत्यादि; रु. 71,720/-। **(39) 21241385;** नकल पाइवोट पिन इत्यादि; रु. 2,87,940/-। **(40) 21241389;** योक पिन इत्यादि; 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 09.09.2024 को अपराह्न 1.30 बजे: (41) 05241028;** 3 फेज डब्ल्यूएजी-9/डब्ल्यूएपी-7 लोको एक्सल बॉक्स बीयरिंग ग्रीज गैडस के लिए एस5 वी 42 पी 2.5 (पैक का आकार 18 किग्रा) की आपूर्ति; रु. 1,78,950/-। **(42) 08241079;** पारम्परिक कोचों इत्यादि के लिए बैटरी बॉक्स की खरीददारी; रु. 2,17,760/-। **निविदा लागतः** रु. 0 (सभी के लिए)। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-27/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 122_2024-25, दिनांक 26.07.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा (**सीनि. डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधीन क्षेत्राधिकार के अंतर्गत इनसीटू ग्लूड ज्वाईंटों की संरचना। **अनुमानित लागतः** रु. 59,70,814.87; **बयाना राशिः** रु. 1,19,400। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 06 (छह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 16.08.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत [टीडीसी] का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-189/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **डीईएन/3/हावड़ाः क्रमांक 1, ई.निविदा सं.: 139_2024-25, दिनांक 29.07.2024; कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल के मेन लाइन सेक्शन में 190ए तथा साहिबगंज में एसीसीएल लाइन, 5एफ में आरओआर सं. 3डी के गर्डरों का मजबूतीकरण। **अनुमानित लागतः** रु. 2,04,61,762; **बयाना राशिः** रु. 2,52,300। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **क्रमांक 2, ई.निविदा सं.: 140_2024-25जोन, दिनांक 29.07.2024; कार्य का विवरणः** डीईएन/3/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/आजिमगंज के अंतर्गत जोन सं. 35 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन एप्रोच रोड इत्यादि)। **अनुमानित लागतः** रु. 51,00,000; **बयाना राशिः** रु. 1,02,000। **समापन अवधिः** दिनांक 30.06.2025 को समाप्त अवधि। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 16.08.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-190/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी अस्पतालों में भी डेंगू से बचाव को फॉगिंग कराई जाएगी

**भागलपुर**। जिले में डेंगू से बचाव व इलाज को लेकर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर इन चीफ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएस डॉ. अशोक प्रसाद, डीपीएम मणिभूषण झा व मायागंज अस्पताल अधीक्षक से जानकारी ली। इसमें अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि हमारे यहां अभी डेंगू के एक भी मरीज नहीं हैं। डेंगू मरीज आने पर फैब्रिकेटेड वार्ड में 40 बेड रिजर्व किए गए हैं। अगर इससे ज्यादा मरीज आएंगे तो वहां 60 बेड और हैं, उसे भी इसके लिए तय कर दिया जाएगा। मरीजों की पहचान के लिए रैंडम किट से व एलाइजा जांच की सुविधा भी यहां है। अस्पताल में फॉगिंग करवाने के लिए भी दो मशीन यहां हैं, सिर्फ उसका केमिकल नहीं है। इस पर डायरेक्टर इन चीफ ने कहा है कि सिविल सर्जन के यहां से केमिकल लेकर फॉगिंग करवाएं। वहीं सीएस से कहा गया है कि नगर निगम से मिलकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराएं। इधर नगर निगम की ओर से शहर के सभी 51 वार्डों में एंटी लार्वा स्प्रे करने का अभियान सोमवार से फिर शुरू हुआ। स्वच्छता प्रभारी आदित्य जायसवाल ने सभी वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिया है कि सभी अपने-अपने वार्ड में एंटी लार्वा का स्प्रे करवाएं, ताकि मच्छरों के लार्वा को ही मार दिया जाए। सभी को तातारपुर गोदाम स्थित भंडार से पर्याप्त मात्रा में केमिकल व दवा लेने को कहा गया है। जिससे कि स्प्रे नियमित हो सके।

### अलग-अलग इलाके में फॉल्ट तार गिरने से बिजली संकट

**भागलपुर**। शहर के अलग-अलग इलाकों में फॉल्ट के कारण सोमवार को बिजली संकट रही। डीआईजी कोठी के पास दोपहर के लगभग 12 बजे हाइटेंशन तार पर टहनी गिरने से खंजरपुर सहित अन्य इलाकों की बिजली गुल हो गई। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उपभोक्ता बार-बार फ्यूज कॉल सेंटर पर शिकायत करते रहे। लेकिन दोपहर के 1 बजे तक इलाके की बिजली ठीक नहीं हुई थी। भीखनपुर गुमटी नंबर दो स्थित एक स्कूल के पास सुबह 8.33 बजे से वोल्टेज के उतार चढ़ाव से बहुत सारे लोग को परेशानी उठानी पड़ी। सुबह में वोल्टेज के उतार चढ़ाव के कारण घरों के मोटर तक लोग नहीं चला सकें। इससे लोगों के बीच पानी की संकट रही। लोगों को पानी खरीद कर लानी पड़ी तब लोगों ने अपनी जरूरत को पूरा किया। दोपहर के लगभग 12.30 बजे तक इलाके में वोल्टेज के उतार चढ़ाव की समस्या दूर नहीं हुई। वहीं मायागंज हॉस्पिटल का दोपहर के लगभग 12 बजे फेज उड़ गया। वहीं बरहपुरा उत्तर टोला का सुबह के लगभग 8 बजे फेज उड़ने से इलाके के बहुत सारे घरों में तीन घंटा तक बिजली नहीं मिली। खरनीघाट के पास सुबह के 6.40 बजे एलटी तार गिरने से आसपास के इलाके में एक घंटा से अधिक बिजली गुल रही।

### अगस्त माह से भरे जाएंगे हज यात्रा 2025 के लिए फॉर्म

**भागलपुर**। मक्का-मदीना से हज कर अपने वतन हाजी लौट चुके हैं। हाजी अपने रिश्तेदार व पड़ोसियों के यहां आबे-जमजम व खजूर का वितरण अब भी कर रहे हैं। हज-2025 के लिए आवेदन करने हाजियों से सलाह रहे हैं। भागलपुर के हज कार्यकर्ता हाजी उमर फारूक ने बताया कि हज 2025 के लिए फॉर्म अगस्त माह के पहले हफ्ते से भरे जाने की उम्मीद है। फॉर्म भरने के लिए पासपोर्ट जो 15-01-2026 तक वैध होने चाहिए। आधार कार्ड, सेविंग अकाउंट की पासबुक की फोटो कापी या कैंसिल चेक, कवर हेड का पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, ब्लड ग्रुप, नॉमिनी का नाम पता व मोबाइल नंबर की जरूरत होगी।

### मूल प्रमाण पत्र के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**मुंगेर**। विश्वविद्यालय में प्रवजन प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र तथा औपबंधिक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस आशय की सूचना परीक्षा विभाग ने जारी कर दिया है। जारी सूचना के अनुसार इन प्रमाण पत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए छात्रों को अग्रसारित आवेदन, रजिस्ट्रेशन स्लिप, एडमिट कार्ड, मार्क्स शीट आदि अपलोड करना अनिवार्य है।

### डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड जारी 30 तक हो सकेगा सुधार

**मुंगेर**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा वर्ष 2025 के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं 30 जुलाई तक अपने रजिस्ट्रेशन में हुई त्रुटि में सुधार करवा सकते हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा वर्ष 2025 मे शामिल होने वाले मैट्रिक का इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं विद्यालय प्रधान को निर्देश दिया गया है कि वह डमी पंजीयन कार्ड को डाउनलोड कर हस्ताक्षर व मुहर के साथ विद्यार्थी को दो प्रति में उपलब्ध कराएंगे। साथ ही छात्र-छात्राओं को भी निर्देशित किया गया है कि पंजीयन कार्ड में किसी तरह की त्रुटि हो तो अविलंब ऑनलाइन सुधार के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान को तुरंत आवेदन दें। डमी पंजीयन कार्ड में त्रुटि पाए जाने पर 30 जुलाई तक त्रुटि में सुधार कराया जा सकता है। अगर ऐसी त्रुटियों को लेकर छात्र-छात्राएं लापरवाही बरतते हैं, तो 30 जुलाई के बाद इन त्रुटियों में सुधार संभव नहीं हो सकेगा। ऐसे में उन छात्र-छात्राओं की परीक्षा बाधित हो सकती है।

### मां को कंधे पर लेकर बाबा नगरी निकला बेटा, कहा- मेरी कोई मन्नत नहीं, मां ने इच्छा जताई तो शुरू की यात्रा

**भागलपुर**। खगड़िया निवासी पवन साह बिहारी अपने मित्र कैलाश मंडल के सहयोग से अपनी वृद्ध मां शोभा देवी को कांवनुमा टोकड़ी में बैठाकर बाबाधाम की यात्रा पर निकले हैं। ये नजारा भागलपुर के कच्ची कांवरिया पथ पर देखने को मिला। वे सुल्तानगंज से बाबा नगरी देवघर जा रहे हैं। सावन माह शुरू होने के साथ ही कच्ची कांवरियां पथ पर सुलतानगंज घाट से जल लेकर बाबा धाम जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। खगड़िया जिला से आए कांवरिया जो इस कलयुग में श्रवण कुमार की तरह ही अपने वृद्ध माता को लेकर 105 किलोमीटर सफर पर बाबाधाम के लिए निकल पड़े हैं। पवन ने बताया कि वे 21 जुलाई को अपनी मां को लेकर खगड़िया से निकले हैं। कब तक देवघर पहुंच जाए ये कहा नहीं जा सकता है। कलयुग के श्रवण कुमार बने पवन ने बताया कि उनकी कोई मन्नत नहीं है। मां को बाबाधाम जाना था, लेकिन पैदल वो नहीं चल सकती थी। इस कारण निकल पड़े। उनकी मां ने बताया कि मेरा बेटा मुझे बहंगी में बैठा कर बाबाधाम ले जा रहा है। भगवान भोलेनाथ सभी माता-पिता को ऐसा बेटा दे।

### स्कूलों के जिम में ताला, घटिया क्वालिटी के उपकरण लगाए, वह भी धूल फांक रहे

**भागलपुर**। खगड़िया और बांका लोकसभा क्षेत्र में एमपी की गाइडलाइन के अनुसार 38 हाईस्कूलों में 4.36 करोड़ की लागत से लगा जिम धूल फांक रहा है। सामान इतना घटिया है कि ताला खोलकर स्कूल के बच्चे अगर रोजाना कसरत करने लगें तो यह महीने भर में ही टूट जाएंगे, क्योंकि एक भी स्कूल में मानक के अनुसार आईएसआई मार्का सामान की आपूर्ति नहीं की गई है। सांसद निधि से खगड़िया के पूर्व सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने 15 स्कूलों में 1.85 करोड़ और बांका के सांसद गिरधारी यादव ने अपने लोकसभा क्षेत्र के 13 हाईस्कूलों में जिम की स्थापना पर सांसद निधि से लगभग 1.56 करोड़ रुपए खर्च किए। कहकशा परवीन ने 10 उत्क्रमित हाईस्कूलों में 9.45 लाख खर्च किए। इन सभी में से एक जिम की स्थापना बांका के अमरपुर विस स्थित एमडीएम इंटरस्तरीय विद्यालय डुमरामा में की गई। उस जिम को देखने भास्कर टीम स्कूल पहुंची तो पाया कि जिम में ताला लगा रखा गया था। यहां बच्चों को रोजाना जिम करने दिया जाता है। जब टीम ने जिम देखने की इच्छा जताई तो प्रभारी ने ताला खोला। जिम प्रभारी ने बताया कि 3 बजे से जिम खोला जाता है। जब सवाल पूछा गया तो लंच के बाद अधिकतर बच्चे घर चले जाते हैं तो जिम कौन आता है? इस पर स्कूल प्रबंधन ने चुप्पी साध ली। खगड़िया में 15 स्कूलों में मल्टी जिम लगाए गए। पूर्व सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने इसका उद्घाटन किया। इसमें अधिकांश मल्टी जिम बंद और बेकार हैं। परबत्ता विधानसभा क्षेत्र के पैंकात पंचायत के हाईस्कूल देवठा, हाईस्कूल टीकापुर लगार और हाईस्कूल बंदेहरा में मल्टी जिम स्थापित की गई थी।

# सीएस कार्यालय के बाहर एनएचएम कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## एक माह से धरने पर बैठीं हैं कर्मी, कहा- मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एनएचएम कर्मियों हड़ताल का एक माह पूरा होने वाला है। आज मंगलवार को महिला कर्मियों ने सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर हंगामा किया। एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमरा गई है। आम लोगों को इलाज कराने में परेशानी हो रही है। हमलोगों को मात्र 11500 रुपए में ही रूम किराया देना पड़ता है। जाने-आने में भी अच्छे पैसे खर्च हो जाते हैं। खाना-पीने में भी हमलोगों का खर्च होता है। हमलोग किसी तरह अपना जीवन निर्वहन कर रहे हैं। हमलोगों को अपना ही खर्चा उठाने में काफी परेशानी है। अपने बच्चों और परिवार का खर्चा उठाने में कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता होगा समझ सकते हैं। लेकिन सरकार सोई हुई है। जगाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं, अब ग्रामीण परिवेश में जनता को इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मूलभूत सुविधाएं भी केंद्रों पर मौजूद नहीं हैं।

**हमलोगों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती:** दरअसल हड़ताली कर्मियों की मांग समान काम समान वेतन और फेशियल अटेंडेंस सिर्फ NHM कर्मियों के लिए ही क्यों? यह नियम सभी कर्मियों पर लागू होने की मांग कही गई। साथ ही उन लोगों का कहना है हम लोग क्षेत्र में लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूर-दूर तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण से लेकर के सभी सरकारी कार्यों को बखूबी निर्वहन करते हैं। इसके बाद भी हम लोगों को न तो किसी प्रकार की सुविधा दी जाती है। न ही कोई भत्ता। यहां तक की हम लोगों का मानदेय एक दैनिक मजदूर से भी कम है।

**कई प्रकार की सेवाएं बाधित है:** हमलोग 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वहीं, हड़ताल से RI, NCD, TELIMEDICINE, RCH सहित उप स्वास्थ्य केंद्र पर OPD नहीं होने से जनमानस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मी ने बताया कि आज पूरे एक महीना हो गए लेकिन किसी ने हमारी बातें नहीं सुनी। अगर हम लोगों की मांग पूरी नहीं होती है तो हम लोग लगातार हड़ताल पर बैठे रहेंगे।

# गंगा नदी में स्नान करने के दौरान दो किशोर डूबे

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में बबुआ गंगा घाट पर सोमवार को गंगा स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से दो किशोर डूब गए। स्थानीय गोताखोर की टीम लगातार इनकी खोजबीन कर रही है। दोनों किशोर की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हजरतगंज मोहल्ला निवासी मो परवेज आलम का बेटा फैजान (12) और मो इम्तियाज का बेटा तौफीक (13) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दोनों चार अन्य दोस्तों के साथ घर से यह कहकर निकले थे कि सभी कंपनी गार्डन घूमने जा रहे है। वहीं, देर शाम जब दोनों घर वापस नहीं लौटे तो हम लोगों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन, कुछ पता नहीं चल सका। जब उसके चार दोस्तों से काफी पूछताछ की, तो उसने बताया की फैजान और तौफीक बबुआ गंगा घाट में स्नान करने के दौरान डूब गए है।

**दोनों किशोर की तलाश जारी:** दोस्तों की बातों को सुनकर परिजन बबुआ घाट पहुंचे, जंहा घाट पर रखे किशोर की साइकिल और कपड़े की पहचान की। वहीं, इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस ने देर रात गोताखोरों की टीम को घटना स्थल पर बुलाया और गंगा में डूबे दोनों किशोर की खोजबीन शुरू की। लेकिन, दोनों का कुछ पता नहीं चल सका है। आज अहले सुबह गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम दोनों किशोर की गंगा में खोजबीन में जुटी है। वहीं, बताया जाता है कि दोनों किशोर के पिता दर्जी और ठेला पर सब्जी बेचने का काम करते हैं। किशोर का अब तक पता नहीं चलने के कारण परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, इस मामले को लेकर सदर एसडीओ शैलेंदर कुमार सिंह ने बताया कि 2 किशोर के डूबने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद उसकी खोजबीन के लिए सदर का के नेतृत्व में गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। अब-तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। तलाश जारी है।

# पुलिस पर चोर को छोड़ने का आरोप, पीड़ित परिवार ने एसएसपी से की शिकायत

## अधिकारी ने जांच का दिया भरोसा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के लोदीपुर थाना क्षेत्र में 24 जुलाई रात चोरी हुई। जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहा। लोगों ने लोदीपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि 30 जून को लोदीपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर जिछो निवासी प्रकाश मंडल के घर से 5 लाख रुपए के जेवरात और अन्य सामान की चोरी हुई थी। पीड़ित ने लोदीपुर थान में केस किया था। 24 को उसी घर में फिर से चोर घुसा। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। चोर सरमसपुर निवासी नकुल मंडल का पुत्र पुनिया मंडल है। ग्रामीणों के सामने चोर ने कबूला कि 30 जून को उसी ने चोरी की थी। उसी दिन ग्रामीणों व पीढ़ित प्रकाश मंडल ने चोर को लोदीपुर थाना ले गए। आरोप है कि पुलिस ने चोर को छोड़ दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई है। जांच का भरोसा दिया गया है। थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक जितेन्द्र कुमार के सामने चोर ने चोरी स्वीकार की थी। जिसका वीडियो भी दारोगा जितेन्द्र कुमार ने बनाया लेकिन जेवरात व समान बरामदगी के बजाय 12 बजे रात में चोर और उसकी पत्नी को लोदीपुर पुलिस ने छोड़ दिया। चोर को जैसे ही पुलिस ने छोड़ा वैसे ही चोर पीड़ित परिवार को धमकाने। पीड़ित परिवार सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के पास पहुंचा और लिखित शिकायत की है। मामले को लेकर एसएसपी ने पीड़ित को मामले की जांच कराने का भरोसा दिलाया है।

# श्रावणी मेला में अश्वारोही दस्ता का पहली बार गठन, SSP बोले-वाहन के प्रवेश पर लगी थी रोक

## श्रद्धालुओं की मदद के लिए घोड़े पर सवार पुलिसवाले

निज संवाददाता। भागलपुर

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में पहली बार भागलपुर पुलिस प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अश्वारोही दस्ता का गठन किया गया है। कच्ची पथ पर कांवड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो, इसको लेकर पुलिस के जवान घोड़े पर सवार होकर कांवरिया पथ की निगरानी कर रहे हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घुड़सवार पुलिस 24 घंटे शिव भक्तों की सुरक्षा में लगी है। 5 अश्वारोही दस्ता घोड़े पर सवार होकर दो टुकड़ियों में भ्रमणशील है। भागलपुर जिला अंतर्गत पड़ने वाला क्षेत्र सुल्तानगंज से कमराय तक अश्वारोही पुलिस का दस्ता संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर बनाए हुए है। वहीं, भागलपुर में एसपी आनंद कुमार के निर्देश पर गठित आश्वारोही टीम की जानकारी मिलने के बाद कांवरिया पथ में कांवरियों के भेष में छिपे चोर और अपराधी किस्म के लोगों के बीच हड़कंप मच गया है।

**पुलिसिया वाहन का चलाना मुश्किल हो जाता:** श्रावणी माह में कांवड़ियों की भीड़ का फायदा उठाकर कुछ चोर श्रद्धालुओं का सामान चोरी कर खेतों की ओर भाग जाते थे। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस बेबस बनी रहती थी। क्योंकि खेतों में पुलिसिया वाहन का चलना मुश्किल हो जाता था। ऐसे में अश्वारोही पुलिस जवानों के दस्ते का गठन श्रावणी माह में श्रद्धालुओं के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। इतना ही नहीं किसी श्रद्धालु का सामान अगर किसी दुकान में छूट जाता है, तो ऐसे में भी अश्वारोही पुलिस उस समान को मोबाइल की मदद से मालिक तक पहुंचा देती है। साथ ही इस काम से लोगों का विश्वास भी पुलिस की ओर बढ़ता दिख रहा है।

**घुड़सवार पुलिस का दस्ता:** कच्ची कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं को चलने में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसको लेकर वाहनों के प्रवेश पर रोक भी लगा रहा है। भागलपुर के एसपी आनंद कुमार ने बताया कि श्रावणी माह में लोगों की ज्यादा से ज्यादा भीड़ सुल्तानगंज में जमा होती है। इसमें कई अपराधी किस्म के लोग भी भीड़ के बीच किसी घटना को अंजाम देते हैं। ऐसे में अश्वरोही दल ऐसे लोगों को चिह्नित कर पकड़ने का काम करेगी।

# बाबा भोले के भक्ति में गुलाटी देते देवघर जाते भक्त, 10वें दिन पहुंचे कुमरसार नदी कच्ची कांवरिया पथ

निज संवाददाता। मुंगेर

## बैजनाथ धाम में करेंगे पूजा

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की शुरुआत हो चुकी है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में कच्ची कांवरिया पथ पर बाबा भोले नाथ के भक्त अलग-अलग रूप में देखने को मिल जायेंगे। ऐसे ही कुमरसार नदी पर दंड देकर बाबा वैधनाथ धाम जा रहे एक कांवरिया को देखा गया। समस्तीपुर जिला के रहने वाले कांवरिया सुरेश प्रसाद सिंह कहते हैं कि 21 जुलाई को सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर दंड देते हुए बाबा बैजनाथ धाम देवघर जा रहे हैं। सन 1990 से हम बाबा वैधनाथ जा रहे है और खुशी से जाते हैं। बाबा से आज तक हम कुछ नहीं मांगे, बाबा ने सब कुछ पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया की पिछले साल सावन में दो बार दंड देकर बाबा बैजनाथ धाम गया था। इस बार भी अगर बाबा बुलाएंगे तो जरूर जाएंगे पहले अभी का यात्रा पूरा कर लेते हैं उसके बाद बाबा की जैसी मर्जी होगी वैसा होगा।

बता दें कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर कच्ची कांवरिया पथ पर रोजाना एक और जहां अलग-अलग तरह के आकर्षण कमर लेकर कांवरिया सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर के लिए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर भोलेनाथ की भक्ति मिली कमरिया भक्ति में प्रसन्न होकर कोई दंडवत देकर तो कोई गुलाटी मार कर देवघर जा रहे हैं। देवघर जा रहे कमरिया समस्तीपुर के रहने वाले सुरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि बोले बाबा की असीम कृपा है कि वह लगातार प्रत्येक सावन में गुलाटी मारकर देवघर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भोले बाबा से कोई वरदान नहीं मांगते हैं। भोले बाबा ने बिना मांगे ही हमारा सब कुछ पूरा कर दिया है और भोले बाबा हमें खुद बुलाते हैं जिस कारण मैं उनके दरबार में जाकर हाजिरी लगाता हूं।

# प्रेम-प्रसंग के विरोध पर गर्भवती की पीटकर हत्या

निज संवाददाता। मुंगेर

प्रेम-प्रसंग का विरोध करने पर कासिम बाजार के मोकबीरा चांय टोला में परिवार के सदस्यों ने ही मिलकर 20 वर्षीया गर्भवती सरस्वती देवी की हत्या कर दी। भैंसुर ने उसे लात से मारा। रविवार की देर शाम उसके पति फौजी कुमार ने घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पति फौजी कुमार ने अपने सहोदर भाई रोहित दास, उसकी पत्नी शकुंतला देवी और भतीजी नंदनी कुमारी पर हत्या का आरोप लगाकर कासिम बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। महिला के पति फौजी कुमार ने बताया कि उसकी भतीजी नंदनी का गांव के ही एक युवक से छह माह से अवैध संबंध है। इस बीच प्रेमी का प्रेमिका के घर लगातार आना-जाना लगा रहता था। सरस्वती को यह बात ठीक नहीं लगती थी। वह हमेशा इस बात का विरोध करती थी।

# शिव भक्तों ने बनाया राम मंदिर जैसा कांवड़

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में राम मंदिर जैसा कांवड़ बनवा कर शिव भक्त पहुंचे। कच्ची कांवड़िया पथ पर यह कांवड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। दरअसल, श्रावणी मेला में शिव भक्त अपने अनोखे अंदाज में लगातार बाबाधाम जा रहे हैं। महाकाल ग्रुप हावड़ा के घुसडी माधव लेन के टोली के 35 कावंरिया का जत्था राम मंदिर जैसा कांवड़ लेकर बाबाधाम के लिए निकले हैं। यह देख बाबाधाम जाने वाले कांवरियों में जोश भर जा रहा है। लोग के मुंह से भव्य मंदिर के प्रारूप को देख जय श्री राम, हर हर महादेव के नारे लगा रहे हैं। कांवरियों ने बताया कि उनकी टोली 30 से 35 सदस्य हैं। कांवड़ का वजन लगभग 125 किलो है। इस राम मंदिर स्वरुप कांवड़ को बनाने में लकड़ी, थर्मोकोल, बांस, और लोहा का उपयोग किया गया है। इसे बनाने में लगभग एक महीने का समय लगा है। इससे पहले भी ये लोग केदारनाथ का प्रतिरूप बना कांवड़ के रूप में बाबाधाम गए हुए थे।

# हर्षप्रीत कौर के भक्ति गीतों पर झूम उठे कांवरिया

**मुंगेर** । विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में कांवरियों के मनोरंजन के लिए प्रखंड क्षेत्र के खैरा में पर्यटन विभाग की तरफ से प्रतिदिन शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के खैरा के पास बनाए गए सांस्कृतिक मंच से गायिका हर्षप्रीत कौर की मधुर आवाज पर कांवरिया झूम उठे। बिहार की बेटी और वर्तमान में पंजाब की जालंधर में रहकर शिक्षा के साथ-साथ गायकी में अपना जलवा बिखेर रही हर्षप्रीत के भक्ति गीतों ने माहौल को भक्तिमय कर दिया। शाम 7:30 बजे शुरू हुए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कविता कृष्णमूर्ति ने गीत ओम नमः शिवाय की प्रस्तुति से की। गायक ने अपनी आवाज देकर माहौल को भक्ति में सराबोर कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भोजपुरी भक्ति गीतों का कांवरियों ने भरपूर आनंद लिया। भोजपुरी में उनके द्वारा गाए गए भक्ति गीत ना हमसे भंगिया पिसाई बा हो गणेश के पापा नैहर जात बानी, जेकर नाथ भोलेनाथ उ अनाथ कैसे हुई एवं मंगला के मौगी जातीय देवघर पहन के गेरुआ साड़ी इत्यादि गानों पर हर्षप्रीत के गायन शैली ने पंडाल में मौजूद थके कांवरियों के पांव को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया।

झारखण्ड सरकार
जिला अभियंता का कार्यालय,
जिला परिषद्, गढ़वा

**CORRIGENDUM (संशोधन)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या–ZP/GARHWA/01/2024-25, PR 330537 Urban Development(24-25).D द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–02 पर अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–26.07.2024 से दिनांक–03.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक–26.07.2024 से दिनांक–06.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक एवं क्रमांक–03 पर अंकित ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–05.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक –08.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय। आमंत्रित निविदा के शेश सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.331239 District(24-25):D

# नालंदा में निकाली गई अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली: दमकल की छोटी-बड़ी गाड़ियां हुई शामिल

## आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयारी

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में मंगलवार की सुबह बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा एक महत्वपूर्ण अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बिहार अग्निशमन सेवा कार्यालय नालंदा से प्रारंभ होकर बिहारशरीफ के प्रमुख स्थानों जैसे काली चौराहा, हॉस्पिटल मोड़, मोगलकुआं और सोहसराय से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरती हुई फिर अग्निशमन कार्यालय पहुंची। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी अरविंद प्रसाद ने इस अवसर पर बताया कि यह जागरूकता रैली आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। हमारा मानना है कि थोड़ी सी सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। रैली के दौरान विभाग द्वारा लोगों को यह भी बताया कि आग लगने की स्थिति में वे कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते हैं और इससे कैसे बचाव कर सकते हैं। इस जागरूकता अभियान में अग्निशमन विभाग की छोटी-बड़ी गाड़ियां भी शामिल रहीं, जो आकर्षण का केंद्र बनीं।

### आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए रहें तैयार

अधिकारियों ने यह भी बताया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत 101 पर डायल करें या राज्य नियंत्रण कक्ष को 7485805818 पर सूचित करें। यह जागरूकता अभियान अग्निशमन विभाग की ओर से एक सराहनीय कदम है, जो न केवल लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करता है। बल्कि उन्हें आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार भी करता है। ऐसे प्रयासों से आशा की जाती है कि भविष्य में अग्नि संबंधित दुर्घटनाओं में कमी आएगी और जन-धन की हानि को रोका जा सकेगा।

### कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए

1. नेशनल बिल्डिंग कोड और बिहार बिल्डिंग उपविधि के अनुरूप भवन निर्माण।
2. अग्नि सुरक्षा उपायों के लिए अग्निशमन सेवा के कर्मियों से परामर्श।
3. भवन के चारों ओर अग्निशमन वाहनों के लिए रास्ता खाली रखना।
4. आई.एस.आई. मानक वाले तार और उपकरणों का उपयोग।
5. अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच।
6. रसोई गैस के सुरक्षित उपयोग पर ध्यान।
7. भवन के प्रवेश, निकास और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का मैप प्लान तैयार करना।

## आग से सुरक्षा...

# शेखपुरा में निकली जन जागरूकता रैली

### अग्निशामकों ने सावधानियां बरतने की लोगों से की अपील, अग्निशमन पदाधिकारी ने दिखाई हरि झंडी

**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा में मंगलवार की सुबह अग्निशमन कार्यालय से आग से सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गई। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने स्टेशन रोड स्थित कार्यालय परिसर से जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के दर्जनों अग्निशामकों के अलावा अन्य शामिल थे।

जन जागरूकता रैली में विभाग के दर्जन भर छोटे-बड़े दमकलों को भी शामिल किया गया था। जन जागरूकता रैली में अग्निशमन विभाग के अग्निशमन कर्मियों और पुलिस बलों में चितरंजन कुमार ,सत्येंद्र कुमार यादव, अनिल कुमार गुप्ता, रवि रंजन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

शहर के रेलवे स्टेशन रोड से जागरूकता रैली में शामिल लोग शहर के जखराज स्थान , गिरिहिडि चौक, बुधौली चौक, बाईपास रोड , श्यामा सरोवर पार्क , भगवती चौक , वीआईपी रोड, चांदनी चौक, कटरा चौक ,खांड पर, पटेल चौक होते पुनः अग्निशमन शमन कार्यालय वापस पहुंचे। जहां रैली समाप्त हुई। रैली में शामिल लोग आम नागरिकों से अगलगी से बचाव को लेकर सावधानियां बरतने की अपील कर रहे थे।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने लोगों से खासकर रसोई गैस, बिजली की शॉट सर्किट और कूड़ा-करकट से घरों तथा संस्थानों में लगने वाले आग से बचाव के लिए लोगों से सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी असावधानी के कारण अगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर बर्बाद हो जाती है।

जबकि जान माल की भी क्षति होती है। उन्होंने इस पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उसके बचाव के लिए सावधानी बरतने की बात कही। साथ ही उसके बचाव के संसाधनों को अपने घरों और संस्थानों में अवश्य रखें। ताकि ऐसी भीषण आपदा से बचा जा सके।

# बाबा गणिनाथ गोविंद पूजनोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

मुजफ्फरपुर, एजेंसी।

रेवा रोड पोखरैरा स्थित प्रसिद्ध बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज के पूजनोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में रविवार को रामबाबू शिवा साह की अध्यक्षता में बैठक हुई। रामनाथ साह ने बताया कि बाबा का 30 अगस्त को नेवतन, 31 अगस्त को पूजन महोत्सव, प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन होगा। भक्त कृष्णा देवी ने बताया कि सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु बाबा का ध्यान व पूजा अर्चना रते हैं उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

मौके पर विजय साह, सोनू कुमार गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, गौरीशंकर गुप्ता, राहुल गुप्ता, कुमुद गुप्ता, नागेंद्र साह, राज मंगल साह, संजीव कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश, वरुण कुमार ठाकुर, रोहित गुप्ता, अवध कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, श्रीकांत कुमार, संतोष कुमार, संजय समदर्शी, आनंदी साह, विनय साह, बालाजी, अनिल कुमार सहनी, सुरेश प्रसाद साह, रितेश कानू , अशोक साह, राजू कुमार, महेश साह मौजूद थे।

# 7.5 क्विंटल चावल से बाबा गरीबनाथ का महा श्रृंगार कोलकाता से मंगाया गया चांदी का मुकुट

### पूर्णिमा को बर्फ से बनाया जाता है शिवलिंग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** उत्तर बिहार के देवघर कहे जाने वाले बाबा गरीबनाथ धाम में सावन महीने की दूसरी सोमवारी पर बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी। रात तक भोलेनाथ पर जल चढ़ाया गया। वहीं, सोमवार की रात बाबा गरीबनाथ का विशेष फल-फूल और 7.5 क्विंटल चावल से महा श्रृंगार किया गया। इसके बाद बाबा की महाआरती की गई। कोलकाता से बाबा का चांदी का मुकुट मंगाया गया है। ये प्रत्येक सोमवार को महा श्रृंगार में लगेगा। महा आरती में शामिल होने के लिए डीडीसी और अन्य हजारों की संख्या में शिव भक्त माजूद थे। बाबा के महा श्रृंगार को देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। जय भोलेनाथ, बोल बम, बम बम भोले के नारे के साथ महा आरती की गई। इसके बाद बाबा को विशेष भोग लगाया गया।

### हर सोमवारी में होता है अलग-अलग श्रृंगार

मंदिर के महंत अभिषेक पाठक ने बताया कि सावन कि दूसरी सोमवारी के उपलक्ष्य में फूल, फल और 7.5 क्विंटल चावल से बाबा गरीबनाथ का महा-श्रृंगार हुआ है। सबसे पहले दूध, दही, शक्कर और घी से स्नान करा कर इसके बाद चंदन का लेप लगाया गया। बाबा गरीबनाथ का श्रृंगार हर सोमवारी को अलग-अलग ढंग से होता है। एक प्रचलन बाबा गरीबनाथ के मंदिर से होता है, जो पूरे बिहार में फैलता है।

### पूर्णिमा के दिन बर्फ से बनते हैं शिवलिंग

पहले बाबा बैद्यनाथ से होता था। अब बाबा गरीबनाथ से होता है। पहले सोमवारी को फूल, दूसरे सोमवारी को चावल, तीसरे सोमवारी को फल, चौथे सोमवारी को पान के पत्ता से श्रृंगार होता है। पूर्णिमा के दिन बर्फ से शिवलिंग बनाया जाता है। जो श्रद्धालु अमरनाथ नहीं जा पाते हैं, वो यहां बाबा को इस रूप से देख सकते है।

# छपरा की एक बिल्डिंग में 4 घंटे हुई छापेमारी: हथियार और जिंदा कारतूस जब्त

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में जिला पुलिस और बिहार एसटीएफ ने नगर थाना क्षेत्र के प्रभुनाथ नगर कदम चौक पर एक बिल्डिंग में 3 घंटे तक तलाशी ली, जिसमें हथियार बरामद हुआ है। हालांकि अपराधी भाग गए। चार घंटे तक पूरे घर की तलाशी ली गई है। इस दौरान मुख्य सड़क पर भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल रहा। रविवार की देर रात तक सर्च अभियान चला, लेकिन पुलिस द्वारा कुछ भी जानकारी नहीं दी गई। आज पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मामले को जानकारी दी है। कदम चौक पर भारी सांख्य में पुलिस को देख सभी लोग भौंचक रह गए। एसटीएफ और जिला पुलिस द्वारा देर शाम तक चार तल्ला बिल्डिंग में सर्च अभियान चलाया गया।

इस दौरान एसटीएफ द्वारा पूरे क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। बिहार एसटीएफ को मिली जानकारी के अनुसार छपरा नगर थाना क्षेत्र के प्रभुनाथ नगर कदम चौक और टारी गांव के कुछ घरों में भारी संख्या में हथियार रखे गए है। जिसको लेकर एसटीएफ और जिला पुलिस द्वारा कदम चौक स्थिति नितेश सिंह के आवास पर छापेमारी कर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान एक पिस्टल, एक देशी कांटा और 23 जिंदा कारतूस बरामद किए गए है। हालांकि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी नही हुई है। इस मामले में पुलिस आरोपी नितेश सिंह को तलाश रही है। प्रेस रिलीज के माध्यम से जानकारी देते हुए एसपी कुमार आशीष ने

बताया कि हर्ष फायरिंग और अवैध हथियार के विरुद्ध सारण पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 28 जुलाई को नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि नगर थाना अंतर्गत सा0-प्रभुनाथ नगर कदम चौक स्थित अविनाश सिंह उर्फ नितेश सिंह, पिता-केदार सिंह अपने घर मे अवैध हथियार छुपा कर रखा है।

# शिक्षिका पर छात्र की बेरहमी से पिटाई का आरोप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मनियारी थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका के द्वारा पांचवीं के एक छात्र की बेरहमी से पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। बच्चे को परिजन पहले सदर अस्पताल में इलाज कराए, उसके बाद चिकित्सक ने एसकेएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना शुक्रवार दिन की बताई जा रही है। इधर, घटना के चार दिन बाद तक कहीं लिखित शिकायत नहीं की गयी है। कुढ़नी बीईओ मिंटू कुमारी एवं मनियारी थानाध्यक्ष देव्रत कुमार से बात करने पर घटना से अनभिज्ञता जताई। कहा कि अबतक हमारे पास न लिखित और न मौखिक शिकायत मिली है। घटना के बाद एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिक्षिका मामले को बेबुनियाद बता रही हैं। वहीं, छात्र की मां का आरोप है कि जानबूझ कर उनके पुत्र की पिटाई की गई है।

# दिल्ली कोचिंग हादसे की शिकार तान्या का औरंगाबाद में अंतिम संस्कार

**औरंगाबाद , एजेंसी।** दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन स्टूडेंट्स की डूबकर मौत हो गई। इनमें से एक छात्रा 24 वर्षीय तान्या उर्फ तनु का शव एंबुलेंस के जरिए बिहार के औरंगाबाद जिले में स्थित नवीनगर लाया गया। नवीनगर के मस्जिद मुहल्ला में तान्या का पैतृक घर है। सोमवार को जैसे ही उसका शव पहुंचा, मोहल्ले में कोहराम मच गया। मृतका की मां बबली देवी रो-रोकर बेहाल हो गईं। पिता विजय सोनी, चाचा अवधेश सोनी, दादा गोपाल प्रसाद सोनी का भी बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने परिजन को ढाढ़स बंधाकर उन्हें शांत कराया। इसके बाद शव को दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया। दादा गोपाल प्रसाद ने तान्या के शव को मुखाग्नि दी। इस बीच घर पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। यहां मौजूद हर शख्स की आखें गमगीन हो गईं। परिजन ने बताया कि तान्या की इंटर की पढ़ाई तेलंगाना में हुई थी, जहां उसके पिता विजय सोनी बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। इंटर के बाद वह दिल्ली चली गई। दिल्ली में उसने महाराजा अग्रसेन कॉलेज से ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की। परिवार वालों के मुताबिक तान्या मेधावी छात्रा थी। उसकी इच्छा आईएएस बनने की थी। यूपीएससी की तैयारी के लिए उसने राव कोचिंग सेंटर में नामांकन कराया था। इससे पहले वह दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक पीजी में रहती थी। वह रोजाना कोचिंग पढ़ने जाती थी। शनिवार को जब कोचिंग गई तो हादसे का शिकार हो गई। परिजन ने बताया कि उन्हें शनिवार रात 10 बजे घटना की जानकारी मिली। तान्या रोज अपने माता-पिता से फोन पर बात करती थी, लेकिन उस दिन उसकाकॉल नहीं आया। जब परिजन ने कॉल किया तो स्विच ऑफ बता रहा था। उस वक्त विजय कुमार और बबली देवी इलाहाबाद में थे, जैसे ही उन्हें बेटी की मौत की खबर मिली, वहीं से दिल्ली चले गए।

**दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद बिहार में हड़कंप, पटना के 20 हजार सेंटर की जांच शुरू :** परिजन ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद कोचिंग संस्थान के किसी भी व्यक्ति ने उनसे संपर्क नहीं किया। पता चला कि उन्हें लगभग एक लाख रुपये फीस जमा करनी थी। कुछ पैसे जमा करा दिए गए थे और तान्या पढ़ने जा रही थी। करीब एक महीने से वह लगातार कोचिंग सेंटर जा रही थी। घटना के बाद कोचिंग प्रबंधन के स्तर से परिजन को कोई सहयोग नहीं किया गया। परिवार वालों ने अपने स्तर पर ही एंबुलेंस की व्यवस्था की और तान्या के शव को नवीनगर लेकर आए।

# बिना प्रस्वीकृति संचालित निजी स्कूलों पर लगेगा जुर्माना, होगी एफआईआर

**भागलपुर, एजेंसी।** अब बिना प्रस्वीकृति के जिले में संचालित निजी स्कूलों पर जुर्माना लगेगा और संचालक पर एफआईआर भी की जाएगी। इसको लेकर जिला शिक्षा विभाग ने तैयारी कर ली है। इस कार्रवाई से बचने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने बिना प्रस्वीकृति व नवीनीकरण कराए जिले के 85 निजी स्कूलों को ई-संबंधन पोर्टल पर 10 अगस्त तक आवेदन करने की मोहलत दी है। इस तिथि के बाद ऐसे स्कूलों पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना या निर्धारित तिथि के बाद भी स्कूल संचालित करने पर 10 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब के जुर्माना लगाया जाएगा। इसको लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) मो. जमाल मुस्तफा ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा निजी स्कूलों के प्राचार्य व निदेशकों को निर्देश दिया है। दरअसल, बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकारी अधिनियम के तहत निजी स्कूलों की प्रस्वीकृति का प्रावधान किया गया है। ताकि इन स्कूलों में भी तय सीटों पर गरीब बच्चों को पढ़ाया जा सके। डीपीओ ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को ऐसे निजी स्कूलों के प्रबंधक-संचालकों के साथ बैठक कर प्रस्वीकृति के लिए 10 अगस्त तक ई संबंधन पोर्टल पर आवेदन कराने का निर्देश दिया है। साथ ही जिले में संचालित सरकारी व गैर सरकारी व निजी समेत सभी तरह के अनुदान प्राप्त स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक में पढ़ रहे बच्चों का आधार नंबर समेत ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर 31 जुलाई तक प्रविष्टि पूरी करने का निर्देश भी डीपीओ ने दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्थानीय बेरोजगार मजदूर संघ के सुशील बने अध्यक्ष

**चाईबासा, एजेंसी।** सदर प्रखंड के खप्परसाईं में नव युवक रेजा-कुली एवं राज मिस्त्रियों की बैठक हुई। इस दौरान स्थानीय मजदूरों को भी न्यूनतम मजदूरी देने पर जोर दिया गया। बैठक में जिले के बाहरी खास करके मुर्शिदाबाद के राज मिस्त्रियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया। स्थानीय राज मिस्त्रियों को कम काम दिए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। सरकारी भवन के निर्माण में भी स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता देने कर जोर दिया गया।बैठक में कहा गया कि सरकारी भवन निर्माण में स्थानीय मजदूरों को छोड़ बाहरी से काम लिया जाता है तो यहां के लोकल मजदूर कहां जाएंगे। इस समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय बेरोजगार मजदूर संघ का गठन किया गया। इस संघ के अध्यक्ष सुशील पूर्ति, उपाध्यक्ष श्रीकांत, मंदारिया पंचायत के अध्यक्ष टेकराहटू का लौंडिया डिमरी पंचायत के शनिदेव गम घाघरी पंचायत के दुर्गा बांद्रा द्वारा तमाडबांध के कृष्ण मुंडारी सरायकेला के जिला अध्यक्ष कारिया हेंब्रम सहित अन्य प्रखंडों से आए मजदूर वह पदाधिकारी उपस्थित थे।

### महिला के शव का तीन दिन बाद अंतिम संस्कार

**गिरडीह, एजेंसी।** देवरी थाना क्षेत्र के महेशियादिघी गांव में 40 वर्षीय महिला मंजू देवी की हत्या की घटना के तीसरे दिन उसके शव का अंतिम संस्कार किया गया। गुजरात के सूरत में रह रही मंजू देवी की बड़ी बेटी दिव्या देवी ने सोमवार को गिरिडीह में पुलिस से अपनी माता मंजू देवी का शव प्राप्त कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।इस संबंध में बता दें कि देवरी थाना क्षेत्र के महेशियादिघी गांव निवासी प्रभुनाथ सिंह एवं उसकी पुत्री मंजू देवी के अपसी विवाद को लेकर शुक्रवार (26 जुलाई) की रात में प्रभुनाथ सिंह ने बेटी मंजू देवी 45 वर्ष की कत्ता से काटकर कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद देवरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता प्रभुनाथ सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने बताया कि मृतक मंजू देवी के शव को उसकी बेटी को सौंप दिया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।

### चित्रकला में पुरस्कार के लिए के 21 विद्यार्थी हुए चयनित

**मेदिनीनगर, एजेंसी।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में स्कूल रूआर-2024 के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुछ 74 बच्चों ने भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर कक्षा छह से कक्षा आठ तक के 21 बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए चयनित किया गया। इनमें अर्पणा, निकिता,पिहु,सत्यम, रौनक, शिवानी,करन,छाया, लक्ष्मी,प्राची,कुंदन,धीरज, शिवम,विशाल,अंजलि,सूरज, निशा,रिया,संजना,अंजलि व मनीषा के नाम शामिल हैं। इनके के साथ भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जायेगा। पुरस्कार वितरण 31 को समापन दिवस के अवसर पर होगा। चित्रकला के आयोजन एवं चयन में शिक्षिका प्रियंका कुमारी,पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि बच्चों में हर तरह की प्रतिभा विद्यमान होती हैं। उन्होंने उचित अवसर देने एवं संवारने की आवश्यकता है। वस्तुत : चित्रकला से संदेशों का सहज सहज संप्रेषण होता है।

### धनबाद में हवाई अड्डा विकसित करने का प्रस्ताव अब तक नहीं मिला

**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि भारत सरकार ने देश भर में नये ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए नीति तैयार की है. इस नीति के अनुसार राज्य सरकार सहित यदि कोई हवाई अड्डा बनाना चाहता है, तो उसे उपयुक्त साइट (स्थल) का चुनाव करना है. इसके लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करना आवश्यक है. भारत सरकार को झारखंड राज्य के धनबाद और जमशेदपुर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए राज्य सरकार या किसी हवाईअड्डा विकासकर्ता से कोई साइट क्लीयरेंस का प्रस्ताव नहीं मिला है. श्री मोहोल सदन में पूछे गये एक सवाल का जवाब दे रहे थे. धनबाद एवं जमशेदपुर में हवाई अड्डा विकसित करने से संबंधित सवाल राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को पूछा था.राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि जमशेदपुर हवाई अड्डे का स्वामित्व टाटा स्टील लिमिटेड के पास है.

# पिकअप की चपेट में आने से मजदूर की मौत, एक दर्जन मजदूर जख्मी

**धनबाद, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मनियाडीह, टुंडी सड़क पर तिलैया चौक के समीप सोमवार की दोपहर बाइक संख्या (जेएच 10 एसी 3946) व पीकअप वैन संख्या (जेएच 10 सीपी 2494) की टक्कर में तिलैया गांव निवासी मजदूर पिंटू सिंह (पिता स्व कटि सिंह) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं अन्य दो युवक रोहित रजवार पिता, (मंटू रजवार ) व शिवम कुमार महतो (पिता, बिनोद महतो) गंभीर रूप से घायल हो गये. वहीं पीकअप वैन सवार एक दर्जन मजदूर घायल हो गये. घटना के बाद चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा. यहां रोहित रजवार (तिलैया) व शिवम कुमार महतो (तिलैया) की स्थिति गंभीर बतायी जाती है. पिंटू बीच में पढाई छोड़कर होटल में काम करता था. वहीं रोहित राजगंज कांलेज में इंटर व शिवम वनस्थली उच्च विद्यालय तिलैया में पंचम वर्ग में पढ़ाई करता है. तीनों जिगरी दोस्त थे.

जानकारी के अनुसार महिला व पुरुष मजदूरों से भरा पीकअप वैन तेज गति से मनियाडीह से डोमनपुर की ओर जा रहा था. इस दौरान सड़क किनारे बाइक लगाकर खड़े पिंटू व उसके दोस्त रोहित व शिवम को अपनी चपेट में ले लिया. इसके बाद पीकअप वैन अंसतुलित होकर खेत में जा घुसा. घटना में पिंटू सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं उसके दोस्त रोहित व शिवम समेत पीकअप पर सवार एक दर्जन मजदूर घायल हो गये.प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सक्रिय दलाल पीकअप वैन से गरीब मजदूरों को कोयला काटने धनबाद व कतरास समेत विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों में बंद कोयला खदानों में ले जाते हैं और काम करवाते हैं. वैन में मवेशियों की तरह मजदूरों को भरा जाता है. वैन में तीन दर्जन से अधिक मजदूर सवार थे. वैन अंसतुलित होकर खेत में जा घुसा. इस कारण वैन पर सवार लोग घायल हो गये. पीकअप पलटता तो और कई जान जाती.

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार घटना में दो दर्जन मजदूर घायल हुए हैं. पुलिस के डर से एक दर्जन से अधिक घायल मजदूर भाग गये और स्थानीय डॉक्टरों से इलाज कराया.घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में पहुंचे आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच सड़क पर शव को रखकर डोमनपुर, मनियाडीह सड़क को बांस, बल्ली व सरिया लगाकर जाम कर दिया. बाइक चालकों को भी जाने से रोक दिया जा रहा था. ग्रामीण वैन मालिक व चालक पर कार्रवाई करने और मृतक के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे. हो, हंगामा व सड़क जाम की सूचना पर इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज व थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीण नहीं माने. चार घंटे तक चले हो, हंगामा के बाद इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी ने दाह संस्कार के लिए 10 हजार रुपये मृतक के परिजनों को दिया.

### विश्व आदिवासी दिवस मनाने कि तैयारी को लेकर समिति का गठन

**रांची, एजेंसी।** विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर कर्रा मिशन मोड़ बगीचा में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाने की तैयारी को लेकर होरो पड़हा देवान सुनील होरो की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित प्रस्ताव में वर्णित जनाधिकार के प्रति विश्व आदिवासी दिवस से जागरुकता विकसित किया जा सके। विदित हो कि नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर प्रखंड के 178 राजस्व गांव के लोग अपने- अपने खोड़हा मंडली के साथ हाई स्कूल मैदान में सुबह ही एकात्रित होगें। इस मौके पर विश्व आदिवासी दिवस को सफल बनाने हेतू प्रखंड समिति गठन किया है। जिसमें अध्यक्ष सुनील होरो, उपाध्यक्ष जयमंगल सिंह मुंडा, सचिव बिरसा मुंडा, उप सचिव निरल होरो, कोषाध्यक्ष अल्बर्ट तिड़ू के सहित दर्जनों सलाहकार समिति के लिए चयन किये गए।विश्व आदिवासी दिवस में चयनित प्रखंड संचालन समिति द्वारा सभी ग्राम प्रधान, पड़हा राजा, मानकी मुंडा, पहान, सामाजिक अगुवा व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। जिसके बाद सभी लोग अपने- अपने खोड़हा मंडली के गाजा- बाजा के साथ परम्परागत लोक नृत्य करते हुए जुलूस में शामिल होंगे। जुलूस कर्रा मस्जिद चौक से थाना चौक होते हुए ब्लॉक कैम्पस में समाप्त होगी। जहां भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। पुनः जुलूस कर्रा चौक, डाकघर, मिशन बगीचा होते पोस्ट ऑफिस रोड से हाई स्कूल मैदान पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगा।

## विधानसभा सत्र के तीसरे दिन भी जबरदस्त हंगामा, हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर हुई तीखी बहस

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामेदार रहा। सदन में अपनी बात रखते हुए कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला। प्रदीप यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन के खिलाफ मनगढ़ंत केस को लेकर भाजपा नेताओं को कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने कहा कि ईडी की हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई मनगढंत केस पर आधारित थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से भी यह प्रमाणित हो गया है कि हेमंत सोरेन बेकसूर हैं। इस कृत्य से झारखंड का महत्वपूर्ण समय नष्ट हुआ है। भाजपा नेताओं को इसपर माफी मांगनी चाहिए।इस बीच, भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान, भाजपा और सत्तापक्ष के विधायक आसन के सामने आ गए। जोरदार हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को साढ़े बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है।साढ़े बारह बजे एक बार फिर कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन हंगामे के बीच एक बार फिर कार्यवाही को स्थगित करना पड़ाविधानसभा की कार्यवाही के पहले भाजपा विधायकों ने विधानसभा के गेट के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों का आरोप है कि राज्य की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव हो रहा है, लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

# लंबाई की तुलना में तेजी से बढ़ रही कमर तो डायबिटीज का खतरा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आपकी लंबाई के अनुसार अगर कमर की माप आधा से अधिक हो तो सावधान हो जाएं, क्योंकि ऐसे में आप डायबिटीज की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसमें कम उम्र के युवाओं को भी इस बीमारी का शिकार होना पड रहा है। ये बातें पिछले दिनों सीसीडीएसआईसीओन की बैठक में भी विभिन्न जगहों से आए चिकित्सकों ने कहीं।

जमशेदपुर के फिजिशियन एंड कार्डियो डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. अनिल कुमार विरमानी ने बताया कि आजकल बुजुर्गों सहित युवाओं की कमर की मोटाई तेजी से बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज फेडरेशन ने भी गाइडलाइन जारी की है कि यदि कमर की मोटाई व्यक्ति की कुल लंबाई से आधा से अधिक होने लगे तो समझिए कि खतरे की घंटी बज गई है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति डायबिटीज की चपेट में आने में आ जाता है।

### कम उम्र में भी तेजी से बढ़ रही बीमारी

पहले सिर्फ 45 या 50 साल के ऊपर के लोगों को ही डायबिटीज की बीमारी होती थी। लेकिन अब 20 से 40 साल के उम्र के लोगों में भी तेजी से डायबिटीज बढ़ रही है। कम उम्र वालों में डायबिटीज होने का अनुपात भी अब अधिक उम्र में डायबिटीज होने के अनुपात की बराबरी की ओर बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है।

### समय-समय पर कराएं जांच

डॉ. विरमानी ने कहा कि ऐसी स्थिति में आने पर व्यक्ति को पहले तुरंत डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए। यह जांच उन्हें नियमित रूप से करानी चाहिए।

### खराब जीवनशैली दे रही बीमारी को दावत

खराब जीवनशैली, डायट कंट्रोल नहीं होने और कसरत नहीं करने से मोटापा की शिकायतें बढ़ रही हैं। इसके अलावा अल्कोहल ज्यादा लेने से भी मोटापा बढ़ रहा है। यही मोटापा बाद में बीमारियों को जन्म दे रहा है।

### क्या बरतें सावधानी

कमर की मोटाई ज्यादा बढ़ने पर सबसे पहले डायट कंट्रोल करना चाहिए और फिर नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। जंक फूड खाने से बचना चाहिए। टीवी कम देखना चाहिए। इसके अलावा बच्चों को शुरू से ही जीवनशैली सुधारने की बात बतानी चाहिए।

# आयकर कार्यालय अग्निकांड में रमेश गांधी समेत तीन बरी

**धनसार, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के जोड़ाफटक स्थित आयकर कार्यालय में आग लगाकर जब्त दस्तावेज को जला कर राख कर देने के मामले में सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने पूर्व कोल कारोबारी रमेश गांधी, उनके भाई राजेश गांधी व विजय कुमार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया. अदालत ने फैसला सुनाते वक्त कहा कि इस मामले में सीबीआई केस साबित करने में असफल रही है. फैसला सुनाये जाने के समय अदालत में सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक मुरारी कुमार आर्य भी मौजूद थे. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता एस एन मुखर्जी व सुरेश मिश्रा ने पैरवी की. क्या है मामला ~ वर्ष 1993 में आयकर विभाग के अधिकारियों ने रमेश गांधी और राजेश गांधी के प्रतिष्ठान व कार्यालय में छापामारी कर एक करोड़ 47 लाख रुपये का आयकर बकाया से संबंधित दस्तावेज को जब्त किया था. इसे आयकर कार्यालय जोड़ाफटक धनबाद में रखा गया था. छह मार्च 1993 को आयकर अधिकारियों द्वारा अभियुक्तों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था. पूछताछ के बाद उनके सामने जब्त

दस्तावेज को कार्यालय की अलमीरा में रखा गया. नौ मार्च 1993 की रात अचानक आयकर कार्यालय में आग लग गयी. इस कारण जब्त दस्तावेज जल कर राख हो गये. प्रमोद कुमार ने इस मामले में धनसार थाना में कांड संख्या 159/93 दर्ज करायी थी. बाद में पुलिस ने इस मामले में अदालत में एफआरटी भेज दिया. हालांकि एफआरटी स्वीकार होने के पहले ही राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को करने की स्वीकृति प्रदान कर दी. सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की. सीबीआई ने अनुसंधान के उपरांत रमेश गांधी उनके भाई राजेश गांधी, कोल कारोबारी सुरेश सिंह व विजय कुमार के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था. ट्रायल फेस करने के दौरान सुरेश सिंह की मौत हो गयी थी. इस वजह से उनके खिलाफ चल रहा मामला बंद कर दिया गया.

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने सोमवारी को मुजरिम चिरकुंडा निवासी शिबू रविदास (पति) व इंद्रदेव रविदास (देवर) को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनायी है. अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया. प्राथमिकी मृतका की मां की शिकायत पर पांच जून 2018 को चिरकुंडा थाने में दर्ज की गयी थी. इसके मुताबिक मृतका अनिता कुमारी की शादी 30 अप्रैल 2015 को शिबू रविदास के साथ हुई थी. शादी के तीन माह के बाद ही दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था. आरोप था कि तीन जून 2018 को शिबू ने अपने ससुर को फोन कर गाली गलौज की और कहां की तुम लोग से बुलेट मोटरसाइकिल मांग रहे थे, अब तक नहीं दिया. अब तुम्हारा बेटी को मार देंगे, आकर लाश ले जाना.

# गोधर में टायर ब्लास्ट होने से खंभे से टकरायी कार, एक की मौत

**केंदुआ, एजेंसी।** गोधर एरिया ऑफिस के समीप धनबाद केंदुआ मार्ग पर सोमवार को अपराह्न चार बजे धनबाद की ओर से आ रही कार का टायर ब्लास्ट हो गया. इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर बिजली के पुराने पोल से टकरा गयी. कार में सवार तीन महिलाएं, दो पुरुष व दो बच्चे घायल हो गये. कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार सवार बलदेव वर्णवाल (70) को टेंपू से अस्पताल भेजा. अस्पताल ले जाने के दौरान मटकुरिया चेकपोस्ट के समीप उनकी मौत हो गयी. वहीं बलदेव वर्णवाल की पत्नी बसंती देवी (60), पुत्र दीपक वर्णवाल (34), बहु विद्या देवी(32), पुत्री सुषमा देवी (27), पोता आयुष कुमार(7), नाती देव्यांश आंशिक रूप से घायल हो गये. इस बीच सूचना पर घटनास्थल पहुंचे केंदुआडीह थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वकार हुसैन ने बाकी घायलों को अपने वाहन से एसएनएमएमसीएच भेजा. इसके पीछे वह खुद दूसरे वाहन से अस्पताल गये और इलाज का इंतजाम कराया.

**एक ही परिवार के सदस्य थे कार में सवार लोग :** कार में सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे. वे देवघर (कटोरिया) से पुटकी के विवेकानंद नगर स्थित अपने घर लौट रहे थे. इसी बीच गोधर में घटना घटी. मामले में मृतक के छोटे पुत्र बसंत बरनवाल ने बताया कि सभी लोग देवघर में पूजा अर्चना कर कटोरिया में कांवरियों की सेवा के बाद सोमवार को लौट रहे थे.

गोधर एरिया ऑफिस के समीप कार का एक टायर ब्लास्ट कर गया. इसके बाद कार अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गयी. कार दिनेश वर्नवाल चला रहे थे. मृतक का शव कागजी प्रक्रिया के बाद एसएनएमएमसीएच के मर्चरी में रखवा दिया गया है. मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम होगा..

# पालोजोरी के एवरग्रीन ब्लॉक मैदान में बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा

देवघर, एजेंसी। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सोमवार से पालोजोरी के एवरग्रीन ब्लॉक मैदान में खेलो झारखंड 2024-25 के तहत तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ। प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमुख उषा किरण मरांडी, उपप्रमुख पायल साधु व बीडीओ अमीर हमजा ने संयुक्त रूप से किया। राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश में यह खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे खेल प्रतिभाओं को आगे लाकर जिला, राज्य, राष्ट्र और फिर अंतर्राष्ट्रीय पटेल पर रौशन करना है। तीन दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं, केजीबी भी शामिल है। इसमें अंडर14,अंडर 17, व अंडर19 उम्र वर्ग की छात्र-छात्राएं निर्धारित सभी श्रेणियों के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर खेलने की अहर्ता प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर बेहतर करने वाले को राज्य स्तर पर मौका दिया जाएगा। खेलो झारखंड 2024-25 के आयोजन को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कैलाश मरांडी और बीपीओ नारायण मंडल ने बताया कि इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के पहले दिन 29 जुलाई को बालक व बालिका वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 80 मी, 100 मीटर , 110 मी व 400 मीटर हर्डल, रिले दौड़, 4 * 400 मीटर दौड़ ,3000 मीटर

व 5000 मी वॉक, 4000 मी क्रॉस कंट्री, 6000 मी क्रॉस कंट्री, गोला फेंक, चक्का फेंक,भाला फेक, तारगोला फेक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।सोमवार को ही ऊंची कूद, लंबी कूद, त्रिकूद, बांस कूद जैसी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

प्रतियोगिता के पहले दिन 29 जुलाई को 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के अंडर 17 आयु वर्ग में सिलगारिया स्कूल के दिवाकर मंडल ने प्रथम, अनारकली हाई स्कूल के फैजान अंसारी ने द्वितीय व हाई स्कूल सरसा के अभिषेक कोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 के बालक वर्ग के लिए आयोजित लंबी कूद में अनारकली हाई स्कूल के अमित कुमार ने प्रथम ,पंकज कुमार महतो सिलगारिया के द्वितीय व सनरेज हाई स्कूल के आसिफ राजा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

वहीं 17 आयु वर्ग के लिए आयोजित बालिकाओं के रिले दौड़ में केजीबी की बालिकाओं ने प्रथम, बागदाह के बच्चों ने द्वितीय स्थान हासिल किया वहीं बालिका वर्ग के 17 आयु वर्ग के लिए आयोजित 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दुबराजपुर स्कूल की लक्ष्मी हेंब्रम ने प्रथम, केजीबी पलाजोरी की हेमलता हांसदा ने द्वितीय, पार्वती मुर्मू ने तीसरा स्थान हासिल किया ।वहीं 400 मीटर दौड़ के अंडर-19 बालिका वर्ग में सरसा की कुंती कुमारी ने प्रथम, काजल किरण ने दूसरा जबकि प्रोजेक्ट हाई स्कूल की संगीता बास्की ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।15सौ मीटर दौड़ के अंडर 14 में अनारकली हाई स्कूल के आशीष मरांडी ने प्रथम, प्लस टू सरसा के रंजीत सोरेन ने द्वितीय वअभिजीत मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।अंडर 14 बालिका वर्ग के लिए आयोजित 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सुचिता मुर्मू ने प्रथम ,छोटी नाज खातून ने दूसरा व रहिमा खातून ने तीसरा स्थान प्राप्त किया,800 मीटर दौड़ के अंडर 17 बालिका वर्ग में केजीबी की सुनीता टुडू ने प्रथम, केजीबी की अलीका बेसरा नेदूसरा व प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल की स्टेनशिला मुर्मू में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मिसाइल सुरक्षा

बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के निर्माण में भारत का आगे बढ़ना सुखद और स्वागतयोग्य है। यह देश के लिए खुशखबरी है कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को 5,000 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों को नाकाम करने की क्षमता का सफल परीक्षण किया है। बुधवार सुबह से ही बालासोर, ओडिशा के समुद्री तट के आसपास के गांवों में बड़ी हलचल थी कि वैज्ञानिक कोई बड़ा प्रयोग करने जा रहे हैं। अनेक गांव खाली करा लिए गए थे, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ ही उन्हें आर्थिक मुआवजा भी दिया गया था। बुधवार देर शाम ही यह स्पष्ट हुआ कि आसमान में उड़ती दुश्मन की मिसाइल को जमीन से मार गिराने की क्षमता का सफल परीक्षण किया गया है। यह भारत की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण की सफलता का अवसर है। मतलब जल्द ही, भारत अपने महत्वपूर्ण शहरों, ठिकानों के आसपास ऐसा मिसाइल सुरक्षा तंत्र स्थापित करेगा, जिससे दुश्मन की ओर से आ रही किसी भी खतरनाक मिसाइल को आसमान में ही नष्ट किया जा सके। अपनी विशाल आबादी की रक्षा के लिए भारत के पास यह सुरक्षा तंत्र होना ही चाहिए। परीक्षण भी बहुत दिलचस्प ढंग से किया गया। पहले एक मिसाइल को दुश्मन की मिसाइल की तरह दागा गया और उसके बाद जमीन व समुद्र में तैनात भारतीय राडारों ने उस मिसाइल का तत्काल पता लगाया और चार मिनट के भीतर ही जमीन से जवाबी बैलिस्टिक मिसाइल ने उड़ान भरी और टारगेट से हवा में ऊपर ही जा टकराया। वैसे तो भारत कम दूरी, मध्यम दूरी और बहुत लंबी दूरी की मिसाइल बनाने में सक्षम है, पर आज के समय में मिसाइल बनाना जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक मिसाइलों से बचने की क्षमता विकसित करना भी है। इस परीक्षण में सबसे बड़ी सफलता दुश्मन की मिसाइल का पता लगाने की क्षमता है, जिसे साल 2006 से ही मुकम्मल करने की कोशिश में भारतीय वैज्ञानिक लगे हुए हैं। भारत अपने बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के पहले चरण को पूरा कर चुका है, जबकि दूसरे चरण में नई श्रेणी के इंटरसेप्ट सिस्टम को पुख्ता करने का काम चल रहा है। कम दूरी की मिसाइलों को मार गिराने की क्षमता भारत के पास पहले से ही है और अब 5,000 किलोमीटर दूर से आने वाली मिसाइलों को भी नष्ट करने की क्षमता भारतीय सेना की ताकत को नए मुकाम पर पहुंचा देगी।चूंकि भारत की नीति कभी भी पहले हमला करने की नहीं रही है, इसलिए भी उसे मिसाइलों का जवाब देने में सक्षम होना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, राज्यों की जीत

सुप्रीम कोर्ट ने माइंस एंड मिनरल्स (डिवेलपमेंट एंड रेग्युलेशन) यानी एमएमडीआर एक्ट, 1957 के तहत रॉयल्टी से जुड़े एक अहम मामले में फैसला दिया है कि इसे टैक्स नहीं माना जा सकता। इस फैसले के मुताबिक राज्यों को खनिज और खनिज वाली जमीनों पर केंद्र द्वारा ली जाने वाली रॉयल्टी के अतिरिक्त भी टैक्स लगाने का अधिकार है। केंद्र और राज्यों के अधिकारों से जुड़े इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में दिए अपनी संविधान पीठ के फैसले को गलत करार दिया है। सात जजों की बेंच ने उस फैसले में खदान और खनिजों के विकास से जुड़े मामलों में टैक्स लगाने का अधिकार केंद्र का बताया था। स्वाभाविक ही, पहली नजर में नौ जजों की बेंच के बहुमत से दिए गए ताजा फैसले को केंद्र सरकार के लिए झटका बताया जा रहा है। लेकिन इस फैसले के निहितार्थ काफी दूर तक जाते हैं। जहां तक राज्य और केंद्र के अधिकारों की हदों का मामला है तो ताजा फैसला निश्चित रूप से कई राज्य सरकारों के लिए बड़ी राहत बन कर आया है। इस फैसले के कारण अब राज्य सरकारों को राजस्व का एक नया स्रोत मिल गया है। इससे जहां उनकी आमदनी बढ़ेगी, वहीं नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने और राज्य के विकास को तेज करने वाले कदम उठाने के मामले में केंद्र पर निर्भरता कम हो जाएगी। खासकर ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे खनिज संसाधनों से संपन्न राज्य इस मामले में ज्यादा फायदे की स्थिति में रह सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभिन्न राज्य सरकारें जब अपने इस अधिकार का इस्तेमाल करने लगेंगी, तब उसका असर व्यवहार में किस तरह से सामने आएगा।

# किसान आंदोलन की समाधान राहें बातचीत से ही खुलेगी

(ललित गर्ग)

केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने किसान-आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की

> *भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है।*

आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है। विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति शृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है।

# पौधों को जिंदा रखने के लिए करना होगा लोगों को सिस्टम के संग मिलकर काम

(दीपक कुमार त्यागी)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पेड़ लगाओं पेड़ बचाओं अभियान 2024' की जबरदस्त शुरुआत करते हुए एक दिन में ही 36.50 करोड़ पौधे लगाकर के फिर से एक नया कीर्तिमान बनाते हुए प्रदेश व देश के आम जनमानस को एक बड़ा सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया है। हमारे प्यारे महान देश भारत में बरसात का सीजन चल रहा है, बारिश के इस सीजन में केंद्र व हर राज्य की सरकार बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने का अभियान पिछले कई वर्षों से हर वर्ष चलाती आ रही है। इस दौरान देश में हर वर्ष अरबों पौधों का रोपण करके कीर्तिमान बनाया जाता रहता है। इस वर्ष भी हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' के साथ जीवन बचाने के लिए एक बेहद ही महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पेड़ लगाओं पेड़ बचाओं अभियान 2024' की जबरदस्त शुरुआत करते हुए एक दिन में ही 36.50 करोड़ पौधे लगाकर के फिर से एक नया कीर्तिमान बनाते हुए प्रदेश व देश के आम जनमानस को एक बड़ा सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया है। उन्होंने बड़ी संख्या में पौधारोपण करके लोगों को समय रहते पेड़ों की अहमियत समझाने के लिए बहुत ही शानदार काम किया है। धरती के श्रृंगार की उसी कड़ी में इस वर्ष भी देश के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण हो रहा। पौधारोपण की इस बेहद जबरदस्त होड़ में अलग-अलग राज्यों में नित-नए रिकॉर्ड बनाते जा रहे। लेकिन शायद ही कोई विभाग यह विचार करने के लिए तैयार है कि तेज धूप, सूखी जमीन में पौधारोपण के सरकारी लक्ष्य को दशकों से पूरा तो किया जा रहा है, लेकिन शायद ही कभी इन पौधारोपण करने वाले विभागों और लोगों ने पीछे मुड़कर के यह देखा हो कि उनके द्वारा लगायें गये पौधों का धरातल पर क्या हाल है। क्योंकि अगर चौथाई पौधे भी जिंदा रहते तो अब तक तो भारत की भूमि पर पिछले कुछ दशकों में इतना पौधारोपण है चुका है कि देश में खाली जगहों पर घना वन तैयार हो चुका होता। जो दूर-दूर तक कहीं भी नज़र नहीं आता है। उसके उल्टा विकास की अंधी दौड़ में देश में घर, घेर, खेत, खलिहान, चक रोड़, छोटी बड़ी सड़कों, बंबों व नहर की पटरियों से पेड़ तेजी से गायब होते जा रहे हैं। अगर हम लोगों को अपनी आंखों से इसकी एक बानगी देखनी हो तो उत्तराखंड के हरिद्वार से निकली सैंकड़ों किलोमीटर लंबी गंगनहर के दोनों किनारों पर दशकों पुराने विशाल वृक्षों को कटते हुए देख सकते हैं। लेकिन जिस तरह से वर्ष दर वर्ष भीषण गर्मी अपना प्रचंड रूप हम सभी को दिखाती जा रही है, हम सभी को समय रहते यह समझना होगा कि जिस प्रकार से हमारे शरीर को पोषण के लिए पर्याप्त मात्र में संतुलित भोजन की बेहद आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार से धरती की जैव विविधता व प्राकृतिक संरचना को बचाने के लिए और पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए धरा के श्रंगार के रूप में पर्याप्त मात्र में पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। हम सभी को समय रहते समझना होगा कि हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी सांसों का बंदोबस्त पेड़ ही करते हैं, पेड़ लंबे समय तक ऑक्सीजन प्रदान करके, वायु की गुणवत्ता में सुधार करके धरा का वातावरण हमारे जीवन के अनुकूल बनाने का काम करते हैं। पेड़ ही जलवायु में सुधार करके जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का कार्य करते हैं। हर पेड़ अपने जीवन चक्र में धरा के प्रत्येक जीव-जंतु के लिए शुद्ध प्राण वायु के बंदोबस्त करने के साथ-साथ जीवन के लिए धरा पर जल संरक्षण करने में बेहद कारगर भूमिका निभाते हैं, पेड़ नदी, झरनों व विभिन्न प्रकार के जलस्रोतों के रक्षक होते हैं। बरसात व बाढ़ में मैदान व पहाड़ में मिट्टी के कटाव को रोकने का कार्य करते हैं, पेड़ मिट्टी को संरक्षित करने का कारगर प्राकृतिक माध्यम होते हैं और अपनी छांव में इस अद्भुत धरा पर नित-नए जीवन को उत्पन्न होने का अवसर देने का कार्य करते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5447

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5446

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आप यदि एक व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी से नाराजगी हो सकती है। शाम को समय सामाजिक संबंधों के मामले में लाभ देगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें, अचानक लाभ हो सकता है। आपके लिए लाभ के योग हैं। सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

### वृष

आज दिन परेशानियों से भरा होगा। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दे सकती है। आपका दिन मिलाजुला रहेगा और आपको लाभ होगा। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। वरना बात बिगड़ सकती है। नए संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। आपको लाभ होगा।

### कर्क

आज लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता बस आपको मेहनत करने की जरूरत है तो आपको सफलता मिलेगी। रात का समय आनंद में बीतेगा। मित्रों, परिजनों के साथ वक्त हास परिहास में बीतेगा। आपके धन में वृद्धि होने के योग हैं।

### सिंह

आज दिन लाभ से भरा होगा। अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। सामाजिक क्षेत्र में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में लाभ के योग हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और काम धंधे में अच्छा मुनाफा होगा।

### मिथुन

आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके पद और अधिकार में वृद्धि होगी। किसी कारण से मानसिक अशांति और तनाव हो सकता है। कहीं यात्रा पर जाने से आपका मन प्रसन्न होगा और आपका दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है।

### कन्या

आज आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आज संतान से जुड़ी समस्याओं का हल करने में दिन बीतेगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

### तुला

आज करियर में सम्मान के योग हैं। किसी प्रकार की बहस और विवाद से बचें। आपको नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। आपको सम्मान प्राप्त होगा और भाग्य साथ देगा। कारोबार में आपके लिए कमाई के योग हैं और काम धंधे में अच्छा मुनाफा होगा।

### वृश्चिक

आज लाभ होगा। स्वजनों से सुख और पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति में क्रोध पर काबू रखें और घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं। आपको लाभ प्राप्ति के योग हैं और किस्मत चमकेगी।

### मकर

आज विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत आपको रुका धन मिल सकता है। आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा। रोजमर्रा के काम में में कोताही न बरतें। आज आपको रिसर्च के मामले में लाभ होगा। नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा और आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी। व्यवसायिक शैथिल्य की वजह से आपका काम में मन नहीं लगेगा। आपको उदासी महसूस होगी।

### कुंभ

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपके कार्य पूर्ण होंगे। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। घर गृहस्थी के उपयोग की प्रिय वस्तु खरीदी जा सकती है। आपका आज घूमने और शॉपिंग करने मन करेगा और आपका खर्च भी अधिक हो सकता है।

### धनु

आज का दिन मिलाजुला रहेगा और मन में कुछ करने की उधेड़बुन रहेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपकी अच्छी साठ-गांठ रहेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ होगा और आपके जीवन में सुख भोगने के मौके आएंगे। निराशाजनक विचारों से बचें। शाम को संतान पक्ष की तरफ से आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### मीन

आज हर कार्य में सावधानी बरतने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आपके अच्छे कार्य का आपको लाभ होगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

## वर्ग पहेली 5447

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | ■ | 8 | | | | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | 11 | 12 | | 13 | |
| ■ | 14 | ■ | ■ | 15 | | | |
| 16 | | ■ | 17 | | | ■ | ■ |
| 18 | | | | ■ | 19 | 20 | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1923 को इस प्रख्यात धाराशास्त्री व भूतपूर्व केंद्रीय कानून मंत्री ने जन्म लिया था (7)
7. चालीस सेन की एक तौल, ह्दय, (2)
8. आक्रम करने वाला (5)
10. अतिदान देन के कारण सूतपुत्र कर्ण इस नाम से भी जाने जाते थे (4)
11. असफल, विफल (5)
15. संगमरमर, एक तहर का सफद पत्थर (4)
16. होलिकात्सव पर गाया जाने वाला गीत (2)
17. यह सऊदी अरब का एक पवित्र नगर, ग्रांथिक रूप से इस शब्द का अर्थ है शहर या नगर है (3)
18. भटका हुआ, पथ भ्रष्ट (4)
19. कुछ समय के लिए रूकना, ठहरना (3)
22. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
23. निशाना, अनुमेय (2)
24. फौज का दस्ता (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. रामभक्त होने के कारण हनुमान का एक नाम, दक्षिण भारत के प्रसिद्ध महात्मा जो छत्रपति शिवाजी के गुरू थे (4)
2. गहन चिंतन करने का भाव (3)
3. अस्थाई रूप से रहना, रूकना, टिकना (4)
4. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
5. भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाले क्रिकेटर (7)
6. नींव का अपभ्रंश (2)
9. रहनुमा, पथ प्रदर्शक (4)
12. सुखांत रचना को यह भी कहा गया है (2)
13. तीन घंटे का समय, पहर (2)
14. आने का भाव (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
17. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास, अंतपुर (3)
20. मुझे को मराठी में यह कहते है (2)
21. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, प्रसिद्ध, शोहरत (2)

### वर्ग पहेली 5446 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | जा | न | ■ | श्री | यु | त |
| ना | म | ज | द | ■ | ग | ग | न |
| था | ■ | म | ■ | ■ | णे | ■ | ब |
| ल | य | ■ | सा | ■ | श | ह | द |
| य | म | ज | ■ | सु | ■ | वा | न |
| ■ | दू | री | भू | त | ■ | म | ■ |
| षा | त | ■ | त | ■ | आ | ह | त |
| ना | ■ | सु | ल | ह | ■ | ल | ब |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड सरकार के पारसनाथ पर्वत पर किए गए कदमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका की सुनवाई

**अहमदाबाद।** न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की अध्यक्षता में एक डिवीजन बेंच पारसनाथ पर्वत की पवित्रता को बनाए रखने के लिए 31 जुलाई को याचिका पर सुनवाई करेगी। यह पर्वत झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित है, जो जैन समुदाय के लिए सबसे पूजनीय तीर्थस्थल है। सिविल अपील संख्या 5596-5600/2009 में दाखिल की गई द्ध संख्या 156891/2024, दर्शनाबेन नयनभाई शाह द्वारा दायर की गई है, जो इस पवित्र स्थल को अपवित्र करने वाली गतिविधियों को तत्काल रोकने के लिए कोर्ट के आदेशों की मांग करती है।पारसनाथ पर्वत, जिसे शिखरजी के नाम से भी जाना जाता है, जैन धर्म के अनुयायियों के लिए सबसे पवित्र और पूजनीय स्थल माना जाता है, क्योंकि 24 में से 20 तीर्थंकरों और अनेक जैन साधुओं ने यहाँ निर्वाण प्राप्त किया है। सदियों से, केवल जैन समुदाय ही नहीं बल्कि विभिन्न न्यायिक और प्रशासनिक शक्तियों द्वारा भी इस पर्वत को उसकी धार्मिक महत्वता के लिए मान्यता मिली है। जैसे अयोध्या हिंदुओं के लिए, बोधगया बौद्धों के लिए, स्वर्ण मंदिर सिखों के लिए, मक्का मुसलमानों के लिए और वेटिकन कैथोलिकों के लिए पवित्र है, वैसे ही यह पर्वत जैनों के लिए पवित्र है। इस याचिका में, दर्शनाबेन शाह, जैन समुदाय के एक निष्ठावान सदस्य, हाल ही में झारखंड राज्य द्वारा की गई कई गतिविधियों को उजागर करती हैं, जो पर्वत की पवित्रता को खतरे में डालती हैं। याचिका में निम्नलिखित मुद्दों को प्रस्तुत किया गया है-झारखंड राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित करने से बढ़ी हुई पर्यटकों की आवन-जावन के कारण पर्वत पर नए साल की पिकनिक और खाने-पीने की गतिविधियों को बढ़ावा मिला है, जिसे जैनों द्वारा अपवित्र माना जाता है। झारखंड राज्य ने राज्य में 5 प्रमुख स्थानों पर पर्यटन विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया है, जिनमें से एक यह शिखरजी पर्वत है। इको-टूरिज्म भी झारखंड सरकार की योजनाओं का हिस्सा है। जैन परंपरागत रूप से नंगे पांव तीर्थयात्रा को श्रद्धा का चिन्ह मानते हैं, इसलिए पर्वत पर रोपवे बनाने के प्रस्ताव का जैन समुदाय द्वारा जोरदार विरोध किया गया है। पहले की रोपवे योजनाओं को ऐसे ही विरोध के कारण स्थगित कर दिया गया था।

### राम पथ की जांच चाहते हैं अवधेश प्रसाद, बोले- अयोध्या में जमीन खरीद में हुई धांधली

**फैजाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फैजाबाद से समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने अयोध्या में हुए जमीन के सौदों की जांच की मांग की है। उन्होंने साल 2019 में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में हुई डील्स की जांच के लिए एक कमेटी भी गठित किए जाने की मांग की है। उन्होंने सौदों में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा है कि प्रोजेक्ट्स के कारण लोगों के घर तोड़ दिए गए इसलिए अयोध्या की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को नकार दिया। सोमवार को बजट को लेकर हो रही चर्चा में प्रसाद ने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में बड़े स्तर पर जमीन की बिक्री हुई थी।

### पूर्व रेलवे ने जारी किया सुरक्षा बुलेटिन

**कोलकाता (वि.सं.)।** पूर्व रेलवे मुख्यालय, फेयरली प्लेस पर शनिवार आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में, मिलिंद के. देवास्कर, महाप्रबंधक ने सुरक्षा बुलेटिन का विमोचन किया। यह बुलेटिन सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकी लेख, संयुक्त प्रक्रियात्मक आदेश, मानसून सुरक्षा सुझाव, सुरक्षा अभियानों से प्राप्त अमूल्य शिक्षाएँ और पूर्व रेलवे कर्मचारियों द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों को शामिल करता है। सुरक्षा बुलेटिन एक मूल्यवान संसाधन है और 'सुरक्षा पहले, बेहतर सुरक्षा प्रदर्शन के लिए' के सिद्धांत को अपनाता है। यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि सुरक्षा पूर्व रेलवे की मूलभूत मूल्य है, जो इसके सभी ऑपरेशनों में एकीकृत है, और यह रेलवे शून्य सहिष्णुता के साथ सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीएम धामी ने टिहरी में आपदा राहत शिविर में प्रभावितों से बातचीत कर जाना उनका हाल-चाल

- मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाएं हमेशा चुनौतियां बनकर आती हैं। इससे पूर्व तैयारी के साथ-साथ आपदा के समय सजगता और सतर्कता से कम से कम समय में आपदा पर काबू पाना जरूरी होता है, जिसका परिचय जिला प्रशासन ने दिखाया है। उन्होंने पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के जिला प्रशासन के प्रयासों की भी सराहना की।

निज संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को टिहरी के अस्थाई राहत शिविर राजकीय इण्टर कॉलेज विनक खाल में प्रभावितों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राहत शिविर में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, विकलांगों के लिए भी उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आपदा राहत शिविर में आपदा प्रभावितों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा उनकी समस्यायें सुनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा आपदा के दिन से ही लगातार स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा रही है। उन्होंने आपदा में हुई जनहानि पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति तथा पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाएं हमेशा चुनौतियां बनकर आती हैं। इससे पूर्व तैयारी के साथ-साथ आपदा के समय सजगता और सतर्कता से कम से कम समय में आपदा पर काबू पाना जरूरी होता है, जिसका परिचय जिला प्रशासन ने दिखाया है। उन्होंने पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के जिला प्रशासन के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में भारत सरकार, राज्य सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। तिनगढ़ गांव के विस्थापन की कार्रवाई शुरू हो गई है। अन्य गांव का सर्वे कर योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। आपदा से क्षतिग्रस्त हुए सुरक्षा दीवार, स्कूल, पुल, तटबंध आदि कार्यों को शीघ्रता से किया जाएगा। आपदा सुरक्षा कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने आपदा के इस कठिन समय में धैर्य से एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को खतरे की जद में आने वाले मकानों को लेकर सजग रहने के निर्देश दिए। आपदा की इस घड़ी में जनप्रतिनिधियों को भी हर संभव मदद करने को कहा। आपदा प्रभावितों को कोई दिक्कत न हो तथा उनके जन जीवन को पूर्व की भांति पटरी पर लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि तिनगढ़ गांव के पुनर्वास/विस्थापन के लिए भूगर्भीय सर्वे कर लिया गया है, तथा सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल चुकी है। भूमि चिन्हीकरण की कार्यवाही की जा रही है। जमीन उपलब्धता के आधार पर धीरे धीरे लोगों का पुनर्वास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम कोट के 28 परिवारों के विस्थापन की कार्यवाही गतिमान है। तिनगढ़ के लगभग 100 पशुओं हेतु एक अस्थाई गौशाला का चिन्हीकरण कर लिया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन विनय रोहेला, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नोटियाल, ब्लॉक प्रमुख भिलंगना वासुमति घणाता, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम के.के. मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण मौजूद रहे।

## शाहिद अग्निवीरों पर राहुल गांधी के दावे को रक्षा मंत्रालय ने बताया गलत, मुआवजे पर दिया पूरा विवरण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर वाले दावे को रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने खारिज किया है। यह कहा गया कि मिलिट्री सर्विस के दौरान जान गंवाने वाले किसी भी अग्निवीर के परिवार को 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जाती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इसमें बीमा और दूसरी मदें भी शामिल हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने आज लोकसभा में कहा कि रक्षा मंत्री ने कहा था कि शहीद अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। मगर, उनकी बात गलत थी। उन्होंने कहा, उस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है। इसे कोई नकार नहीं सकता। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, अगर मिलिट्री सर्विस के दौरान किसी अग्निवीर की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिजनों को 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलती है। इसमें 48 लाख रुपये का बीमा है, जिस पर अग्निवीर से कोई भुगतान नहीं लिया जाता है। 44 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सेवा निधि पैकेज लगभग 11.70 लाख रुपये और सर्विस की शेष अवधि के लिए वेतन भी शामिल है। इसके अलावा, अग्निवीरों को 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर भी मिलता है, जिसे लेकर सरकार ने कई बैंकों के साथ समझौता किया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को किसी भी प्रीमियम का भुगतान करने की जरूरत नहीं होती है।

## रेल हादसों पर ममता का केंद्र पर करारा प्रहार, कहा- आपकी संवेदनहीनता कब खत्म होगी

**कोलकाता, एजेंसी।** देश में लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल में आज सुबह एक और विनाशकारी ट्रेन दुर्घटना हुई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने की खबर हैं। इससे पहले लगातार रेल हादसे हो रहे हैं। रविवार को ही बिहार में संपर्क क्रांति दो हिस्सों में टूट कर अलग हो गई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। इससे पहले ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे की एक वीभत्स तस्वीर सामने आ गई थी जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। ममता ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि एक और विनाशकारी रेल दुर्घटना, हावड़ा- मुंबई मेल आज सुबह झारखंड़ के चक्रधरपुर मंडल में पटरी से उतर गई, जिसके कारण कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए हैं। मैं गंभीरता से पूछती हूं, क्या यही शासन व्यवस्था है? लगभग हर हफ्ते दुःस्वप्नों का यह सिलसिला,रेल पटरियों पर मौतों और चोटों का यह अंतहीन सिलसिला कब तक हम इसे सहन करेंगे? क्या भारत सरकार की संवेदनहीनता का कोई अंत नहीं होगा? ममता बनर्जी यूपीए 2 की सरकार में रेल मंत्री रह चुकी हैं और उनको रेल मंत्रालय चलाने का काफी अनुभव भी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है। भारतीय रेल में लोगों की परेशानी लगातार सामने आ रही है, आए दिन लोग अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्रेनों की भीड़ को लेकर पोस्ट करते रहते हैं जिस पर भी सोशल मीडिया और विपक्षी नेता रेल मंत्री पर इस्तीफा देने का दवाब बनाने लगते हैं।

## अमरनाथ यात्रा : 31 दिनों में 4.66 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू , एजेंसी।**
29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 1,477 श्रद्धालुओं का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। इसी के साथ अब तक अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 4.66 लाख हो गई है। अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी। यह 52 दिनों के बाद 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। मंगलवार को 1,477 तीर्थयात्रियों का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया, 377 यात्रियों को लेकर 13 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3.25 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 1,100 यात्रियों को लेकर 39 वाहनों का दूसरा सुरक्षा काफिला भी उसी समय दक्षिण कश्मीर के नुनवान

(पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दोनों काफिलों के आज दोपहर से पहले घाटी में पहुंचने की उम्मीद है। सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के असाधारण सुरक्षा इंतजामों के कारण इस साल यात्रा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से चल रही है।

गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग 48 किलोमीटर लंबा है। जिससे बाबा बर्फानी तक पहुंचने में 4 से 5 दिन लग जाते हैं। दूसरा मार्ग बालटाल का है।

## कश्मीर में झमाझम बारिश ने दी गर्मी और उमस से राहत, दरगाह पर नंगे पांव दौड़ लोग मांग रहे थे दुआ

**कश्मीर , एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अधिकतर स्थान पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे थे। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को श्रीनगर समेत कश्मीर घाटी के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 36 डिग्री पार कर गया था। बारिश के लिए तरस रहे सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों की टोलियों ने बडगाम में एक दरगाह पर नंगे पांव दौड़ लगाई थी। लोगों ने दुआ मांगी थी कि हे सर्वशक्तिमान हमारे पापों को क्षमा करो और बारिश करा दो। सोमवार को कश्मीर के कई स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जहां लोगों को बारिश से राहत तो मिली, वहीं श्रीनगर में रविवार देर रात को न्यूनतम तापमपान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 132 वर्षों में दूसरा सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। अधिकारियों ने कहा कि आज दोपहर श्रीनगर और उसके आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे लोगों को चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली।

श्रीनगर में रविवार को 1997 के बाद से अब तक का सबसे अधिक तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस का रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया। मौसम अधिकारियों ने बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के कारण कश्मीर घाटी में मंगलवार तक प्राथमिक कक्षाओं के लिए स्कूल गतिविधियों को स्थगित कर दिया। श्रीनगर में मौसम विज्ञान केंद्र ने गुलमर्ग, तंगमर्ग और बारामूला, दूध पथरी, खान साहिब और बडगाम के आसपास के इलाकों सहित कश्मीर संभाग के कई हिस्सों में बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने कहा कि कश्मीर घाटी के कई स्थानों में और जम्मू संभाग के अधिकतर इलाकों में एक से सात अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील इलाकों में भारी बारिश से अचानक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाओं का अनुमान जताया गया है।

## राजस्थान में बिजली हुई महंगी, फ्यूल सरचार्ज के बाद अब फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में बिजली महंगी हो गई है। फ्यूल सरचार्ज के बाद अब फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी हुई है। राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने फिक्स चार्ज को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जो कि दस फ़ीसदी से अधिक बढ़ोतरी की गई है। इससे नए बिजली बिल को भरने में उपभोक्ताओं को और जेब ढीली करनी पड़ेगी। मतलब पहले जो फिक्स चार्ज 230 रुपये था, अब 250 रुपये देना पड़ेगा। आयोग ने साल 2024-25 के लिए नया टैरिफ जारी किया है। बिजली कम्पनियों की याचिका पर आयोग ने नए टैरिफ तय किए हैं।

आयोग ने वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित किए टैरिफ प्लान ~~छोटे~~ छोटे उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य श्रेणी में एनर्जी चार्जेज नहीं बढ़ाए, लेकिन पूर्व में निर्धारित फिक्स चार्ज में की गई 10 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। विद्युत विनियामक आयोग के नया टैरिफ प्लान के मुताबिक, 150 यूनिट तक खपत वाले सामान्य बिजली उपभोक्ता को अब हर महीने फिक्स चार्ज के रूप में 250 रुपये देने होंगे, जबकि पहले 230 रुपए हर महीने फिक्स चार्ज देना पड़ता था।

150 से 300 यूनिट तक खपत वाले बिजली उपभोक्ताओं को हर महीने फिक्स चार्ज के रूप में 300 रुपये देना होगा। पहले इसके लिए 275 रुपए फिक्स चार्ज निर्धारित था। इसके साथ ही उद्योगों के लिए भी ली अवर और पीक आवर के हिसाब से बिजली उपयोग पर रिबेट और एक्स्ट्रा चार्ज, छोटे और मध्यम उद्योगों चार्जिंग स्टेशनों पर अगर सुबह 6 बजे से 8 बजे और शाम को 6 बजे से 10 बजे तक बिजली का उपयोग होगा तो 5 प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज लगेगा, लेकिन अगर दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक चार्जिंग स्टेशन और मध्यम और बड़े उद्योग बिजली का उपयोग करेंगे तो 10 प्रतिशत की रिबेट भी मिलेगी।

50 यूनिट तक पहले 100 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए कर दिया है। 150 यूनिट तक पहले स्थाई शुल्क 230 रुपए था जो अब बीस रुपए बढ़ाने के बाद 250 रुपए नया चार्ज है, जबकि 150 यूनिट से 300 यूनिट तक 275 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया गया है। 300 यूनिट से 500 यूनिट तक 345 से बढ़ाकर अब 400 रुपए कर दिया गया। इसके अलावा 500 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने पर 450 रुपए फिक्स चार्ज वसूला जाएगा।

## अजित पवार गुट को मिला सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**मुंबई, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बागी नेता के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) घोषित करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की याचिका पर राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनके समर्थक विधायकों से सोमवार को जवाब-तलब किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीपी की स्थापना करने वाले वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर उनके भतीजे अजित पवार समूह को नोटिस जारी करने का आदेश पारित किया। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 15 फरवरी को अपने आदेश में कहा था कि अजित पवार नेतृत्व वाली एनसीपी समूह असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी है। नार्वेकर ने अपने फैसले में कहा था कि प्रतद्विंद्वी समूहों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली अयोग्यता याचिकाओं को खारिज किया जाता है। विधानसभा ने कहा था कि 30 जून से 2 जुलाई, 2023 के बीच जो घटनाक्रम

हुआ, वह स्पष्ट रूप से एनसीपी के भीतर असंतोष की प्रकृति का था और पार्टी के सदस्य दो नेताओं के बीच बंटे हुए थे। उन्होंने एक-दूसरे के समूह के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने शिवसेना के यूबीटी समूह द्वारा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर इसी तरह की याचिका के साथ मामले की सुनवाई करने का फैसला किया। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 6 फरवरी 2024 को अजित पवार के समूह को एनसीपी के रूप में मान्यता दी और इसे पार्टी का चुनाव चिह्न घड़ी के इस्तेमाल की अनुमति दी थी।

## दिल्ली हादसे से सबक, पटना के 20 हजार कोचिंग सेंटरों की जांच शुरू

**पटना , एजेंसी।**
दिल्ली बेसमेंट हादसे के बाद बिहार प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। पटना के डीएम ने करीब 20 हजार कोचिंग सेंटरों की जांच के आदेश दिए हैं। जांच आज (30 जुलाई) से शुरू हो रही है। डीएम चंद्रशेखर सिंह ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच के लिए छह टीमें गठित की गई हैं। जांच टीम के सदस्य अग्निशमन अधिकारी, बीईओ, सीओ और क्षेत्र के थानाध्यक्ष होंगे। आदेश के अनुसार, टीम कोचिंग संस्थानों के रजिस्ट्रेशन, प्रवेश, निकास की व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, बिल्डिंग बायलॉज, फायर सेफ्टी, इमरजेंसी हालात से निपटने की व्यवस्था की जांच करेगी। व्यवस्था ठीक नहीं होने

पर जिला प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगी।

बता दें कि 27 जुलाई (शनिवार) को दिल्ली में ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके स्थित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया था। जिसमें डूबने से यूपीएससी की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की मौत हो गई थी। इन छात्रों की पहचान तानिया सोनी, श्रेया यादव और नवीन डेल्विन के रूप में हुई। तानिया सोनी का संबंध बिहार से ही था। वो बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली थी। दिल्ली वो आईएएस बनने का सपना लिए आई थी और इसी को पूरा करने के लिए जी जान से जुटी थी।

राजेंद्र नगर थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राव आईएएस कोचिंग के मालिक और कोऑर्डिनेटर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां से दोनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, सोमवार को एमसीडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोचिंग सेंटर के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर अश्वनी कुमार ने स्थानीय असिस्टेंट इंजीनियर को निलंबित कर दिया है, जबकि जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त किया है। निलंबित किए गए असिस्टेंट इंजीनियर का नाम विश्राम मीणा और बर्खास्त जूनियर इंजीनियर का नाम विष्णु मित्तल है।

पेरिस ओलंपिक

## चीन ने गोताखोरी में 49वें स्वर्ण के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ा, ओलंपिक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया

**पेरिस, एजेंसी।** इस मामले में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को स्पष्टीकरण देना पड़ा। कुछ रिकॉर्ड के मुताबिक अमेरिका के नाम भी गोताखोरी में 49 स्वर्ण है लेकिन आईओसी ने अमेरिका द्वारा 1904 ओलंपिक में 'प्लंजिंग फॉर डिस्टेंस' में जीते स्वर्ण को गोताखोरी की जगह तैराकी स्पर्धा का हिस्सा करार दिया।

चीन ने लियान जुन्जी और यांग हाओ की जोड़ी की सिंक्रोनाइज्ड 10-मीटर प्लेटफार्म में सोमवार को यहां जीत के साथ ही ओलंपिक गोताखोरी में किसी देश द्वारा सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीतने का इतिहास रच दिया। ओलंपिक गोताखोरी में चीन का यह 49वां स्वर्ण पदक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड लंबे समय तक अमेरिका के नाम था। हालांकि, इस मामले में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को स्पष्टीकरण देना पड़ा। कुछ रिकॉर्ड के मुताबिक अमेरिका के नाम भी गोताखोरी में 49 स्वर्ण है लेकिन आईओसी ने अमेरिका द्वारा 1904 ओलंपिक में 'प्लंजिंग फॉर डिस्टेंस' में जीते स्वर्ण को गोताखोरी की जगह तैराकी स्पर्धा का हिस्सा करार दिया। चीन ने पिछले दोनों ओलंपिक में इस खेल के आठ में सात स्वर्ण पदक जीते है। तीन दिन खत्म होने के बाद पदक तालिका की बात करें तो जापान छह स्वर्ण समेत 12 पदक के साथ शीर्ष पर है।

## अर्जुन बबूता का युग 2025 में शुरू होगा: कोच दीपाली देशपांडे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलिम्पिक खेलों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अर्जुन बबूता के चौथे स्थान पर आने के सदमे से उबरने में कोच दीपाली देशपांडे को एक घंटे का समय लगा। हजारों मील दूर बैठी दीपाली अपने सबसे मेहनती शिष्यों में से एक के दर्द को महसूस कर सकती थी जब वह अपने पहले ही ओलिम्पिक में पदक जीतने के इतने करीब था लेकिन भारी दबाव के बीच चौथे स्थान पर रहा। बबूता जब 16 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम में आया था तब से उसे कोचिंग दे रही दीपाली को एक ऐसा निशानेबाज मिला जिसकी मुद्रा (पॉस्चर) 'बहुत खराब थी लेकिन उसकी नजर सटीकता और परफेक्ट होने पर थी।

वर्ष 2015 में जसपाल राणा के साथ जूनियर कोचिंग टीम का हिस्सा रही दीपाली को भरोसा है कि बबूता जल्द ही इस झटके से उबर जाएगा और 2028 लॉस एंजिल्स ओलिम्पिक की ओर उनका सफर पेरिस के पास शेटराउ निशानेबाजी रेंज में होने वाले घटनाक्रमों से प्रेरित होगा। बबूता एक समय रजत पदक जीतने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन घबराहट में खराब निशाना लगा बैठे। बुसान 2002 एशियाई खेलों की निशानेबाजी टीम स्पर्धा की रजत पदक विजेता दीपाली ने पिछले नौ साल में बबूता को परिपक्व होते हुए देखा है।

## सीन नदी को लेकर विवाद जारी, पानी की खराब गुणवत्ता के कारण लगातार दूसरे दिन तैराकी अभ्यास रद्द

**पेरिस, एजेंसी।** सीन नदी में पानी की खराब गुणवत्ता के कारण अधिकारियों ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन ओलंपिक ट्रायथलॉन के तैराकी सत्र को रद्द कर दिया। पेरिस खेलों में आयोजन की देखरेख करने वालों को हालांकि उम्मीद है कि मंगलवार को प्रतियोगिता शुरू होने पर ट्रायथलीट शहर के प्रसिद्ध जलमार्ग में तैरने में सक्षम होंगे। ट्रायथलॉन में खिलाड़ियों को दौड़ने के साथ साइकिल रेस और तैराकी करनी पड़ती है।

इस खेल की वैश्विक शासी निकाय 'वर्ल्ड ट्रायथलॉन' की मेडिकल टीम और शहर के अधिकारियों को उम्मीद है कि मंगलवार को प्रतियोगिता से पहले धूप निकलने और तापमान बढ़ने के बाद नदी के पानी में ई. कोली और अन्य बैक्टीरिया का स्तर आवश्यक सीमा से नीचे चला जाएगा। वर्ल्ड ट्रायथलॉन ने सीन में पानी की गुणवत्ता पर एक बैठक के बाद सोमवार तड़के तैराकी अभ्यास को रद्द करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में बारिश ने खलल डाला और शनिवार को भी बारिश जारी रही, जिससे कुछ टेनिस मैच और स्केटबोर्डिंग प्रतियोगिता स्थगित करनी पड़ी।

रोहन बोपन्ना ने ली रिटायरमेंट बोले-

# मैंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल लिया

**पेरिस, एजेंसी।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ओलंपिक के पुरुष युगल के पहले दौर में हार का सामना करने के बाद कहा कि उन्होंने भारत के अपना आखिरी मैच खेल लिया है। बोपन्ना देश के लिए अपने करियर का अंत और बेहतर तरीके से करना चाहते थे लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने 22 साल के अपने करियर में कई शानदार सफलता हासिल की। बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दुधिया रोशनी में रविवार रात को खेले गए मैच में एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार गई। इस जोड़ी की हार के साथ ही टेनिस में 1996 के बाद भारत के लिए ओलंपिक पदक का सूखा बरकरार रहा।

दिग्गज लिएंडर पेस ने अटलांटा ओलंपिक के पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था। बोपन्ना 2016 में इस सूखे को खत्म करने के करीब आए थे लेकिन मिश्रित स्पर्धा में उनकी और सानिया मिर्जा की जोड़ी चौथे स्थान पर रही थी। बोपन्ना ने खुद को 2026 एशियाई खेलों से बाहर करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से देश के लिए मेरा आखिरी टूर्नामेंट था। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं किस स्थिति में हूं। मैं अब जब खेल सकूंगा तब टेनिस का लुत्फ उठाउंगा। वह पहले ही डेविस कप से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा कि मैं जहां हूं वह मेरे लिए पहले ही किसी बड़े बोनस की तरह है। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं दो दशकों तक भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। मैंने 2002 में करियर की शुरुआत की थी और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। मुझे इस पर बेहद गर्व है।

बोपन्ना ने कहा कि 2010 में ब्राजील के खिलाफ डेविस कप का 5वां मुकाबला राष्ट्रीय टीम के लिए उनका सबसे यादगार

मैच है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से डेविस कप इतिहास में एक है। वह अब तक मेरा सबसे अच्छा पल है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि चेन्नई में वह पल और फिर सर्बिया के खिलाफ बैंगलोर में पांच सेट में मैच जीतना भी यादगार मौका था। उन्होंने कहा कि उस समय टीम का माहौल शानदार था। ली (लिएंडर पेस) के साथ खेलना, कप्तान के रूप में हेश (महेश भूपति) के साथ खेलना कमाल का अनुभव था। उस समय मैं और सेमदेव (देववर्मन) एकल में खेलते थे और हम सभी ने पूरे जी-जान से मुकाबला किया था, यह अविश्वसनीय था। उन्होंने कहा कि बेशक, अपना पहला पुरुष युगल ग्रैंड स्लैम जीतना और विश्व नंबर एक बनना बड़ी उपलब्धि रही है। मैं अपनी पत्नी (सुप्रिया) का आभारी हूं, जिन्होंने इस यात्रा में बहुत सारे बलिदान किए हैं।

बोपन्ना अपने स्तर पर युगल खिलाड़ियों की मदद कर रहे हैं और अगर उन्हें भविष्य में एआईटीए (अखिल भारतीय टेनिस संघ) के संचालन में शामिल होने का मौका मिलता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जब मैं इसे करने के लिए तैयार हो जाऊंगा तो निश्चित रूप से उन पदों पर गौर करूंगा। मैं अभी प्रतिस्पर्धा और यात्रा कर रहा हूं ऐसे में अभी इस तरह की जिम्मेदारी नहीं निभा सकता हूं। मैं इस समय इसके प्रति अपनी सौ प्रतिशत प्रतिबद्धता नहीं दे पाऊंगा। बोपन्ना ने कहा कि ओलंपिक मुकाबले में फ्रांस की टीम में मोनफिल्स की मौजूदगी से उनका काम मुश्किल हो गया। मोनफिल्स ने आखिरी समय में फैबियन रेबॉल की जगह ली थी। उन्होंने कहा कि मोनफिल्स ने मुझे बताया कि यह उसका सबसे अच्छा युगल मैच था।

एकल मैच खेलने के बाद इस मुकाबले में भी गेंद पर उसका शानदार नियंत्रण था। वह तेज प्रहार और शानदार सर्विस कर रहा था। फ्रांस की जोड़ी को स्थानीय प्रशंसकों का भी शानदार समर्थन मिला। स्टेडियम में मौजूद दर्शक लगातार अपने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे। बोपन्ना ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैंने भारत में डेविस कप कभी इस तरह के माहौल में खेला है। प्रशंसक गाना गा रहे थे , शोर मचा रहे थे, उछल रहे थे। डेविस कप में मैंने यूरोप और दक्षिण अमेरिका में अकसर ऐसा देखा है।

उन्होंने कहा कि दर्शक अपने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे थे लेकिन इस बात का पूरा सम्मान कर रहे थे कि टेनिस मैच खेला जा रहा है। बालाजी ने अहम समय पर अपनी सर्विस गंवा दी, जिससे वह खुद से निराश थे लेकिन बोपन्ना ने कहा कि उनके साथी ने बहुत अच्छा खेला। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा कि जिस तरह से उसने खेला उस पर उसे बेहद गर्व होना चाहिए। कुछ चीजें हैं जिन पर वह निश्चित रूप से काम कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ने के लिए एक महान उदाहरण के रूप में ले सकते हैं।

## भारत 2025 पुरुष टी20 एशिया कप की मेजबानी करेगा

● बांग्लादेश होगा वनडे प्रारूप में 2027 संस्करण का मेजबान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 2025 में टी20 फॉर्मेट में पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि बांग्लादेश 2027 में इस टूर्नामेंट के 50 ओवर के संस्करण की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से 50 ओवर प्रारूप में 2023 का पुरुष एशिया कप आयोजित किया था, जिसमें भारत विजेता रहा था।

भारत ने इससे पहले केवल एक बार 1990/91 में पुरुष एशिया कप की मेजबानी की थी, जिसमें वह कोलकाता के ईडन गार्डन में चैंपियन बना था। टेंडर डॉक्यूमेंट में यह भी कहा गया है कि पुरुष एशिया कप के दोनों भविष्य के संस्करणों में प्रति संस्करण 13 मैच होंगे। महिला टी20 एशिया कप 2026 में खेला जाएगा, हालांकि स्थान का नाम नहीं बताया गया है, इसमें कुल 15 मैच होंगे। टेंडर डॉक्यूमेंट में पुरुष अंडर-19 एशिया कप भी शामिल है, जो क्रमशः 2024, 2025, 2026 और 2027 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक संस्करण में 15 मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा पुरुष इमर्जिंग टीम एशिया कप, 2024 और 2026 (टी20), 2025 और 2027 (50 ओवर) , में भी 50 ओवर और टी20 के 30 मैच शामिल हैं।

टेंडर राइट साइकिल में महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप के दो संस्करण भी हैं - जिसमें 2025 और 2027 में क्रमशः प्रत्येक संस्करण में 15 मैच खेले जाएंगे। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने टेंडर डॉक्यूमेंट में कहा है कि इच्छुक पार्टियों के पास 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की नेटवर्थ होनी चाहिए या 31 मार्च, 2024 तक उनका वार्षिक कारोबार 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होना चाहिए। 2024 से 2027 तक के प्रायोजन अधिकारों के लिए ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 2 अगस्त, शाम 5 बजे दुबई के समयानुसार है।

## मनु ओलंपिक के एक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

**चेटौरौक्स (फ्रांस), एजेंसी।** मनु भाकर ने मंगलवार को भारतीय खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। वह एक ही ओलंपिक खेलों में कई पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। 22 वर्षीय निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर कांस्य पदक जीता।

यह उपलब्धि उनकी पिछली सफलता के बाद आई है, जहां उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था, जो भारतीय शूटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। भाकर की डबल पोडियम फिनिश ने न केवल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत की पदक तालिका खोली, बल्कि उन्हें भारतीय एथलीटों के एक विशिष्ट समूह में भी शामिल किया। वह पी.वी. सिंधु से जुड़ती है जो दो ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं। प्रसिद्ध बैडमिंटन स्टार सिंधु ने पहली बार टोक्यो ओलंपिक में चीन की हे बिंगजियाओ को 21-13, 21-15 से हराकर कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। इससे रियो ओलंपिक में उनका रजत पदक जुड़ गया, जहां उन्होंने फाइनल तक यादगार प्रदर्शन किया, लेकिन स्पेन की कैरोलिना मारिन ने उन्हें पछाड़ दिया। मिश्रित टीम स्पर्धा में भाकर और सिंह ने असाधारण संयम और कौशल का प्रदर्शन किया।

भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक मैच में अपनी सटीकता और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए एक मजबूत दक्षिण कोरियाई टीम का सामना किया। अपने स्थिर हाथ और फोकस के लिए मशहूर भाकर ने पूरे मैच में भारत की बढ़त बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक 16-10 स्कोरलाइन के साथ हासिल की गई उनकी जीत ने दबाव में भाकर की क्षमता और लचीलेपन को रेखांकित किया। टोक्यो ओलंपिक में पदक से मामूली अंतर से चूकने के बाद, पेरिस में भाकर का प्रदर्शन उनके संकल्प और सुधार का प्रमाण है।

# शर्त पर आईपीएल-2025 में खेलेंगे एमएस धोनी

बीसीसीआई पर टिका फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमएस धोनी आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बतौर कप्तान नहीं बल्कि एक खिलाड़ी के रूप में खेलते हुए दिखाई दिए थे. 2024 के आईपीएल से पहले धोनी ने कप्तानी का पद छोड़ दिया था और युवा रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई की कमान सौंपी गई थी.

आईपीएल 2024 को काफी वक़्त गुज़र चुका है, लेकिन इस बात को लेकर कुछ भी साफ नहीं हो पाया है कि माही अगले सीज़न में खेलेंगे या नहीं. अब सामने आई रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे धोनी का अगला आईपीएल खेलने का फैसला एक शर्त पर टिक गया है. माही के अगले सीज़न खेलने का फैसला बीसीसीआई पर टिकता हुआ दिख रहा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर बीसीसीआई आईपीएल में टीमों को 5-6 खिलाड़ी रिटेन करने की इजाजत देती है, तभी धोनी का एक

खिलाड़ी के रूप में खेलते रहना जारी रह सकता है. बता दें कि 2025 से पहले आईपीएल का मेगा ऑक्शन होना है. मेगा ऑक्शन से पहले इस बात की चर्चा ज़ोरों पर कि आईपीएल टीमें बीसीसीआई से 4 से ज़्यादा खिलाड़ी रिटेन करने की मांग कर रही हैं. मौजूदा वक़्त में टीमें मेगा ऑक्शन से पहले सिर्फ 4 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है. अब देखना दिलचस्प होगा कि बीसीसीआई मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों की रिटेन पॉलिसी में बदलाव करती है या नहीं.

गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में कदम नहीं रख पाई थी. टीम प्वाइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर रही थी. चेन्नई ने 14 में से 7 मैच जीते और 7 गंवाए थे. भले ही चेन्नई ने प्लेऑफ में जगह न बनाई हो, लेकिन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की तरफ से बैटिंग और कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला था. अब अगले सीज़न में फिर गायकवाड़ पर सभी की नज़रें होंगी.

## 16 साल की जिया ने रचा इतिहास

### इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे युवा और सबसे तेज पैरा तैराक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिया ने 28 से 29 जुलाई के बीच 17 घंटे और 25 मिनट के समय में इंग्लैंड के एबट्स क्लिफ से फ्रांस के प्वाइंट डे ला कोर्टे-ड्यून तक इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। उन्होंने 34 किलोमीटर की दूरी तय की। 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित मुंबई की 16 वर्षीय जिया राय इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज पैरा तैराक बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 28-29 जुलाई को हासिल की। जिया ने 28 से 29 जुलाई के बीच 17 घंटे और 25 मिनट के समय में इंग्लैंड के एबट्स क्लिफ से फ्रांस के प्वाइंट डे ला कोर्टे-ड्यून तक इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। उन्होंने 34 किलोमीटर की दूरी तय की। वह मुंबई में सेवारत नौसेना के मदन राय की बेटी हैं। पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) ने युवा पैरा तैराक को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## भारतीय स्टार मनिका ने फ्रास की प्रीथिका को 4-0 से हराया, राउंड 16 में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी।** मनिका बत्रा का पेरिस ओलंपिक में दमदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की प्रीथिका पावड़े को लगातार चार गेमों में हराकर महिला एकल के राउंड 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। बत्रा ने 11-9, 11-6, 11-9, 11-7 से राउंड 32 में पावड़े को हराया। अपनी इस जीत के साथ मनिका ओलंपिक में राउंड 16 के दौर में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। टूर्नामेंट में 18वीं वरीयता प्राप्त और विश्व में 28वें स्थान पर काबिज 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन मनिका ने इससे पहले पेरिस ओलंपिक में

विश्व की 103वें नंबर की खिलाड़ी ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्सी पर 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 अपनी पहली जीत हासिल की थी। मनिका को पहले गेम में बायें हाथ की खिलाड़ी के खिलाफ सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई और यह काफी करीबी मुकाबला रहा। मनिका ने अखिरी तीन अंक अपने नाम कर इसे 11-9 से जीता।

दूसरे गेम की शुरुआत में भी मुकाबला काफी करीबी था, लेकिन 6-6 की बराबरी के बाद मनिका ने प्रीथिका को कोई मौका नहीं दिया और 11-6 से वह जीत गई। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम की लय तीसरे गेम में जारी रखते हुए पांच अंक की बढ़त बनाई, लेकिन प्रीथिका ने लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर को 9-10 कर दिया। प्रीथिका दबाव में गेंद को नेट पर खेल गई और मनिका ने 11-9 से इस गेम को जीत लिया। मनिका ने चौके गेम में 6-2 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत को 10-4 में बदल कर छह मैच प्वाइंट हासिल किए।

प्रीथिका तीन मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही, लेकिन मनिका ने चौथे अंक को भुनाकर मैच अपने नाम किया। प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका की भिड़ंत जापान की आठवीं वरीय हिरोनो मियू और हांगकांग की झू चेंगझू के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# दिल्ली कोचिंग हादसा : औरंगाबाद की तान्या के परिजनों ने की सीबीआई जांच की मांग

## औरंगाबाद में अंतिम संस्कार, शव देख मां-पिता हुए बेहाल

तान्या उर्फ तनु का शव एंबुलेंस के जरिए औरंगाबाद जिले में स्थित नवीनगर लाया गया। नवीनगर के मस्जिद मुहल्ला में तान्या का पैतृक घर है। सोमवार को जैसे ही उसका शव पहुंचा, मोहल्ले में कोहराम मच गया। मृतका की मां बबली देवी रो-रोकर बेहाल हो गईं। पिता विजय सोनी, चाचा अवधेश सोनी, दादा गोपाल प्रसाद सोनी का भी बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने परिजन को ढाढ़स बंधाकर उन्हें शांत कराया। इसके बाद शव को दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया। दादा गोपाल प्रसाद ने तान्या के शव को मुखाग्नि दी। इस बीच घर पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। यहां मौजूद हर शख्स की आखें गमगीन हो गईं। परिजन ने बताया कि तान्या की इंटर की पढ़ाई तेलंगाना में हुई थी, जहां उसके पिता विजय सोनी बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं। इंटर के बाद वह दिल्ली चली गई। दिल्ली में उसने महाराजा अग्रसेन कॉलेज से ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की। परिवार वालों के मुताबिक तान्या मेधावी छात्रा थी। उसकी इच्छा आईएएस बनने की थी। यूपीएससी की तैयारी के लिए उसने राव कोचिंग सेंटर में नामांकन कराया था। इससे पहले वह दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक पीजी में रहती थी। वह रोजाना कोचिंग पढ़ने जाती थी। शनिवार को जब कोचिंग गई तो हादसे का शिकार हो गई।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। यूपीएससी की तैयारी कर रहीं तान्या सोनी के परिवार ने राजेंद्र नगर दुर्घटना के लिए सीबीआई जांच की मांग की है। इसमें उन अधिकारियों की भी जांच शामिल है जिन्होंने सुरक्षा मानकों का उलंघन कर अनुमती दी थी। तान्या के चाचा सुनील कुमार ही उसके शव को दिल्ली से उनके पैतृक स्थान बिहार के औरंगाबाद जिला में लेकर आए थे। उन्होंने इस दुखद घटना के पीछे कोचिंग संचालकों को पूरी तरह जिम्मेदार बताया है। तान्या के साथ दो अन्य अभ्यर्थियों की दुखद मौत शनिवार शाम कोचिंग सेंटर के तलघर में पानी भरने से हो गई थी। यह सेंटर दिल्ली के करोल बाग में है। देर शाम जब छात्र लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे थे, तभी पानी भरने से ये हादसा हुआ था।

हर कोई इस बात को जानता है कि 10 मिनट भी तेज बारिश होने पर पूरा इलाका जलमग्न हो जाता है। कोचिंग संचालक भी इस बात को मानते हैं कि यहां जल निकासी की अच्छी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा यहां जितने भी छात्र दाखिला लेते हैं उनमें से सभी के रहने के लिए पर्याप्त और उचित व्यवस्था नहीं है। इसी कारण तीन होनहार बच्चों की जान चली गई। हम इन यूपीएससी कोचिंग संस्थानों की फीस की सरंचना की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। ताकि जिन तीन मेधावी छात्रों ने इस हादसे में अपनी जान गवाई है उन्हें और उनके परिवार वालों को न्याय मिल सके। आज राजधानी में कुकुरमुत्ते की तरह जगह-जगह कोचिंग संस्थान खुले हैं। इनका एकमात्र उद्देश्य छात्रों से पैसे कमाना है। ये लोग नियम-कानून के तहत बच्चों को रहने को सुरक्षित जगह भी नहीं दे पा रहे हैं। चाचा सुनील कुमार ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा इस दुर्घटना के पीछे जो भी अधिकारी जिम्मेदार है उसे भी सजा मिलनी चाहिए।

इस दुर्घटना के बाद से अब तक कोचिंग संस्थान के किसी भी व्यक्ति ने हमसे संपर्क नहीं किया है और ना ही किसी भी तरह की मदद दी है। घरवालों को हादसे के बारे में जानकारी भी न्यूज चैनल के जरिए पता चली थी। हम लोगों ने अपने बल पर ही ऐंबूलेस का बंदोबस्त किया और तब जाकर शव को अपने घर ला सके। तान्या के साथ पढ़ने वाले उनके एक साथी रिषभ ने बताया कि तलघर में लाइब्रेरी चलाने की अनुमती नहीं थी। कोचिंग सेंटर वालों के पास इस खाली जगह को केवल भंडारण के तौर पर इस्तेमाल करने की अनुमती थी। रिषभ ने बताया कि बारिश का पानी लगातार तलघर में घुस रहा था। 6-7 बजे तक लगातार ऐसा होता रहा, लेकिन कोचिंग के प्रबंधन से जुड़े लोगों ने कोई उपाय नहीं किया। रिषभ ने रोते हुए कहा कि 2.5 लाख और 5 लाख रुपये क्या ये लोग हमें मारने के लिए ले रहे हैं।

# बंगाल के राजमिस्त्री की करंट लगने से मौत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद शहर के नावाडीह मुहल्ले में मंगलवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शंकरपुर गांव निवासी असलम शेख के रूप में की गई है। वह राजमिस्त्री था और एक माह से शहर के नावाडीह मुहल्लें के एक घर में काम कर रहा था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार असलम काम करते समय गलती से कार्यस्थल पर पहले से टूटकर गिरे बिजली के तार के संपर्क में आ गए। इससे उसे बिजली के करंट का तेज झटका लगा और मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के वक्त वह ईंटें जोड़ने का काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस के एएसआई उपेंद्र कुमार सिंह सदल बल मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुटी है। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिवार वालों को फोन के माध्यम से दी है। पुलिस के माध्यम से हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार वालों में हाहाकार मच गया। परिजनों में मातम पसरा है। उनका रो रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# क्लीनिक में मरीज की मौत के बाद हंगामा मुआवजा और डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद के निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। मृतक रफीगंज के कियाखाप गांव निवासी दुखन पासवान का 22 वर्षीय बेटा दुर्गा पासवान है। मृतक के परिजन ने बस स्टैंड के पास शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। मुआवजे और चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सभी को समझाया तो जाम हटा। बताया जा रहा कि मरीज की मौत रात तीन बजे हुई थी। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना रफीगंज का है। मृतक चार भाई दो बहन हैं। मौत की खबर सुनते ही मां कलावती देवी, पत्नी मंतरी देवी और भाई का रो-रोकर बुरा हाल है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमित कुमार ने बताया कि डॉक्टर की लापरवाही से मौत हुई है। परिजन थाना में आकर आवेदन दें। आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी। वहीं उन्होंने ने कहा कि रफीगंज में सड़क जाम नहीं होने देंगे। सड़क जाम पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस मामले में कार्रवाई के लिए एसएचओ को निर्देश दिया गया है।

# अग्निशमन ने निकाली जागरूकता रैली

- आपदा से बचाव के लिए चला अभियान, छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर अग्निकांड को रोके

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार राज्य अग्निशमन पदाधिकारी बिहार पटना सह निर्देशक के निर्देशानुसार अग्नि से बचाव और जन-जागरूकता के लिए रैली का आयोजन बिहार के सभी जिलों में किया गया। इसी को देखते हुए औरंगाबाद में भी पुलिस केन्द्र स्थित अग्निशमन कार्यालय से जिला समादेष्टा विनय कुमार के नेतृत्व में एक प्रभात फेरी निकाली गई। ये शहर के कर्मा रोड से रमेश चौक और नगर थाना होते हुए फिर अग्निशमन कार्यालय पहुंची। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया। मौके पर जागरूकता से संबंधित पैंपलेट भी बांटे गए। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी गुरु हासदा ने बताया कि जागरूकता ही अग्नि सुरक्षा का आधार है। विभाग और सरकार के निर्देशानुसार लोगों में जन जागरूकता के लिए आज एक प्रभात फेरी निकाली गई। इसका उद्देश्य अगलगी की घटनाओं में कमी लाना है। वहीं, आग से होने वाले नुकसान को कैसे कम कर सकते हैं, इससे जुड़ी जानकारी लोगों को दी गई।

उन्होंने बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। गर्मी में लगने वाली आग से गांवों में खेत-खलिहान अत्यधिक प्रभावित होते हैं। अगर कहीं आग की घटना होती है तो सभी लोग जुट कर आग बुझाने का प्रयास करें और अग्निशमन विभाग को सूचना दें। सावधानी ही आग की भयावहता से बचाव का कारण बन सकता है।

यह भी बताया गया कि अगर गैस सिलेंडर में अचानक आग लग जाती है, तो धैर्य रखते हुए आग पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही अन्य जानकारियां दी गई। यह भी बताया गया कि अगर अगलगी की घटना हो जाए तो तत्काल क्या करना चाहिए। सतर्कता और सावधानी से ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

# किसान सम्मान, फसल मुआवजा का पैसा देने लिए नया ऐप बना रही सरकार

निज संवाददाता

**पटना**। बिहार कृषि विभाग ने चालू खरीब फसल सीजन में 28 जिलों के 10,000 गांवों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव दिया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि फसल सर्वेक्षण से नीति नियोजकों को खड़ी फसलों, फसलों के क्षेत्र-वार कवरेज और किसी विशेष क्षेत्र में उगाए जाने वाले अनाज या सब्जियों की वैरायटी का डेटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी। एग्रीस्टैक (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) पर दो दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले रबी फसल सीजन में 20 जिलों के 2069 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया गया था। उगाई गई फसलों और उत्पादकता का डेटाबेस किसानों के साथ-साथ नीति निर्माताओं को जलवायु प्रतिरोधी किस्मों की खेती को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा।

विभाग ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण को कुशलतापूर्वक संचालित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण के लिए 28 जिलों के विशेषज्ञों का एक पैनल तैयार किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले महीने निर्धारित है। कार्यशाला में शामिल हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के डिजिटल फसल सर्वेक्षण के सलाहकार महेश बोकाड़े और तकनीकी विशेषज्ञ कृति कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से एग्रीस्टैक (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) की विशेषताओं को समझाया और एग्रीस्टेक ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राज्य के कृषि मंत्री मंगल पांडे ने किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार की योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है, जिस पर किसानों की सारी जानकारी जैसे खेत का विवरण, खेत में उगाई जाने वाली फसल का विवरण, क्षेत्रफल का ब्यौरा दिया जाएगा।

# भारतमाला परियोजना : विशेष शिविर में रैयतों को मिलेगा मुआवजा भुगतान

- एलपीसी बनाने, खाता/खेसरा अपडेट करने और गलत खाता/खेसरा सुधारने की प्रक्रिया।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत वाराणसी-कोलकाता खण्ड के 4/6 लेन पथ निर्माण परियोजना के तहत नवीनगर अंचल के अधिग्रहित मौजों में रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए 1 अगस्त 2024 को नवीनगर अंचल कार्यालय कैम्पस में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार, इस शिविर में एलपीसी बनाने, खाता/खेसरा अपडेट करने, और नोटिस में अंकित गलत खाता/खेसरा का सुधार करने की कार्रवाई की जाएगी। इस शिविर में भारतमाला परियोजना में अधिग्रहित मौजा से संबंधित राजस्व कर्मचारी और अंचल निरीक्षक जमाबंदी पंजी एवं अन्य दस्तावेज के साथ उपस्थित रहेंगे। वे रैयतों को एलपीसी निर्गत करने, लगान रसीद निर्गत करने और मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई करेंगे।

परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, औरंगाबाद, अपने स्तर से परियोजना के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करेंगे। अंचल अधिकारी, नवीनगर को निर्देश दिया गया है कि संबंधित मौजों के हितबद्ध रैयतों को आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होने की सूचना देने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करें। हितबद्ध रैयतों से केवाला/खतियान, लगान रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड की छायाप्रति, एलपीसी एवं अन्य वैध दस्तावेज प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। इस विशेष शिविर का उद्देश्य रैयतों को त्वरित और सुगम मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करना है।

# डीएलएसए ने शुरू की नये पारा विधिक स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए के अध्यक्ष अशोक राज के अनुमोदन के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पारा विधिक स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि 100 पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन किया जाना है। चयन प्रक्रिया पूरी होने से गांव से लेकर पंचायत स्तर पर विधिक सहायता चाहने वाले लोगों को त्वरित गति से न्याय मिलने में काफी सुविधा होगी। कहा कि यदि कोई व्यक्ति मैट्रिक उत्तीर्ण है और वे समाज सेवा में रूचि रखते हैं और वे लोग चाहे सेवानिवृत शिक्षक हों, सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सहायता समूह, मैत्री समूह, जीविका के सदस्य हों, इस पद पर चयन के लिए अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में 08 अगस्त तक समर्पित कर सकते हैं। सचिव ने यह भी बताया कि पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन कोई सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है। इसलिए विधिक सेवा का कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्ति ही अपना आवेदन करें। सचिव ने बताया कि प्राधिकार द्वारा केवल उन्हीं दिनो का संबंधित पारा विधिक स्वयंसेवकों का भुगतान किया जाता है जिस दिन प्राधिकार द्वारा विशेष कार्य दिया गया हो। पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा आम लोगो के बीच विधिक सहायता पहुंचाने, गांव स्तर से लेकर पंचायत, शहर में जागरूकता कार्यक्रम चलाने, विधिक सहायता चाहने वालों को आवेदन लिखने में मदद करने और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर विविध कार्य लिया जाता है जिससे कि समाज में वंचित लोगों को न्याय मिल सके। सचिव ने बताया कि पारा विधिक स्वयंसेवक पद पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 08 अगस्त तक निर्धारित की गयी है और इससे संबंधित दिशा-निर्देश तथा आवेदन की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है, जिसे किसी भी कार्यालय दिवस में देखा जा सकता है और इस संबंध में कोई विशेष जानकारी किसी कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पंजीकृत डाक से अथवा हाथों हाथ सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में जमा कर सकते है। सचिव ने यह भी बताया कि पारा विधिक स्वयंसेवकों से संबंधित साक्षात्कार की तिथि निर्धारित करते हुए इसकी सूचना सूचना पट्ट और समाचार माध्यमों से बाद में दी जायेगी। आवेदन पत्र, दिशा-निर्देश से संबंधित सूचना व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान : 87% लक्ष्य हासिल

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में 18 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के पात्र परिवारों और व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना है, जिससे वे निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकें। जिला स्तर पर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा से पता चलता है कि कुल पारिवारिक वेरीफाइड लक्ष्य 3,26,689 के विरुद्ध 2,82,714 परिवारों का सत्यापन हो चुका है, जो कुल लक्ष्य का 87% है। वहीं, व्यक्तिगत वेरीफाइड लक्ष्य 18,80,330 के मुकाबले 6,61,217 व्यक्तियों का सत्यापन हो चुका है, जो लक्ष्य का केवल 35% है। प्रखंडवार स्थिति की बात करें तो औरंगाबाद प्रखंड में कुल 1,79,230 लाभार्थियों में से 72,538 (40%) को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। बारुण प्रखंड में 1,30,402 में से 47,182 (36%) लाभार्थियों को कार्ड मिले हैं। दाउदनगर में 1,71,397 में से 58,959 (34%), देव में 1,44,202 में से 51,150 (35%), गोह में 1,70,577 में से 55,817 (33%), हसपुरा में 1,39,297 में से 42,434 (30%), कुटुंबा में 1,67,332 में से 57,378 (34%), मदनपुर में 1,58,667 में से 49,486 (31%), नबीनगर में 2,09,352 में से 93,716 (45%), ओबरा में 1,91,747 में से 68,822 (36%) और रफीगंज में 2,18,117 में से 63,735 (29%) लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इस अभियान के अंतर्गत, कुल 1,21,91,113 लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास जारी हैं। सरकार ने जनता से आग्रह किया है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपना आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवाएं। अधिकारियों का कहना है कि इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों और व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके।

# 14 सितम्बर को फिर लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अपने प्रकोष्ठ में सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला जज ने 14 सितम्बर की राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। कहा कि यथाशीघ्र वादों को चिन्हित कर सूची को प्राधिकार को उपलब्ध कराए और उनके पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर उसकी तामिला की अद्यतन अवस्था की जानकारी यथाशीघ्र प्राप्त करें। अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-काउंसिलिंग की प्रक्रिया संबंधित न्यायालयो के साथ सामंजस्य स्थापित कर करें। प्री-काउंसिलिंग प्रक्रिया के दौरान पक्षकारो के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण रखें ताकि उन्हें अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन कराने में खुशी का भाव उत्पन्न हो और उनके माध्यम से आम जनमानस भी अपने-अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रेरित हो सके। यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों तक हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए। जिला जज ने आमजनों से भी अपील किया कि वे ज्यादा-से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण करायें अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न होती हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सोशल मीडिया अथवा किसी भी स्तर से सम्पर्क स्थापित करें।

बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्या, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनन्जय कुमार मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश उत्पाद धनंजय सिंह एवं नीतीश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशित दयाल, अपर जिला सत्र न्यायाधीश आनन्द भूषण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौरभ सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह के साथ साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम उपस्थित थे।

# 11-12 नवंबर को मनेगा दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव

निज संवाददाता

जम्होर (औरंगाबाद)। औरंगाबाद के रढ़ुआ स्थित प्राचीन विष्णुधाम की महत्ता से जनमानस को अवगत कराने और सैलानियों को आकर्षित करने के उदेश्य से पिछले कई वर्षो से जन सहयोग से मनाया जा रहा दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव इस बार 11-12 नवंबर को मनाया जाएगा। इस आशय का निर्णय जम्होर में आयोजन समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आयोजन समिति की अगली बैठक 12 अगस्त को जम्होर के चंद्रिका स्मृति भवन में होगी। बैठक के आरंभ में आयोजन समिति के वरीय उपाध्यक्ष व जम्होर पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र गुप्ता ने सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही बैठक के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक व वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने महोत्सव के आयोजन से होने वाले लाभ पर चर्चा करते हुए कहा कि 2021 से प्रत्येक वर्ष 25 एवं 26 फरवरी को इस महोत्सव को जन सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।अपरिहार्य कारणों से इस वर्ष तय तारीख पर महोत्सव आयोजित नहीं किया जा सका। इसके बाद अक्षय तृतीया में भीषण गर्मी एवं हिट वेव को देखते हुए इसे नवंबर में आयोजित करने पर विचार किया गया। अब संशय की स्थिति मिट गई है और 11-12 नवम्बर को आयोजित होने वाले इस महोत्सव को हम सबको ऐतिहासिक सफलता की ओर ले जाना है। बैठक में जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह ने कहा कि केंद्र एवं विष्णुधाम महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त प्रयास से हम महोत्सव को ऐतिहासिक बनाएंगे। सत्यचंडीधाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। बैठक में सुरेश विद्यार्थी ने कहा पुनपुन और बटाने नदी के संगम पर स्थित विष्णुधाम की महिमा अपरंपार है। धार्मिक दृष्टिकोण एवं पुराणों के अनुसार यह स्थल मोक्षदायिनी है।

बैठक में समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने कहा हम सभी 2021 से इस महोत्सव को आयोजित करते आ रहें हैं। ढ़ेर सारी परेशानियां आती हैं लेकिन प्रभु श्रीनारायण की कृपा से दूर हो जाती हैं। इस बार के महोत्सव को भी हम सभी मिलकर ऐतिहासिक बनाएंगे। कहा कि औरंगाबाद जिले के मानचित्र पर विष्णुधाम सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पौराणिक धर्म स्थल है। इसके बावजूद यह विकास के मामले में यह स्थल उपेक्षित है। पितृपक्ष मेला और कार्तिक पूर्णमासी मेला दो ऐसे मेले हैं, जिनका पौराणिक और धार्मिक दृष्टिकोण से अलग-अलग महत्व है। बिहार सरकार के राजस्व विभाग के तहत कार्तिक पूर्णमासी मेला आता है, जो सरकारी है और राजस्व सरकार के खाते में जाता है। फिर भी कला संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग के द्वारा इस स्थल की उपेक्षा की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट एवं पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण भी इस स्थल पर आ चुके हैं। इस धाम को जाने वाली सड़क टूटी फूटी अवस्था में है। इन बिंदुओं पर सरकार और राजनेताओं का ध्यान आकर्षित कराना भी इस महोत्सव का उद्देश्य होगा।

# अंगदान-नेत्रदान के लिए निकाली जागरूकता रैली

निज संवाददाता

**पटना**। अंगदान और नेत्रदान को प्रोत्साहित करने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पीएमसीएच के नेत्ररोग विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। मंगलवार को नेत्र रोग विभाग से पीएमसीएच परिसर और मखनियां कुआं गेट तक निकली रैली में पोस्टर, बैनर के माध्यम से लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया गया। रैली में प्राचार्य डॉ. बीपी चौधरी, नेत्ररोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. नागेश्वर शर्मा, नेत्र बैंक डॉ. प्रियंका समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक और मेडिकल छात्र शामिल थे।

# पटना मेट्रो कॉरिडोर-2 की सुरंगों की खुदाई 45 प्रतिशत पूरी, सात स्टेशन रहेंगे अंडरग्राउंड

निज संवाददाता

**पटना**। पटना मेट्रो के कोरिडोर-दो (पटना स्टेशन-न्यू आइएसबीटी) पर एलिवेटेड के साथ अंडरग्राउंड रूट पर भी काम तेजी से जारी है। पटना मेट्रो की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस कोरिडोर में अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए सुरंगों की खोदाई का 45 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय से गांधी मैदान के बीच दो टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के जरिए मेट्रो सुरंग की खोदाई की जा रही है। इसके अलावा गांधी मैदान से आकाशवाणी स्टेशन तक भी दो टीबीएम से भूमिगत सुरंग की खोदाई हो रही है। कॉरिडोर-दो में कुल 12 मेट्रो स्टेशन हैं। इसमें न्यू आइएसबीटी से मलाही पकड़ी तक पांच स्टेशन एलिवेटेड हैं, जो प्रायोरिटी कोरिडोर का हिस्सा हैं। इसके आगे पटना जंक्शन तक सभी सात मेट्रो स्टेशन अंडरग्राउंड है। मलाही पकड़ी के बाद राजेंद्रनगर से मेट्रो रेल भूमिगत हो जाएगी। इसके लिए मोइनुलहक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय तक डेढ़ किमी लंबी मेट्रो की दोहरी सुरंग की खोदाई का काम मई में ही पूरा हो चुका है। इसके बाद विश्वविद्यालय के आगे वाया पीएमसीएच, गांधी मैदान तक खोदाई चल रही है। गांधी मैदान से आकाशवाणी के बीच सुरंग की खोदाई का काम अगले तीन से चार माह में पूरा होने की उम्मीद है।

## एक नजर

### पुलिस ने मारपीट के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने मारपीट के मामले मे फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि 82/24 के नामजद एवं अरंडा गांव निवासी अरुण शर्मा अपने घर पर है। इसके बाद गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की गई। इस दौरान घर से उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहां से कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### भारतीय रेल की जुगाड़ टेक्नॉलॉजी, मालगाड़ियों के तीन रैक को जोड़ बनाया 'त्रिशूल'

**औरंगाबाद (का.सं.)**। औरंगाबाद। भारतीय रेल ने परिचालन दक्षता वृद्धि, समय की बचत और परिवहन लागत में कमी को लेकर जुगाड़ टेक्नॉलॉजी का सहारा लिया है। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल(डीडीयू मंडल) ने भारतीय रेल के इतिहास में संभवतः पहली बार एक साथ तीन मालगाड़ियों का संयोजन किया है। इस संयोजन को 'त्रिशूल' के नाम से परिचालित किया है। डीडीयू रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी(पीआरओ) दीपक कुमार ने बताया कि तीनों मालगाड़ियों को डीडीयू यार्ड में परीक्षण के बाद गंजख्वाजा में जोड़कर बनाया 'त्रिशूल' बनाया गया, जिसकी लंबाई 2 किलोमीटर से अधिक है। उन्होंने बताया कि संयोजन के बाद वीएजी-12 से परिचालित 'त्रिशूल' को गंजख्वाजा से सोमवार की रात करीब 20:00 बजे धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया। त्रिशूल करीब चार घंटे में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति के साथ बीडी सेक्शन होते हुए लगभग 200 किलोमीटर की यात्रा के बाद गढ़वा रोड में पहुंचा। इसके बाद 'त्रिशूल' को आगे धनबाद मंडल को सौंप दिया गया। पीआरओ ने बताया कि रेल परिचालन की दृष्टि से डीडीयू मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम रेल मंडलों में एक है। साथ ही रेल परिचालन को निरंतर गतिमान रखने के साथ ही धनबाद मंडल से कोयला आदि के त्वरित परिवहन हेतु परीक्षण कर लदान हेतु तैयार खाली मालगाड़ियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराने में डीडीयू मंडल की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी वजह से एक साथ तीन मालगाड़ियों को जोड़कर बने 'त्रिशूल' का सफल परिचालन डीडीयू मंडल की परिचालनिक दक्षता का द्योतक है। इससे माल लदान एवं परिवहन में तेजी लाने में मदद मिलेगी। पीआरओ ने बताया कि खाली मालगाड़ियों को लदान के लिए अलग-अलग रवाना करने की परिपाटी रही है। इसके तहत एक ही लदान गंतव्य के लिए मालगुड़ियों को अलग-अलग रवाना किया जाता रहा है लेकिन इस नए तरीके से अब एक लदान गंतव्य के लिए एक साथ तीन खाली मालगाडियों को आपस में जोड़कर त्रिशूल बनाकर रवाना किए जाने से लदान स्थल पर एक साथ तीन खाली मालगाड़ियों के रैक उपलब्ध होंगे। इससे लदान में भी तेजी आएगी। साथ ही एक या दो इंजन से त्रिशूल को चलाए जाने से एक इंजन पर आने वाले बिजली के खर्च की भी बचत होगी। इसके अलावा अलग-अलग तीन मालगाड़ियों के जगह एक ही मालगाड़ी को सिग्नलिंग व्यवस्था में भी सहुलियत होगी तथा समय की भी बचत होगी।

## खोया-पाया

मैं रूबी कुमारी सिन्हा, पिता-राजेन्द्र कुमार सिन्हा, वार्ड सं-8 श्रीकृष्णनगर, पो.+थाना- औरंगाबाद नगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) का स्थायी निवासी हूं। मैं वर्ष 1989 में माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश से इंटरमीडियट की परीक्षा उत्तीर्ण की हूं जिसमें मेरा अनुक्रमांक 503937 है। मेरा इंटरमीडियट का मूल प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। इस संबंध में नगर थाना, औरंगाबाद में एस.डी.ई. नंबर-1062 दिनांक 25.07.2024 को दर्ज कराया गया है।

**रूबी कुमारी सिन्हा**
पति-अभय कुमार सिन्हा
वार्ड सं-08 श्रीकृष्णनगर
पो.+थाना- औरंगाबाद नगर
जिला-औरंगाबाद
(बिहार) 824101